**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 110, पेज 16, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगायी छलांग

एशियाई व यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी व विदेशी निवेशकों की खरीदारी से सेंसेक्स 560 .29 अंक यानी 0 .77 प्रतिशत चढ़कर 73,648 .62 अंक पर बंद हुआ। } 15

## मोदी सरकार ने खत्म किया आतंकवाद : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश से आतंकवाद को खत्म कर दिया है जबकि नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। } 16

**संक्षेप**

### नेट व सीयूईटी-स्नातक के लिए खत्म होगा अंकों का सामान्यीकरण

नयी दिल्ली। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि किसी विषय की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। सामान्यीकरण एक छात्र के अंक को इस तरह से संशोधित करने की एक प्रक्रिया है कि वह दूसरे के अंक के साथ तुलनीय हो जाए।

### अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। केजरीवाल कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा, क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा।

### भाजपा प्रत्याशी सूरत से निर्विरोध निर्वाचित

सूरत। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द होने और अन्य उम्मीदवारों के नाम वापस लिए जाने के बाद सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मुकेश दलाल को इस सीट से निर्वाचित घोषित कर दिया गया। दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं जहां पर सात मई को मतदान होना था। सूरत जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार दलाल को छोड़कर सूरत लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सभी आठ उम्मीदवारों ने अंतिम दिन अपना नाम वापस ले लिया जिनमें चार निर्दलीय, तीन छोटे दलों के नेता और बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती शामिल हैं।

## बंगाल के सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों की भर्ती परीक्षा रद्द

**एजेंसी**

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का सोमवार को आदेश देते हुए इसे अमान्य एवं अवैध करार दिया। इन विद्यालयों में 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी 2016 की एसएलएसटी परीक्षा में शामिल हुए थे।

न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को (रद्द की गई) नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा की तारीख से एक पखवाड़े के अंदर नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया। नियुक्तियों को रद्द करने के संबंध में पीठ का आदेश आने के बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, सभी नियुक्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है। हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। वहीं, भारतीय जनता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वेंकैया नायडू, मिथुन चक्रवर्ती, उषा उत्थुप व राम नाइक पद्म पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और गायिका उषा उत्थुप, को पद्म भूषण से किया सम्मानित

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये।

नायडू, पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री- में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं जिनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी थी, जिसमें दो युगल मामले (युगल मामले में पुरस्कार की गिनती एक के रूप में होती है) शामिल हैं। इस सूची में पांच पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण और 110 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 30 महिलाएं हैं। इस सूची ...शेष पृष्ठ 14 पर

# देश पर माओवादी सोच थोपना चाहती है कांग्रेस

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

### गठबंधन की नजर अब जनता की कमाई व संपत्ति पर : मोदी

**जिला संवाददाता**

अलीगढ़ (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर जनता की कमाई पर कब्जा करना चाहती है और उसके शासन में माताओं और बहनों का मंगलसूत्र तक सलामत नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ताला नगरी अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस से पार्टी उम्मीदवार अनूप वाल्मीकि के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप




सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओंबहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### विपक्ष की किस्मत पर लगायें ताला, मोदी को सौंपें सत्ता : योगी

**जिला संवाददाता**

अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस पर हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि अब अवसर आ गया है कि जनता चुनाव में इन दलों की किस्मत पर ताला लगाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपे।

मुख्यमंत्री ने ताला नगरी अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा के अवसर पर अपने भाषण में कहा, जिन सपा, बसपा और कांग्रेस के लोगों ने आपको विकास से वंचित रखा, आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया, आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया, अब अवसर आ गया है कि चुनाव के माध्यम से आप उनकी किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगाकर तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को देश की सत्ता सौंपें। उन्होंने कहा हमने विकास, विरासत और गरीब कल्याण की जिन योजनाओं को पिछले 10 वर्षों के अंदर इस देश में मूर्त रूप लेते हुए देखा है, वह अभूतपूर्व है। यह देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मथुरा शाही ईदगाह विवाद में लागू नहीं होंगे वक्फ कानून

प्रयागराज। मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सोमवार को हिंदू पक्ष ने दलील दी कि वक्फ कानून के प्रावधान यहां लागू नहीं होंगे क्योंकि विवादित स्थल वक्फ की संपत्ति नहीं है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन द्वारा की जा रही है। उच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 30 अप्रैल तय की।

हिंदू पक्ष की ओर से यह भी कहा गया कि यह वाद पोषणीय है और वाद की गैर पोषणीयता के संबंध में आवेदन पर साक्ष्यों को देखने के बाद ही फैसला किया जा सकता है। हिंदू पक्ष ने यह दलील भी दी कि वह संपत्ति (शाही ईदगाह मस्जिद) एक मंदिर था जिसे बलपूर्वक कब्जे में लेने के बाद वहां नमाज अदा करना शुरू किया गया, लेकिन इस तरह से भूमि का चरित्र नहीं बदला जा सकता। उसने कहा कि चूंकि वह संपत्ति वक्फ की संपत्ति नहीं है, इसलिए इस अदालत को इस मामले में सुनवाई करने का अधिकार है। इससे पूर्व, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा था ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीडीए से बुरी तरह घबराई है भाजपा : अखिलेश यादव

**वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा बहुत कमजोर स्थिति में है। इसके मुकाबले समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत स्थिति में है। भाजपा पीडीए से घबराई हुई है। भाजपा ने पीडीए-पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यको सहित महिलाओं आदिवासियों को भी धोखा दिया है। किसान त्रस्त है, नौजवान पस्त है। जनता ने इस बार भाजपा को राम-राम करके विदाई देने का मन बना लिया है। अखिलेश यादव ने यहां मीडिया साक्षात्कार में कहा कि पीडीए में सबका सम्मान और अधिकार सुरक्षित है



जबकि भाजपा के सबके साथ के नारे से समाज की गैरबराबरी समाप्त नहीं होने वाली है। भाजपा में सबकी समानुपातिक भागीदारी कहां है? नौकरी में आरक्षण देने और जातीय जनगणना से भाजपा को परहेज है। जातीय जनगणना से सामाजिक न्याय का रास्ता खुलता है। उन्होंने कहा कि महंगाई कम नहीं हो रही है। इलेक्टोरल बांड वसूली ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सूरत का घटनाक्रम लोकतंत्र की हत्या



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के निर्विरोध विजेता घोषित किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि तानाशाह की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राजनाथ सिंह ने किया सियाचिन का दौरा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का सोमवार को दौरा किया और क्षेत्र में भारत की समग्र सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। सिंह ने सियाचिन का दौरा ऐसे समय में किया जब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में भारतीय सेना की मौजूदगी को एक सप्ताह पहले 40 वर्ष हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ क्षेत्र में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सिंह ने सियाचिन में तैनात सैनिकों से भी बातचीत की। काराकोरम पर्वतीय शृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को शीतदंश और तेज



हवाओं से जूझना पड़ता है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन मेघदूत के तहत अप्रैल, 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया था। भारतीय सेना ने पिछले कुछ वर्षों में सियाचिन में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। पिछले साल जनवरी में सेना के कोर ऑफ इंजीनियर्स की कैप्टन शिवा चौहान को सियाचिन में एक अग्रिम चौकी पर तैनात किया गया। इस प्रमुख युद्धक्षेत्र में किसी महिला सैन्य अधिकारी की यह पहली अभियानगत तैनाती है। सेना के एक अधिकारी ने पिछले सप्ताह कहा था, सियाचिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

**2024 आज का मुकाबला**

चेन्नई V/S लखनऊ



**आज का मौसम**

अधिकतम : 39.09 डिसे.

न्यूनतम : 22.08 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- कई दलों के नेताओं ने भाजपा का थामा दामन (पृष्ठ-02)
- मेरठ में आज बढ़ेगी सियासी हलचल (पृष्ठ-02)
- निवेशकों को 4.97 लाख करोड़ का लाभ (पृष्ठ-15)
- एमडीबी सुधारों की गति जारी रखने को इच्छुक (पृष्ठ-15)


**विशेष खबर** ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 2 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, अंतिम तिथि 25 अप्रैल

# चौथा चरण : 13 लोकसभा सीटों के लिए 45 ने किया नामांकन

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों तथा ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए अब तक 45 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 22 अप्रैल को 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 22 अप्रैल को 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 अप्रैल को चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए जिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गयाए उसमें शाहजहॉपुर (अ.जा.) लोकसभा सीट के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें समाजवादी पार्टी से राजेश, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से सुरेश कुमार, राष्ट्रीय सनातन पार्टी से




किरण द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। खीरी लोकसभा सीट के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें समाजवादी पार्टी से उत्कर्ष वर्मा, बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 1 प्रत्याशी ने लोकजन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

### तीसरे चरण के लिए मैदान में ताल ठोक रहे 100 प्रत्याशी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की 10 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 12 अप्रैल को नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की गई थी। तृतीय चरण में 22 अप्रैल सोमवार को प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी की अंतिम तिथि को कुल 4 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए। इसमें लोकसभा क्षेत्र संभल में 1, फतेहपुर सीकरी में 1, बदायूं में 1 तथा बरेली में 1 प्रत्याशी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली। संभल लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 13 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इस माह मैदानी इलाकों में जमकर बरसेगी आग

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली से बिल्कुल सटे यूपी के बुलंदशहर में तापमान 44 डिग्री को छू गया है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में आग बरस रही है। वहीं हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुछ इलाकों में पारा माइनस 15 डिग्री पर बना हुआ है। बीते दो दिन के भीतर इन इलाकों के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी, तो कहीं बहुत तेजी से पारा नीचे खिसका है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, पहाड़ों पर तापमान अगले कुछ दिनों तक इसी तरह न सिर्फ माइनस में रहेगा, बल्कि सोमवार और मंगलवार को लगातार बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों में लगातार आग बरसती रहेगी। पहाड़ों और मैदानी इलाकों के बीच में तापमान का यह अंतर ईरान में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से बना हुआ है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इस महीने के अंत तक मौसम के ऐसे ही बने रहने का अनुमान लगाया गया है। वहीं 26 अप्रैल से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता शुरू होने वाली है, जिसका असर आंधी बारिश और तूफान के तौर पर दिखेगा। मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ी इलाकों के तापमान में जबरदस्त अंतर बरकरार है। विभाग के आंकड़ों में हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K




# दूसरे चरण में आमने-सामने होंगे एनडीए व इंडिया

## राजनीतिक दलों ने जातिगत समीकरणों को साधकर खड़े किये दिग्गज, कहीं जाट तो कहीं मुस्लिम मतदाता होंगे निर्णायक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में पहले चरण के समाप्ति के बाद अब दूसरे चरण की आठ सीटों पर मतदान होना है। उन आठ सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा जैसे हॉट सीट शामिल हैं। इस बीच राजनैतिक पार्टियों ने भी इन सीटों के लिए घमासान तेज कर दिया है। यहां खास बात ये है कि पिछली बार हुए चुनाव के इस चरण में अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें भाजपा ने जीती थी। अब इस बार फिर इन सीटों पर एनडीए और इंडिया के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिल रहा है। दोनों ओर से कई दिग्गज मैदान में मोर्चा संभालने के लिए आमने सामने खड़े हैं।

यूपी की अमरोहा सीट से भाजपा के कंवर सिंह तंवर, कांग्रेस-सपा गठबंधन से दानिश अली और बसपा के मुजाहिद हुसैन के बीच टक्कर है। ये सीट मुस्लिम बहुल सीट है ऐसे में एक तरफ बसपा और दूसरी तरफ सपा और गठबंधन, दोनों की ओर से मुस्लिम प्रत्याशी होने की वजह से वोट कटना तय माना जा रहा है। सियासी जानकारों का ये भी कहना है कि यहां रालोद के आने से बीजेपी और मजबूत हुई है। मेरठ सीट से भाजपा ने पुराने प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण वाले राम यानी अरुण गोविल पर अपना दांव लगाया है। ऐसा बोला जाता है कि लोगों में आज भी उनके प्रति वैसी ही भावना देखने को मिलती है, जैसी पहले थी। वहीं, बसपा ने देवव्रत त्यागी और सपा ने सुनीता वर्मा को टिकट दिया है। मेरठ सीट पर पहले भी भाजपा का ही कब्जा था। अब आगे क्या होगा वो तो वक़्त ही बताएगा। बात करें अगर गाजियाबाद लोकसभा सीट की तो यहां से भाजपा ने दो बार सांसद रहे वीके सिंह का टिकट काटकर अतुल गर्ग पर दांव लगाया है। जबकि गठबंधन में ये सीट कांग्रेस के पाले में हैं। कांग्रेस ने यहां से डॉली शर्मा को टिकट दिया है तो वहीं बसपा से नंद किशोर पुंडीर मैदान में है। ऐसे ही गौतमबुद्धनगर सीट से भाजपा ने लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. महेश शर्मा को फिर से टिकट दिया है। बसपा की ओर से राजेंद्र सोलंकी मैदान में हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने इस सीट से महेन्द्र नागर को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं ऐसे में इस सीट पर लड़ाई दिलचस्प है। बुलंदशहर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भी पिछली दो बार से लगातार भाजपा का कब्जा रहा है। भाजपा ने यहां से भोला सिंह को फिर से मैदान में उतारा है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से शिवराम वाल्मीकि और बसपा ने नगीना से सांसद रहे गिरीश चंद्र पर दांव लगाया है। 2009 को छोड़कर 1991 से यहां लगातार भाजपा की जीत होती रही है। अलीगढ़ लोकसभा सीट पर भी भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने यहां वर्तमान सांसद सतीश गौतम को ही टिकट दिया है। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी गुफरान नूर का टिकट काटकर भाजपा से ही आए हितेंद्र कुमार को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी से जाट बिरादरी के बिजेंद्र सिंह मैदान में है। इस सीट पर भी मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं लेकिन तीनों दलों में किसी ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है। अंत में बात करते हैं सबसे वीवीआईपी और हॉट सीट मथुरा की। इस लोकसभा सीट से लगातार दो बार फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद रही है। इस बार भी वो भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने यहां से मुकेश धनगर को टिकट दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने यहां जाट बिरादरी से आने वाले आईआरएस रहे सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सीएम योगी ने मथुरा सीट से ही अपने चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए कह दिया था कि अब काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी है।









## मेरठ में आज बढ़ेगी सियासी गर्मी

**लखनऊ।** मेरठ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर अब भाजपा, बसपा, सपा ने सारी ताकत झोंक दी है। 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती मेरठ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री मेरठ में रोड शो करेंगे। मायावती हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी 23 को सिवालखास में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र शर्मा, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री का शहर में रोड शो होगा। देर शाम मुख्यमंत्री के रूट का निरीक्षण मुख्यमंत्री कार्यालय से आए प्रभारी संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता विवेक रस्तोगी ने किया। उधर, बसपा के मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी के अनुसार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 23 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं, सपा नेताओं के अनुसार अखिलेश यादव 23 अप्रैल को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। 23 अप्रैल को मेरठ में वीआईपी दौरों को लेकर पुलिस, प्रशासन सतर्क है। अधिकारियों का कहना है कि 23 अप्रैल को तीनों अति विशिष्ट सुरक्षा श्रेणी के वीआईपी हैं। ऐसे में तीनों की सुरक्षा और शहर से लेकर जिले की व्यवस्था को लेकर सतर्क होना आवश्यक है। कई इलाकों में रूट डायवर्ट रहेंगे और वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। साथ ही भीड़ जमा होने को लेकर भी प्रशासन सतर्क है। वीआईपी के साथ ही आम जनता की भी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कॉलेज में आएंगे। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी मंच साझा करेंगे। एसपी व एएसपी ने हैलीपैड व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर वहां तैयारियों का जायजा लिया।

- **मुख्यमंत्री योगी, अखिलेश और मायावती करेंगे रोड शो और जनसभा**

## ...सियासी करवट

### गोबर से हलवा बनाती राजनीति

छात्र जीवन में बिल्कुल लाल बुझक्कड़ी अंदाज वाली एक रचना पढ़ी थी कि 'काह न अबला कर सकै, का नहिं सिंधु समाय। काह न पावक में जरै कहा काल नहिं खाय।' कुछ इसी तरह के सवाल राजनीतिक दलों के स्तर पर किए जा रहे हैं। आत्मप्रशंसा के स्तर पर हर दल खुद को दूध का धुला करार दे रहा है। स्वयं को सत्यवादी हरिश्चंद्र और दूसरे दलों को परले सिरेका बेईमान, लफ्फाज और दगेबाज बता रहा है। राजनीतिक दलों की यह विरुदावली कभी हंसने को विवश करती है तो कभी पुक्का फाड़कर रोने का मन करता है। दिमाग में हर क्षण बस एक ही बात कौंधती है कि जिस देश ने उद्घोष किया था कि धरती का हर मनुष्य शब्दों से नहीं, अपने चरित्र से लोगों को शिक्षा दे। उस भारत भूमि के नेतृत्वकर्ताओं को आखिर हो क्या गया है? अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से आमजन के हित की बड़ी रेखा खींचने की बजाय वे कर क्या रहे हैं? नीति कहती है कि प्रशंसा से व्यक्ति महनीय हो जाता है और आलोचना से दयनीय। संप्रति राजनीति में प्रशंसा और आलोचना जैसे शब्दों ने सही मायने में अपनी प्रासंगिकता खो दी है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री गोबर से भी हलवा बना सकते हैं। हालांकि यह बातें उन्होंने प्रधानमंत्री को मिथ्याभाषी ठहराते हुए कही है लेकिन अपने देश में निरर्थक वस्तुओं के भी सार्थक उपयोग की परंपरा रही है। इस युगसत्य को नकारा कैसे जा सकता है। वैसे इसी देश में एकाध नेता ऐसा भी हुए हैं जो आलू को सोना बनाने का दावा करते रहते हैं। उनके पिता जी तो स्कूटर पर भैंस लाद ले आए थे। हर चीज में पनौती देखने वाले राजनीतिक समुदाय को कौन बताए कि कुछ आदमी अपने काम, अपनी सोच से आपत्तिकाल में भी विकास के अवसर तलाश लेते हैं। ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करने के बजाय उनकी काबिलियत पर फिकरे कसना कहां तक न्यायसंगत है। जब हम यह कहते हैं कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटें इसलिए चाहती है कि वह संविधान बदलना चाहती है तो हमें यह भी तो सोचना चाहिए कि ऐसा होने पर वह देश के व्यापक हित में कुछ बड़े और कड़े निर्णय भी ले सकती है। महिलाओं के सोने बेचने के आंकड़े पता नहीं कहां से कुछ राजनीतिक दलों को मिल जाते हैं लेकिन कुछ महिलाओं ने सोने खरीदे भी होंगे, वे आंकड़े तो चुनावी राजनीतिक टिप्पणियों की किताब से गायब है। क्यों? इस सवाल का जवाब राजनीतिक कस्बे से तो आने से रहा। चुनाव मुद्दों पर लड़े जाते हैं। विपक्ष से जनता की इतनी अपेक्षा तो होती ही है कि विपक्ष उसकी आवाज बने। वह चुनाव के दौरान तो सत्तारूढ़ दल को ठीक से घेरे लेकिन विपक्ष तो घूम-फिरकर अपनी ही व्यथा-कथा सुनाने में व्यस्त है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना अच्छी बात है लेकिन उसे चलाएगा कौन? वे जिनका पूरा हृदय नफरत से भरा है। जो देश को जाति और धर्म के खांचे में बांटना चाहते हैं जो कुछ जाति विशेष को ही पूरा देश मानते हैं। देश का विकास वही कर सकता है जो समग्रता में सबके हित की सोचे।


सियाराम पांडेय 'शांत'

## नेताजी कहिन

### अखिलेश और इंडी दोनों एक ही सिक्केके दो पहलू : भूपेंद्र

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से टिकट बांटने में परिवार को प्राथमिकता देने पर करारा हमला करते हुए कहा कि उनका समाजवाद से कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश यादव सिर्फ परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति कर रहे हैं। यह उनपर इस कदर हावी है कि अपने कार्यकर्ताओं को भूल गये हैं। इसकी झलक अखिलेश द्वारा भतीजे को कन्नौज में तेज प्रताप यादव, मैनपुरी में पत्नी डिंपल यादव, आजमगढ़ में भाई धमेंद्र यादव और चाचा शिवपाल को पहले बदायूं से टिकट दिया बाद में उनके बेटे आदित्य यादव टिकट देने में साफ देखी जा सकती है। इसकी वजह से कार्यकर्ताओं में काफी निराशा और हताशा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। उनकी यह सोच मोदी सरकार की कल्याणकारियों योजनाओं में साफ देखी जा सकती है। यही वजह है कि देश की जनता इस बार 400 पार को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव व उनके इंडी पार्टनर्स वोट बैंक की राजनीति के लिए तुष्टीकरण पर आमादा है। इनका इतिहास ही एक वर्ग विशेष को खुश करने का है। इनका मेनिफेस्टो भी इसी से प्रेरित है। देश और प्रदेश की जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली है। वह मोदी के नेतृत्व में सबका साथ और सबका विकास की नीति को पसंद करती है। वह इनके तुष्टीकरण के जाल में फंसने वाली नहीं है।



**अखिलेश और इंडी दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू :** भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब अखिलेश यादव अपनी पार्टी ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो वह प्रदेश की जनता की भलाई के लिए क्या कदम उठायेंगे। अखिलेश यादव परिवार में इस कदर डूब गये हैं कि अपने कार्यकर्ताओं का टिकट काटकर अपने परिवार को बांट रहे हैं। इतना ही नहीं वह रैली भी उनके लिए ही कर रहे हैं। अखिलेश और इंडी दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं।

## विभिन्न दलों के नेताओं ने भाजपा का थामा दामन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी (वाराणसी), सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह (मथुरा), बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरिता सिंह (अयोध्या), स्टेट बैंक अधिकारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह (अयोध्या), बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के वरिष्ठ नेता रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी (लखीमपुर), बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय (अयोध्या), नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी (गोण्डा), नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी (बहराइच), ब्लॉक प्रमुख प्रेम चंदेल (उन्नाव), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष बेलदार (संतकबीरनगर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तथा सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुंवर चन्द्र वकील (आगरा), सर्व विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल राठौर कई अन्य दलों के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली।




## ...जब अटल जी हार गए एक अभिनेता के प्रचार से

विशेष संवाददाता (vol)

**अतीत के झरोखे से**

**लखनऊ।** देश में जारी गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव 2024 से भी सियासी पारा हाई है। ऐसे में राजनीतिक दल अपने-अपने प्रचार में किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे है। एक्ट्रेस कंगना रनौत, हेमा मालिनी सहित कई फिल्मी स्टार चुनावी मैदान में हैं तो कई सितारे प्रत्याशियों के समर्थन में रैली और रोड शो भी करते नजर आ रहे हैं, लेकिन एक वाकया ऐसा भी था जहां एक फिल्मी सितारे ने हारी हुई बाजी को जीत में बदल दी थी। जब अटल बिहारी वाजपेयी की जीती हुई बाजी को एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता ने हार में तब्दील कर दिया था।

चुनाव के बीच बदले मिजाज की यह घटना 1962 लोकसभा चुनाव की है, जहां टक्कर जनसंघ प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस नेता सुभद्रा जोशी के बीच थी। कहा जाता है कि 1962 का यह वही चुनाव था, जब प्रचार में फिल्मी सितारों की एंट्री हुई थी और उसके पीछे के रणनीतिकार थे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, जिन्होंने खुद कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार ना करके एक फिल्मी सितारे को चुना। दरअसल, यूपी की बलरामपुर लोकसभा सीट से 1957 में जीत कर संसद पहुंच अटल बिहार वाजपेयी की टक्कर 1962 में इसी सीट पर कांग्रेस नेता सुभद्रा जोशी से थी। दो बार की सांसद सुभद्रा जोशी का नाम सुनकर खुद अटल बिहारी भी चौंक गए थे। बताया जाता है कि उस वक्त सुभद्रा चाहती थी कि नेहरू जी उनकी सीट पर आकर उनके लिए प्रचार करें, लेकिन नेहरू अटल बिहारी के खिलाफ प्रचार नहीं करना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने उस वक्त के सबसे लोकप्रिय चेहरों की तलाश करते हुए फिल्म अभिनेता बलराज साहनी को कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के लिए चुना। हालांकि अटल जी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थे। और इसके पीछे की वजह यह थी कि अटल जी का मानना था कि बलरामपुर की जनता सुभद्रा जोशी को इतना नहीं जानती थी और अटल जी एक बार जीते हुए कैंडिडेट थे। ऐसे में वो अपने चुनाव प्रचार में जुट गए। इधर, बलराज साहनी अपनी फिल्म 'दो बीघा जमीन' से पूरे देश के चहेते बन चुके थे। उन्होंने उस फिल्म में 'शंभू' का किरदार निभाया, जिसने गरीबी से लड़ाई लड़ी। वहीं पंडित नेहरू ने भी अंदाजा लगाया कि लोग नेता से ज्यादा लोग अभिनेता को पसंद करते हैं। ऐसे में उन्होंने बलराज साहनी से बात की और उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी के लिए बलरामपुर में प्रचार करने के लिए कहा। वहीं जब लोगों को पता लगा कि बलरामपुर में सुभद्रा जोशी के समर्थन में बलराम साहनी आ रहे हैं तो लोगों की रैलियों में भीड़ जुटने लगी। बताया जाता है कि बलराज साहनी बलरामपुर में शायर बेकल शाही के घर पर ठहरे थे। और वही से सुभद्रा जोशी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने प्रचार की स्क्रिप्ट तैयार की। चुनाव प्रचार के दौरान आलम यह था कि लोग बलराज साहनी की एक झलक देखने के लिए घरों की छतों और खिड़कियों पर खड़े दिखाई दिए। बलरामपुर की गलियों और चौबारे भीड़ उमड़ी से पट गए। बलराज साहनी ने उस दिन शाम तक जनसभा की और कांग्रेस के लिए वोट मांगे। चुनाव के दौरान हुआ यूं कि एक्टर ने पूरा जनता का मिजाज बदल दिया और सुभद्रा जोशी के पक्ष में ऐसा माहौल बना कि अटल बिहारी वाजपेयी अपनी जीती हुई सीट हार गए। सुभद्रा जोशी ने अटल जी को सिर्फ 2052 वोट से हराया और उनकी जीती सीट कांग्रेस के खाते में चली गई। हालांकि बाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जिद के बाद, अटल बिहारी को राज्यसभा से संसद भेजा गया।





## पहले चरण में कम मतदान से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व परेशान

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए 19 तारीख को हुए पहले चरण के मतदान में 2019 के अपेक्षा 5 से लेकर 9 फीसदी तक वोटिंग कम हुई है इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व परेशान है और उसकी कोशिश है कि वह अगले चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाए। भारतीय जनता पार्टी ने इसके लिए कोर कमेटी की बैठक भी की है जिसमें मतदान प्रतिशत को जोर-शोर से बढ़ाने के लिए भाजपा ने रणनीति बनाई है।

- **कोर कमेटी की हुई बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर**

इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों के साथ-साथ कार्यकर्ताओ को बूथ पर अधिक से अधिक सक्रिय करने की रणनीति बनी है तो वहीं गर्मी के साथ-साथ गेहूं की कटाई के कारण व्यस्त चल रहे किसानों और ग्रामीण अंचल के लोगों को बूथ तक हर हाल में पहुंचाने की भी रणनीति बनी है। पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर हुए मतदान को लेकर भारतीय जनता पार्टी में कोर कमेटी की बैठक में मंथन किया इसमें वोट प्रतिशत में कमी आने पर चिंतन किया गया और अगले फेस में वोट प्रतिशत बढ़ाने पर भी मनन किया गया।

## गाजियाबाद में खिलेगा कमल या मजबूत होगा पंजा

विशेष संवाददाता (vol)

**विश्लेषण**

**लखनऊ।** दिल्ली से सटी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर तीन बार से लगातार भाजपा कमल खिलाते चली आ रही है। यहां दूसरी पार्टियों को अपनी जीत पर जश्न मनाने का मौका नहीं मिला है। 1976 में मेरठ से गाजियाबाद शहर अलग हुआ था। 2008 में ये सीट अपने अस्तित्व में आई। 2009 में यहां पहली बार लोकसभा चुनाव हुए। पहले इलेक्शन में ही भाजपा ने इस सीट पर भगवा लहरा दिया। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी थी इसके बावजूद कांग्रेस गाजियाबाद में खास कमाल नहीं कर पाई। साल 2014 में यहां दूसरी बार लोकसभा चुनाव हुए तो भाजपा ने विजय कुमार सिंह को मैदान में उतारा। भाजपा ने कांग्रेस के पुरोधा कहे जाने वाले राजबब्बर को भारी मतों से हराकर भेजा। मोदी लहर के चलते भाजपा की ये दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। जातीय समीकरण के हिसाब से देखें तो इस सीट पर दलित और मुस्लिमों का खासा वर्चस्व है। दोनों ही वोटर भाजपा के पक्ष में हैं। इसी का फायदा भाजपा को लगातार मिलता चला आ रहा है। इस बार भाजपा ने अतुल गर्ग को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस ने डॉली शर्मा को प्रत्याशी घोषित है। बसपा ने नंद किशोर पुंडीर को चुनाव मैदान में उतारा है। अब देखना यह है कि भाजपा चौथी बार भी भगवा रंग बिखरेगी या फिर गाजियाबाद में कांग्रेस अपना खाता खोलने में कामयाब हो जाएगी? 80 सीटों में से एक गाजियाबाद लोकसभा सीट पर अभी तक तीन बार चुनाव हो चुके हैं। इस बार चौथी लोकसभा का चुनाव होना है। पहला चुनाव 2009, दूसरा 2014 और तीसरा चुनाव 2019 में हुआ था। पहली बार इस सीट से राजनाथ सिंह चुनाव जीते थे। 2009 लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को 43.34 वोट मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर कांग्रेस उम्मीदवार सुरेंद्र प्रकाश गोयल रहे, जिन्हें 32.41 फीसदी वोट मिले। बसपा कैंडिडेट अमर पाल शर्मा इस सीट पर तीसरे उम्मीदवार रहे और उन्हें 21.73 फीसदी वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वीके सिंह को 56 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर को हरा दिया। राज बब्बर को 14 फीसदी वोट ही मिल सके। बसपा उम्मीदवार मुकुल 12 फीसदी वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे। इसी तरह 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार जनरल विजय कुमार सिंह को बड़ी जीत हासिल हुई। उन्हें 61 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और दूसरे नंबर पर सपा के सुरेश बंसल रहे, जिन्हें 29.06 फीसदी वोट मिले। तीसरे नंबर पर कांग्रेस की डॉली शर्मा रहीं और उन्हें महज 7.34 फीसदी वोट ही मिल सके। गाजियाबाद लोकसभा सीट में पांच विधानसभा आती हैं। इनमें लोनी, मुरादानगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना शामिल हैं। यहां 72 प्रतिशत आबादी हिंदू और 25 प्रतिशत आबादी मुस्लिमों की है। दलित और मुस्लिम ही गाजियाबाद में प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करते हैं। जिले में ब्राह्मण, वैश्य, गुर्जर, ठाकुर, पंजाबी और यादव वोटर भी रहते हैं।

- **दलित-मुस्लिम वोटर तय करते हैं जीत-हार**

गाजियाबाद संसदीय सीट पिछले दो चुनाव से हाई प्रोफाइल हो गई है। 2009 में राजनाथ सिंह यहां से चुनाव जीते। पिछला चुनाव जीतकर वीके सिंह यहां से सांसद हैं। वीके सिंह के खिलाफ सिने स्टार और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर भी चुनाव लड़े थे, मगर उनकी जमानत जब्त हो गई। इस बार सपा और बसपा का गठबंधन होने से मुकाबला त्रिकोणीय बनता नजर आ रहा है।




## कैसरगंज, अमेठी व रायबरेली की सीट पर सस्पेंस कायम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को सफलतापूर्वक खत्म हुआ। उत्तर प्रदेश में अभी भी भाजपा, बसपा व सपा और कांग्रेस ने हाई प्रोफाइल सीटों से उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। इस बीच कैसरगंज, अमेठी और रायबरेली की सीट पर सबसे ज्यादा सस्पेंस बना हुआ है।

**कैसरगंज सीट पर भाजपा ने बढ़ाया सस्पेंस :** कैसरगंज सीट से उम्मीदवार पर भाजपा ने अबतक मुहर नहीं लगाई है। ऐसे में सस्पेंस बना हुआ है कि क्या इस बार भी पार्टी बृजभूषण शरण सिंह को लोकसभा भेजेगी या नहीं। महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण मामले में आरोपित बृजभूषण शरण सिंह से यूं तो पार्टी किनारा करते हुए नजर आ रही है ऐसे से इस बात पर सस्पेंस बना हुआ है कि भाजपा फिर से बृजभूषण को मैदान में उतारेगी या नहीं?

**समाजवादी पार्टी चल रही फूंक-फूंक कर कदम :** विपक्षी इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी समाजवादी पार्टी 80 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 17 सीटों पर कांग्रेस व एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। इनमें से 57 सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। उसे कन्नौज, फतेहपुर, कैसरगंज, बलिया व राबर्ट्सगंज में प्रत्याशी घोषित करने हैं। कन्नौज में अखिलेश यादव या फिर तेज प्रताप यादव में से कोई एक प्रत्याशी हो सकते हैं।

**रायबरेली में प्रियंका गांधी के नाम पर मंथन :** दरअसल कांग्रेस दूसरे दलों के उम्मीदवारों का इंतजार कर रही है। सूत्रों से यह भी पता चल रहा है कि रायबरेली में आने से कहीं प्रियंका गांधी का कद राहुल गांधी से ऊपर न हो जाये इस कारण कसमकस चल रहा है। इस कारण परिवारिक सदस्य ही प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारना नहीं चाहते। इसको लेकर काफी मंथन का दौर चल रहा है। अब नामांकन की तिथि भी नजदीक आ रही हैं। इसके बावजूद अभी तक बात नहीं बनी है। राहुल गांधी ने केरल के वायवाड से नामांकन भरा है। 26 अप्रैल को इस सीट पर मतदान होंगे।

- **भाजपा, बसपा व सपा और कांग्रेस ने हाई प्रोफाइल सीटों से उम्मीदवार के नाम का नहीं किया ऐलान**

**रॉबर्ट बाड्रा अमेठी से चुनाव लड़ने की जता चुके इच्छा :** वहीं कांग्रेस तो अमेठी में भी उलझी हुई है। इस बीच रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा भी जता चुके हैं। इसके बाद भी कांग्रेस वहां से किसी प्रत्याशी को नहीं दे रही है। अब दोनों अगल-बगल की सीटों पर कांग्रेस उलझी हुई है।

इससे धीरे-धीरे कांग्रेस कार्यकर्ताओ में निराशा बढ़ती जा रही है। उधर अमेठी में भाजपा उम्मीदवार स्मृति इरानी रोज सभाएं कर राहुल गांधी को ललकार रही हैं। दूसरी तरफ, रायबरेली में हर दल की चुप्पी कार्यकर्ताओ को सोचने को मजबूर कर रही है। भाजपा इस फिराक में बैठी है कि यदि सोनिया परिवार का कोई सदस्य वहां से आता है या नहीं, उस हिसाब से भाजपा अपना उम्मीदवार उतारेगी। उसी के गुणा गणित में बसपा ने भी अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है।

# ब्लैक होल तकनीकी से कचरा निस्तारण शून्य,95 फीसद भुगतान

## नगर निगम ने एवाईएस के साथ किया है करार,गोमती नगर आरआर वर्कशाप के सामने लगा है प्लांट

आशीष मौर्य (vol)


फाइल फोटो

**लखनऊ।** शहर में ब्लैक होल टेक्नोलॉजी( पालीक्रेक मशीन ) मशीन से कूड़े के निस्तारण का सपना दिखाया गया था। गोमती नगर स्थित नगर निगम के केंद्रीय कार्यशाला के सामने यह मशीन इसी मकसद से लगाई गई। नगर निगम प्रशासन की ओर से इस काम के लिए एवाईएस ग्रीन क्लीन इंडिया प्रा. लि. के साथ करार किया गया था। मगर कंपनी की ओर से अभी तक प्लांट का संचालन ही नहीं शुरू किया गया। नगर निगम प्रशासन ने कंपनी को 95 प्रतिशत तक भुगतान भी कर दिया है। ईकोग्रीन की तरह एवाईएस को भी प्लांट लगाने के बाद कूड़ा निस्तारण में कोई रूचि नहीं है। अब नगर निगम की ओर से अनुबंध की शर्तों के तहत प्लांट शुरू करने के लिए कंपनी को नोटिस जारी की गई है।

नगर निगम की ओर से दावा किया गया था कि ब्लैक होल टेक्नोलॉजी में लगने वाली मशीन से कूड़े को अंदर ही जलाकर राख हो जाएगा। इसमें सड़ने और न सड़ने वाला दोनों तरह का कचरा डाला जा सकेगा। इसकी राख भी हानिकारक नहीं होगी और इसका उपयोग कई कार्यों में किया जा सकेगा। नगर निगम की ओर से पांच मीट्रिक टन क्षमता की मशीन लगाने के लिए एवाईएस ग्रीन क्लीन इंडिया प्रा. लि. के साथ करार किया। विकेन्द्रीकृत प्रोसेसिंग प्लान्ट के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट के निस्तारण कार्य के लिए केन्द्रीय कार्यशाला के सामने स्थित भूखण्ड पर 5 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के पालीक्रेक मशीन/ब्लैक होल मशीन की आपूर्ति सहित स्थापना के कार्य के लिए कंपनी को जनवरी 2022 में टेंडर अवार्ड किया गया। प्लांट पर मशीन व स्थापित करने के 18 महीने तक प्लांट के ऑपरेशन एवं मेंटीनेंस कार्य के लिए कंपनी के साथ नगर निगम का करार है। मगर वर्तमान में प्लांट पर कंपनी की ओर से प्लांट का संचालन नहीं किया जा रहा है। प्लांट पर संस्था का कोई कर्मचारी भी मौजूद नहीं रहता है। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान की ओर से कंपनी को नोटिस जारी की गई है।

इसके अनुसार प्लांट के संचालन से सम्बन्धित कोई अभिलेख संस्था की ओर से नहीं दिए जा रहे हैं। कंपनी को कार्य की लॉग बुक पर निर्धारित प्रारूप में रिकार्ड, शिफ्टवार कर्मचारी, सुपरवाईजर की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। ताकि मशीन के संचालन एवं कूड़ा निस्तारण के सम्बन्ध में नगर निगम को जानकारी हो सके। लेकिन कंपनी की ओर से ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है। अनुबंध के तहत कंपनी को 95 प्रतिशत तक भुगतान भी किया जा चुका है इसके बाद भी प्लांट के संचालन में कंपनी को कोई रूचि नहीं है। अब एक बार फिर नगर निगम प्रशासन ने कंपनी को नोटिस जारी की है। कहा है कि अनुबन्ध की शर्तों के तहत 18 माह की निर्धारित समयावधि तक प्लांट का पूर्ण क्षमता से नियमित संचालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रतिदिन लॉग बुक के सत्यापन सहित प्लांट संचालन की अवधि एवं निस्तारित कूड़े की मात्रा की जानकारी दें। ऐसा न करने पर कंपनी की जमानत धनराशि जब्त कर अनुबंध के उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मशीन की खासियत की बात करें तो यह छोटी मशीन होती है जो इंसीनरेशन और प्लाज्मिक डी कम्पोजीशन तकनीक पर काम करती है। इसमें कूड़े को कंप्रेस करने के बाद उसका तापमान 400-450 डिग्री तक पहुंच जाता है। उस तापमान पर सारा कचरा जलकर राख हो जाता है। यह प्रक्रिया हवा के प्रेशर से होती है। जलने के दौरान जो हानिकारक तत्व होते हैं वह मशीन की प्लाज्मा तकनीक से नष्ट हो जाते हैं। कचरा जलने के बाद जो फ्लाई ऐश बनेगी वह ब्रिक टाइल्स व अन्य कार्यों के लिए उपयोग में आएगी।

# मेरी सफलता में सीएमएस का बड़ा योगदान : आदित्य श्रीवास्तव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मेरी सफलता में सीएमएस का बड़ा योगदान है, आज मैं जो कुछ भी हूं, उसमें मेरे माता-पिता के आशीर्वाद व स्कूल के मेरे शिक्षकों की अहम भूमिका है। यह बातें आईएएस टॉपर व सीएमएस के पूर्व छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने स्कूल के कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि स्कूल के शुरूआती दिनों में ही सीएमएस ने मेरे भावी जीवन की नींव रख दी थी।

- **आईएएस टॉपर व सीएमएस के पूर्व छात्र आदित्य श्रीवास्तव का हुआ स्वागत, छात्रों ने ली प्रेरणा**

स्कूल शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण, उच्च विचार एवं व्यक्तित्व विकास के प्रयास वास्तव में अतुलनीय हैं। स्व. डा. जगदीश गांधी के प्रेरक विचारों ने मुझमें आत्मविश्वास जगाने के साथ ही ईश्वरत्व की अनुभूति भी करायी। आदित्य ने बताया कि यदि भविष्य में उन्हें देश की नीति-निर्धारण का अवसर मिला तो वे स्वास्थ्य एवं बच्चों के लिए कार्य करना चाहेंगे। इससे पहले लखनऊ आने पर स्कूल के छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य श्रीवास्तव का अमौसी एअरपोर्ट पर स्वागत करते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और उनकी सफलता पर हार्दिक बधाईयां दी। छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य को फूल-मालाओं से सजी खुली जीप में विक्ट्री परेड के रूप में स्कूल के कानपुर रोड ऑडिटोरियम तक ससम्मान लेकर आये। इस दौरान कई जगहों पर लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भी आदित्य का स्वागत किया गया। इस अभूतपूर्व स्वागत से आदित्य गद्गद् नजर आये।

# प्रदेश में अगले 3 दिन में पड़ेगी विकराल गर्मी, हीटवेव का अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी किया। अगले चार दिनों में प्रदेश में हीटवेव की स्थिति पैदा हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि 23, 24, 25 और 26 अप्रैल तक यूपी में हीटेवेव की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि 23 अप्रैल को पूर्वांचल में मौसम बहुत ज्यादा गर्म रह सकता है। राजधानी लखनऊ में सोमवार को अधिकतम पारा 38 डिग्री सेल्सियस रहा। स्काईमेट के अनुसार यह हफ्ता खत्म होते-होते यानी 28 अप्रैल तक दिन का तापमान लखनऊ समेत कई इलाकों में 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं रात में भी भी तापमान 25-27 डिग्री सेलसियस के आस-पास रहने के आसार हैं।

- **धूप में बाहर निकलने से बचें, सावधानी बरतने की सलाह**

साल 2023 इतिहास का सबसे गर्म साल था। इस साल यह रिकॉर्ड टूट सकता है। साल 2024 सबसे ज्यादा गर्म साल का नया रिकॉर्ड बना सकता है। पिछले साल ने मौसम वैज्ञानिकों को हैरान किया था इस साल भी यही उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार कि अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों में चार से आठ दिन लू चलने की आशंका है, जबकि सामान्य तौर पर एक से तीन दिन लू वाले दिन होते हैं।

पूरे अप्रैल-जून की अवधि में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में दस से 20 दिन तक लू चलने का अनुमान है। लखनऊ मौसम विभाग ने मौसम का पूवार्नुमान जारी कर भीषण गर्मी पड़ने और गर्म हवाऐं चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने बढ़ते तापमान को देखते हुए 19 जिलों में वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक सप्ताह के अंत तक पारा 45 डिग्री पार कर जाएगा। हीटवेव की स्थिति में आप पर्याप्त पानी पियें और जितनी बार संभव हो पियें। भले ही प्यास न लगी हो। सूती कपड़े पहनें और धूप में बाहर जाते समय चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें। खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें। वो लोग जो ठंडे मौसम या वातावरण से बाहर के गर्म मौसम में आते हैं उन्हें हीटवेव का सामना करना पड़ सकता है।

## लू से बचाव को जागरूक करेंगे वार्डन



**लखनऊ।** जैसे कि दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है और चिलचिलाती धूप लोगो को परेशान कर रही है ऐसे में लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है इसी क्रम में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के ऑडिटोरियम में एक बैठक रखी गयी जिसमे सिविल डिफेंस लखनऊ के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र और मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज अग्रवाल साथ ही उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीतीश कुमार वर्मा उपस्थित रहे जिसमे सिविल डिफेंस के वार्डनों को लू से कैसे बचा जाए इसके सुझाव बताये गए लखनऊ सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने सभी वार्डनों से आग्रह किया कि सभी प्रखंड के वार्डन लू से बचने सुझाव आम जनमानस तक पहुचाये और ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक करे साथ साथ उन्होंने ने भी कहा कि कुछ स्थानों को चिन्हित करें वहा पर पानी की मशीन अथवा पानी के गढ़ेह की व्यवस्था करें मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि लू से बचने की कुछ उपाय है जिसको अपना कर आसानी से बचा जा सकता है और सिविल डिफेंस इस कार्य को जान मानस तक पहुचा कर जागरूक करेगा आज की बैठक में सिविल डिफेंस की उपनियंत्रक अनिता प्रताप एडीसी मनोज वर्मा एडीसी ऋषि कुमार एडीसी सुमित मौर्या ममता रही और बड़ी संख्या में लखनऊ सिविल डिफेंस उपस्थित रहे।

# सहरसा-नयी दिल्ली के बीच एक फेरे के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 04925 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 24 अप्रैल को एकल यात्रा हेतु किया जायेगा।



04925 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 24 अप्रैल को सहरसा से 07.00 बजे प्रस्थान कर मानसी जं., खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., दलसिंह सराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद , बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल, इटावा, टुंडला, अलीगढ़ तथा गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली 07.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है।

04923 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित एकल यात्रा विशेष गाड़ी 23 अप्रैल, को दरभंगा से 20.30 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद , बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल, इटावा, टुंडला, अलीगढ़ तथा गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली नई दिल्ली 20.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है।

# सीनियर सिटीजन पार्क का जल्द होगा संचालन



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने सोमवार को अमीरुदौला पब्लिक लाइब्रेरी व राजाराम पार्क (सीनियर सिटीजन पार्क) का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एलडीए डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संपूर्ण परिसर का जायजा लेते हुए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क के समस्त सिविल कार्य व उपकरण लगने के कार्य पूर्ण होने के बाद नियमित रूप से पार्क का संचालन शुरू किया जाए। सीनियर सिटीजन पार्क में लाइटिंग, बेचिंग, फाउंटेन, ओपेन जिम व हॉर्टिकल्चर के समस्त कार्य चाक-चौबंद पाई गई। उन्होने कहा कि सीनियर सिटीजन पार्क के दृष्टिगत पार्क में एक्टिविटी कार्यक्रम कराया जाये। अमीरूदौला लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था व शौचालय की नियमित साफ सफाई कराते रहे। लाइब्रेरी में बैठने के लिये गुणवत्ता पूर्वक फर्नीचर की व्यवस्था तत्काल कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि लाइब्रेरी के पुस्तकों की कैटलॉगिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मंडलायुक्त ने शेष कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के कैंपस में बने कैफेटेरिया का संचालन करने व बगल में सीटिंग की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए।

# बच्चों ने मेट्रो यात्रियों को चित्रों से पृथ्वी संरक्षण का दिया संदेश



**लखनऊ।** मेट्रो ने सोमवार को गरीब बच्चों के साथ चलती ट्रेन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला का आयोजन किया। 30 बच्चों ने मेट्रो की तरफ से प्राप्त कलरिंग शीट में रंग भर यात्रियों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरुक किया। निशातगंज इलाके से आए बच्चों ने आईटी मेट्रो स्टेशन से अपनी पहली मेट्रो यात्रा शुरू कर रास्ते में पड़ने वाले खूबसूरत नजारों का खूब आनंद लिया। बच्चे आईटी, सीसीएस एयरपोर्ट, आईटी मेट्रो स्टेशन तक अपनी पहली यात्रा पर खूब उत्साहित दिखे। उन्होंने चलती ट्रेन में कलरिंग शीट पर रंग भर खूबसूरत चित्रों को नया आकार दिया। लखनऊ मेट्रो ने कलरिंग शीट, पेंसिल एवं कलर से सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।

# डीआरएम ने व्यापारियों को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ के मण्डल कार्यालय में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में डीआरएम उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल एसएम शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट राहुल एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं व्यापारिक केन्द्रों के व्यापारीगण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने व्यापारियों को रेलवे के साथ व्यापार वृद्धि हेतु प्रेरित किया एवं व्यापारियों को रेल मार्ग द्वारा व्यापार के लाभों की विधिवत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त इस बैठक में व्यापारियों की रेलवे के साथ होने वाली व्यापारिक समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने बैठक में उपस्थित व्यापारियों से मण्डल द्वारा लदान (लोडिंग) में वित्तीय वर्ष 23-24 में निर्धारित 5.00 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले, 5.18 मिलियन टन लोडिंग की उपलब्धि के बारे मे बताया और लखनऊ मण्डल द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोडिंग हेतु उद्यमियों को शील्ड प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया की भविष्य में व्यापार सम्बन्धी ऐसी व्यवस्था को स्थापित किया जाये जिसके अंतर्गत व्यापारिक प्रक्रियाओ को सरलता पूर्वक संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सिद्धार्थ वर्मा सहित वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- **डीआरएम एवं व्यापारी/ उद्यमियों के बीचहुई बैठक**

# जैव विविधता संरक्षण के तरीकों पर अनुभव किया साझा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज ने सोमवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। चर्चा का विषय जल जमीन जंगल- भावी पीढ़ी के लिए एक स्थायी उपयोग था। इस अवसर पर बीबीएयू के कुलपति डॉ. एके मित्तल ने स्कूल ऑफ बेसिक साइंस डीन डॉ. एस अहमद अली और पैनलिस्ट के साथ पौधरोपण किया। इसका आयोजन बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के आर्शीवाद से हुआ। पैनलिस्टों ने स्वस्थ जीवन और स्वस्थ पर्यावरण के लिए संसाधनों के सतत उपयोग पर अपने अनुभव साझा किए। पहले पैनलिस्ट बीबीएयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. वेंकटेश दत्ता ने नदियों, जलाशयों और भूजल स्तर के संरक्षण के लिए अपने अनुभव साझा किये हैं। उन्होंने मानव जीवन में जलाशयों के महत्व पर भी चर्चा की है और भावी पीढ़ियों के लिए इसके सतत उपयोग के सुझाव दिये। दूसरी पैनलिस्ट राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई-सीएसआईआर), लखनऊ के प्लांट जीन एक्सप्रेशन लैब के मुख्य वैज्ञानिक और प्रोफेसर डॉ. विधु ए. साने थी। उन्होंने भविष्य की पीढ़ी के लिए जंगल की जैव विविधता को बनाये रखने के लिए जैव प्रौद्योगिकी उपकरणों को लागू करके जैव विविधता संरक्षण के तरीकों पर अपना अनुभव साझा किया। तीसरे पैनलिस्ट लोकभारती के संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय थे। उन्होंने पानी के सुरक्षित उपयोग और प्राकृतिक खेती के साथ-साथ भूजल स्तर को ऊपर उठाने के लिए हरि शंकरी और पंच पल्लव वृक्षारोपण की भूमिका के लिए सामुदायिक भागीदारी और जन लामबंदी पर अपना अनुभव साझा किया है। डॉ. पीके सिंह पैनल चर्चा के संयोजक थे। डॉ. मनीषा टी. शर्मा, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. शालिनी जी प्रताप, डॉ. शिव शंकर यादव और डॉ. विनय कुमार गुप्ता कार्यक्रमों के सफल समापन में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

- **बीबीडीयू में पृथ्वी दिवस पर हुई पैनल चर्चा**

# श्मशान घाट पर पंडों की मनमानी, पूजा कराने के नाम पर कर रहे उत्पीड़न

## भैसाकुंड व गुलाला घाट के विद्युत शवदाह गृह का नहीं हो रहा संचालन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नगर निगम से संचालित भैंसाकुंड श्मशान घाट में अवैध वसूली पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अपनों के अंतिम संस्कार के लिए शोकाकुल परिजन यहां काम करने वाले पंड़ों के आगे बेबस हैं। दाह संस्कार से फूल चुनने तक मनमानी हो रही है। मनकामेश्वर वार्ड के रहने वाले दीप चंद्र यादव के अंतिम संस्कार के लिए परिजन सोमवार को भैंसा कुंड श्मशान घाट पर पहुंचे थे। इस दौरान साथ में क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य व पार्षद रंजीत सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने बताया यहां दाह संस्कार के लिए मनमानी चल रही है। श्मसान घाट पर तैनात आधिकारिक पंडा नरेंद्र मिश्रा के आश्रित पंडे की ओर से पिंड दान संस्कार क्रिया के लिए 1300 रुपये तक की मांग की गई। पिंड दान के लिए 300 रुपये, गौदान के नाम पर 1000 रुपये मांगा गया। दाह संस्कार कराने तय शुल्क से अधिक की मांग पर उन्होंने इसका विरोध किया और उसे फटकार लगागई तो वह बिना अंतिम संस्कार कराए मौके से भाग खड़ा हुआ। पार्षद का कहना है यहां पहुंचने वाले शोकाकुल परिजनों को जबरन परेशान किया जा रहा है। बता दें कि सिर्फ पिंड दान ही नहीं लकड़ी पहुंचाने का भी 500 रुपये वसूला जा रहा है। वैसे तो यहां दाह संस्कार कराने का शुल्क 600 रुपये निर्धारित है, लेकिन पंडे गोदान से लेकर अन्य पूजा के नाम पर डेढ़ हजार रु तक की वसूली कर रहे हैं। सुबह पुष्प चुनने का भी 500 रुपये वसूल रहे हैं, जबकि यह शुल्क आपकी श्रद्धा पर होता है। बाल बनवाने का भी 100 रुपये लिया जा रहा है। पंडे शोकाकुल परिवारजन से मनमानी वसूली का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं।

पंडों को मनमानी रोकने के लिए नगर निगम ने भैंसाकुंड श्मशानघाट पर जगह-जगह बोर्ड लगाए हैं, जिसमें दाह संस्कार शुल्क के साथ ही लकड़ी की दर भी लिखी है। इसके बाद भी पंड़ों की मनमानी नहीं रूक रही है महापात्र (पंडे) के दिन अलग-अलग निर्धारित हैं। शव जलाने से लेकर वहां सफाई करने वाले भी वसूली करते हैं। वर्षों से श्मशानघाटों पर इनका काकस चल रहा है। पार्षद रंजीत सिंह की ओर से लगातार विरोध करने व श्मसान घाट पर ही प्रदर्शन तक किया गया। इसका कुछ दिनों तक असर रहता है बाद में नगर निगम प्रशासन की ओर से निगरानी न किए जाने से फिर मनमानी शुरू हो जाती है। यहां दाह संस्कार कराने का 600 रुपये है। इसमें सफाई करना, फूल चुनना, पूजन, गोदान क्रिया भी शामिल हैं। बैकुंठ धाम में विद्युत शवदाह गृह का संचालन बंद है। बताया जा रहा है कि मशीन में तकनीकी खराबी की वजह से कई दिनों से विद्युत शवदाह में अंतिम संस्कार बंद हैं। उधर, गुलाला घाट में भी विद्युत शव दाह गृह का संचालन बंद है। नगर निगम के मुख्य अभियंता वि.यां. मनोज प्रभात ने बताया कि लगातार इस्तेमाल होने से विद्युत शव दाह गृह के बिड्स टूट गए हैं जिन्हें बदला जाना है। जल्द ही काम करा इनका संचालन शुरू किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**

| | |
|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 |
| पुलिस | 100 |
| | 2629999 |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 |

**फायर स्टेशन**

हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**

मेडिकल सेवा- 102, 108



# हाईस्कूल की छात्रा समेत महिला ने दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में रविवार देर शाम हाई स्कूल की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गंवा दी। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के न्यू रहीमाबाद निवासी रमेश ठाकुर नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। रविवार को वह काम पर चले गए थे। घर में रमेश की पत्नी के अलावा बेटी आकांक्षा ठाकुर (15) और बेटा अनमोल (10) मौजूद थे। शाम को रमेश की पत्नी अनमोल को साथ लेकर स्कूल का सामान खरीदने मार्केट गई थी। जब वह लौटी तो दरवाजा अन्दर से बंद था। इस दौरान पहुचें रमेश ने जब दरवाजा नहीं खुला तो वह पड़ोसी के घर से होते हुए अपने घर के अंदर पहुंचा। जहां बेटी आकांक्षा को पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकता देख उसके होश उड़ गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरि का कहना है कि मृतका निजी कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा थी। दो दिन पहले घोषित हुए हाई स्कूल रिजल्ट में उसके अंक 60 प्रतिशत से भी कम थे। जिसको लेकर वह काफी परेशान रहने लगी थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि कम अंकों से पास होने के कारण ही उसने आत्महत्या कर ली है। लेकिन इसके बावजूद भी अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। उधर बंथरा इलाके में सोमवार को टेंट हाउस में मजदूरी करने वाला बंथरा कस्बा निवासी राजू सोमवार सुबह काम पर चला गया था। घर पर उसकी पत्नी पार्वती (39) व अन्य सदस्य थे। इसी बीच पार्वती ने कमरा अंदर से बंद करके पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक पार्वती कमरे से बाहर नहीं निकली तो उसका बेटा अभिषेक उसे खोजता हुआ पहुंचा। लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने कई बार आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इस पर उसने खिड़की से झांक कर देखा तो उसकी मां पार्वती पंखे के हुक से साड़ी के सहारे मृत अवस्था में लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है कि मृतका का पति राजू नशेड़ी प्रवृत्ति का है। रविवार रात शराब के नशे में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। अन्दाजा लगाया जा रहा है कि इसी से नाराज होकर पार्वती ने आत्महत्या की है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## नहर में नहाते वक्त डूबे किशोर का शव मिला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में बीते शनिवार को अपने दोस्त के साथ नहर में नहाने आये किशोर का सोमवार को नहर में उतरता हुआ मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोर्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र के मलेशेमऊ गांव निवासी मुबारक अली का 17 वर्षीय बेटा अली अपने दोस्त असलम के साथ शनिवार की दोपहर खुर्दही स्थित इंद्रा नहर में नहाने ले लिए आया था। नहर में तेज बहाव के चलते उसका संतुलन विगड़ा और नहर में डूब गया था पुलिस ने बताया कि रविवार को उसका शव पहाड़ नगर रेलवे पुल के पास इन्द्रा नहर में उतरता मिला।

## चचेरे भाई पर लगाया हत्या का आरोप

लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते शुक्रवार रात ओवर ब्रिज से 25 फीट नीचे गिरकर हुई सचिन रावत (20) की मौत के मामले में चचेरे भाई पर हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतक के भाई राहुल का आरोप है कि बीती 19 अप्रैल की शाम अभिषेक उसके भाई सचिन को घर से बुला कर ले गया था। अभिषेक इससे पहले भी कई बार सचिन पर जानलेवा हमले का प्रयास कर चुका है। राहुल का कहना है कि उसे पूरा विश्वास है अभिषेक ने ही उसके भाई सचिन की हत्या कर उसे पुल से नीचे फेंक दिया है। घटना के बाद से अभिषेक बराबर फरार है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक ने ऐसी कोई तहरीर मिलने से साफ इनकार किया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि मामला दुघर्टना का है, लेकिन अगर कोई तहरीर मिली तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन लोगों पर महिला से छेड़छाड़ का केस दर्ज

नगराम। महिला के साथ हुई छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों के विरुद्ध नगराम थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगराम के एक गांव निवासी महिला के अनुसार बीती छह जनवरी की दोपहर वह अपने खेत में जानवरों का चारा लेने गई थी। उसी समय गांव के ही शैलेंद्र कुमार, कन्हई लाल व वीरबल वहां पहुंचे और उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगे। कन्हई लाल ने धमकाते हुये उसके कपड़े फाड़ कर उसे नग्न कर दिया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर लोगों को आता देख सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। बदहवास हालत में घर पहुंच कर घटना के बाबत परिजनों को बताया। नगराम पुलिस से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण में गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हनुमान जयंती पर बदला रहेगा यातायात

लखनऊ। हनुमान जयंती के अवसर पर आज कई जगह यातायात में परिवर्तन किया गया है। इस दौरान क्लार्कअवध तिराहे से हनुमंतधाम मन्दिर की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा। यह यातायात परिवर्तन चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। हनुमंतधाम से सामान्य यातायात क्लार्कअवध की ओर जा सकेगा। लेकिन भारी वाहन व सिटी बसें केडी सिंह बाबू स्टेयिम होते से क्लार्क अवध तिराहा होते हुए अपनें गंतव्य को जा सकेंगे। हनुमंतधाम तथा हनुमान सेंतु मंदिर के आस-पास मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहने की सम्भावना है। अगर बहुत जरूरी होने पर मार्गों का प्रयोग करनें से बचें तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

## ई-रिक्शा सवार युवक से मोबाइल की लूट

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात बैटरी रिक्शा पर सवार युवक से बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। बाजारखाला मोहल्ला करेहटा निवासी आकाश कुमार के अनुसार वह अमीनाबाद में एक कस्मेटिक की दुकान पर काम करता है। रविवार रात वह चारबाग से बैट्री रिक्शा पर बैठ कर मवैया की तरह आ रहा था। उस दौरान पीछे से बिना नम्बर प्लेट लगी बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मार उसके हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया और बाइक पर फरार्टा भरते फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक बाइक चालक लुटेरे ने काली हाफ टी शर्ट और जीन्स पैंट व पीछे बैठे उसके साथी ने मैरून कलर का हाफ टी शर्ट तथा लाइट ब्लू पैंट पहन रखा था। आलमबाग इंस्पेक्टर एसएस महादेवन के मुताबिक बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस बनकर पुजारी से दो अज्ञात बदमाशों ने की टप्पेबाजी

## सोने की अंगूठी व चेन लेकर हो गये चम्पत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में टप्पेबाजों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है आये दिन यह पुलिस व क्राइम ब्रांच का बताकर भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर सोने चांदी के जेवरात लेकर फुर्र हो रहे हैं। ताजा मामला पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 6 का है यहां के रहने वाले पुजारी से दो अज्ञात लोगों ने अपने को पुलिस कर्मी बताते हुए ,लूट का भय दिखाते हुए उनकी चेन और अंगूठी उतरवा ली, उन्हें कागज में लपेट कर दी, और भाग निकले, पुड़िया खोलने पर उसमें कुछ नहीं मिला, पीड़ित पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

चंद्रशेखर मिश्र निवासी-वृंदावन योजना 6 सी/853 थाना पीजीआई लखनऊ में रहते हैं, और मंदिर में पूजा, और धार्मिक कार्यक्रम करवाते हैं।

उन्होंने बताया कि रामनवमी पर वह अपने घर से श्री दक्षिणेश्वर मण्डपम बी ब्लॉक, साउथ सिटी ,पीजीआई लखनऊ स्थित मन्दिर जा रहा था।

वह जैसे ही साउथ सिटी, बी ब्लॉक स्टेट बैंक के बगल से अन्दर की तरफ मुड़ा ,तभी पीछे से 02 अज्ञात आदमी मोटरसाइकिल से आये जो पहले से ही हार्न बजा रहे थे, चंद्रशेखर मिश्र को रोकते हुए बोले कि रूक क्यों नहीं रहे थे, हम लोग पुलिस चौकी से हैं। उसके बाद उक्त लोगों ने स्कूटी की डिग्गी खुलवाकर चेक किया, और बोले कि आज कहीं पर काण्ड हुआ है, इसलिए चेकिंग चल रही है। डिग्गी में कुछ भी नहीं था। फिर उक्त दोनों व्यक्तियों ने वादी की सोने की अंगूठी और गले में पहनी सोने की चेन निकाल कर बैग में रखने के लिए कहा। उनकी बातों में आकर उन लोगों ने अंगूठी और चेन को एक कागज में रखकर उनके बैग में रख दिया। और चले गए, मन्दिर में पहुंचकर बैग खोलकर देखा तो कागज की पुड़िया में पत्थर के टुकड़े निकले। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को कुछ इनपुट मिला है जिसके आधार पर उनकी शिनाख्त का प्रयास कर गिरफ्तारी की जायेगी।

## सिक्योरिटी अफसर की मौत मामले में आरोपियों से पूछताछ में जुटी पुलिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र के सालेह नगर में शनिवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में सिक्योरिटी अफसर की मौत के मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि सबूतों को एकत्र किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पूरा मामला शराब की दुकान के आस-पास का है। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर रूचि खंड निवासी धर्मपाल सिंह ने बताया कि वह पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। परिवार में पत्नी मंजू सहित अपने 30 वर्षीय बेटे अजय प्रताप उर्फ राहुल सिंह व छोटे बेटे विजय सहित बेटी गरिमा के साथ रहते हैं। जबकि उनकी दो अन्य बेटियां विवाहित हैं। उनका बेटा अजय पेशे से एक निजी सिक्योरिटी कम्पनी में सिक्योरिटी अफसर के पद पर कार्यरत था। बीते शनिवार की शाम को उसका बेटा अजय सालेह नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में सर पर चोट लगने गंभीर रूप से घायल हो गया था। बेटे के दोस्त सालेह नगर निवासी सुरेश सिंह की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया था। डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था देख ट्रामा के लिए रेफर कर दिया था। जहां देर रात उनके घायल बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले है। जिससे उसकी मौत हुयी है।

## हरदोई में पुलिस की गोली से बदमाश घायल, अस्पताल में भर्ती

लखनऊ। हरदोई जिले में पुलिस नें आज बदमाशों की घेरे बन्दी की तो बदमाश नें पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, पुलिस नें जब फायरिंग की तो एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस नें उसके कई साथियो को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक प्रदेश के हरदोई जिले के थाना अतरौली और थाना बेनीगंज पुलिस व क्राइम ब्रान्च की टीम नें ग्राम भिरका के जंगल नहर के निकट बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, पुलिस की जबाबी कार्रवाई में नवी सरवर घायल हो गया, जिसे श्यामा और जाबिर तथा बलवीर और इरफान व रंजीत तथा राहुल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच अवैध तमंचा विभिन्न बोर और जीवित तथा खोखा कारतूस और मोटर साइकिल बरामद हुयी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी नवी सरवर के विरूद्ध जनपद अम्बेडकर नगर और अयोध्या तथा मऊ के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास और सीएस एक्ट व गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई मुकदमे दर्ज है।

## लखनऊ में गर्मी से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिलेंगे एसी हेलमेट



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में भीषण गर्मी के बीच चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे पुलिस कर्मियों को राहत देने की तैयारी की जा रही है। जिसमें तहत सोमवार को हजरतगंज मे दो पुलिस कर्मियों को एसी हेलमेट पहना कर उसका ट्रायल किया गया। यह हेलमेट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। जिसका ट्रायल इससे पहले कानपुर में भी किया गया था। जिसमें पुलिस कर्मियों ने राहत मिलने की बात कही थी। एडीसीपी अजय कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी से पुलिसकर्मियों को राहत देने के लिए हैदराबाद की एक कंपनी ने एसी हेलमेट बनाया है। जिसका ट्रायल सोमवार को हजरतगंज में तैनात टीआई वैंकटेश समेत टीएसआई विकास ने किया। यह लोग करीब दस मिनट तक इस हैल्मेट को पहने रहे। जिसमें उन्होंने राहत मिलने की बात बतायी है। यह हेलमेट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। जिनका बैटरी बैकअप दो घंटे से लेकर आठ घंटे तक है। जल्द ही शासन को अपना फीडबैक देंगे और अपने लिए हेलमेट की मांग करेंगे।

# अवैध शस्त्र का निर्माण करते दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश के मैनपुरी जिले के थाना किशनी पुलिस टीम नें ग्राम दाउदपुर के पास ट्यूबेल की आड़ में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे दो आरोपियों पूरन उर्फ राजेश और अजय को गिरफ्तार किया।जिनके कब्जे से बाइस निर्मितअर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर और नौ जीवित और खोखा कारतूस तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे बरामद किया ।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार पूरन उर्फ राजेश हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मैनपुरी के थाना किशनी पर धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट तथा गैंगेस्टर एक्ट आदि के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

**पुलिस की पैरवी से दो को मिली सजा :** प्रदेश के सोनभद्र और अमरोहा जिले में पुलिस की प्रभावी पैरवी से दो आरोपियों को अलग अलग मामलो में सजा हुई है। यह सजा पुलिस की प्रभावी पैरवी से मिली है। पुलिस के मुताबिक सोनभद्र जिले के थाना चोपन पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय नें थाना चोपन पर दर्ज धारा 376एबी/323 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के मुकदमे के आरोपी भोला खरवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख एक हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।इसके आलावा अमरोहा जिले के थाना बछरायूं पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय नें थाना बछरायूं पर दर्ज धारा 498ए/304बी भादवि 04 डीपी एक्ट के मुकदमे के आरोपी सुनील को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व चालीस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

**गैंगेस्टर की सम्पत्ति कुर्क :** प्रदेश के कुशीनगर पुलिस ने आरोपी साने आलम निवासी हिलाली सराय थाना नखासा जनपद सम्भल द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी चल सम्पत्ति कीमत करीब 50 लाख रुपए को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क की गई।

**चोरी के मोबाइल संग दो गिरफ्तार:** आलमबाग पुलिस ने दो मोबाइल फोन चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन ने बताया कि पकड़े गए शातिरों ने अपना परिचय सुंदर कुमार महतो व देवराज कुमार निवासी- गावं तीन पहाड़, बाबूपुर थाना तीन पहाड़ तहसील राजमहल जनपद साहेबगंज झारखंड के रूप में दिया है। जो बंगला बाजार नियर इंडियन ऑइल पेट्रोल पम्प थाना आशियाना में सुनील यादव के मकान में किराये पर रहते है। जो भीड-भाड वाले इलाके में लोगों की जेब से मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो जाते थे। जिसे बेच कर अय्याशी करते थे।

## ससुरालीजनों पर लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में पति की मौत के बाद उसकी पत्नी ने अपनी जेठानी व जेठ सहित तीन लोगों ने मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोप है कि मेरे पति को इतना प्रताडित किया गया कि उन्होंने आत्महत्या कर ली। पीड़िता शशिलता यादव ने बताया कि वह अपने पति अश्वनी, बेटे अयांश व बेटी मानवी तथा सास-ससुर के साथ शाहखेड़ा गांव में रहती है। बंटवारे को लेकर उसके पति व जेठ अभिनाश व जेठानी ममता के साथ झगड़ा हो गया था। पीड़िता ने बताया कि बंटवारा होने ने बाद 21 अप्रैल की सुबह जेठ व जेठानी तथा जेठानी का भाई पिंकू फिर झगड़ा करने लगे थे। जिसके बाद मेरे पति मेरे व बच्चों के साथ मायके जियामऊ थाना गोमतीनगर चले आये थे। लेकिन पति ने शाम के वक्त घर वापसी कर ली। पीड़िता के आरोप लगाया कि घर वापसी के बाद मेरे पति अश्वनी को जेठ व जेठानी के साथ मिलकर जेठानी के भाई पिंकू ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिससे तंग आकर उन्होंने कमरे के अंदर जाकर फांसी लगा ली थी। जिसके बाद उन्हें फंदे से उतार कर सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता शशिलता की तहरीर पर जांच कराई जा रही है।

# प्लॉट बेचने का झांसा देकर दस लाख हड़पे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बंथरा कोतवाली में प्रॉपर्टी डीलर ने दस लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पहाड़पुर निवासी चंदन सिंह ने अक्टूबर 2023 में प्लॉट खरीदने के लिए प्रॉपर्टी डीलर हरिओम मिश्रा से सम्पर्क किया था। जिसके जरिए किसान छोटेलाल से जमीन खरीदने के लिए डील तय हुई। करीब 27 लाख में जमीन का सौदा पक्का होने के बाद चंदन ने दस लाख रुपये आरोपियों को दिए थे। फिर भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं की गई। चंदन के पूछताछ करने पर आरोपी टाल मटोल करते रहे। दबाव बनाने पर धमकाने लगे। लाखों रुपये फंसते देख चंदन ने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की थी। जिनके निर्देश पर बंथरा कोतवाली में हरिओम मिश्रा, छोटेलाल, उनके साथी सत्येंद्र और कमलेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**रुपया मांगने पर किया जानलेवा हमला:** बीबीडी कोतवाली में दीपक यादव ने 15 लाख हड़पने और जानलेवा हमला किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुलतानपुर निवासी दीपक यादव ने महानगर सेक्टर-ए निवासी कल्पना अग्रवाल और उनके पति विनोद से सम्पर्क किया था। बीबीडी स्थित ग्राम भैसोरा में आरोपियों ने तीन हजार वर्ग फीट जमीन दिखाई थी। जिसका सौदा करीब 15 लाख में तय हुआ था। पीड़ित के मुताबिक रुपये लेते वक्त कल्पना और विनोद ने रास्ता बना कर देने की बात कही थी। लेकिन उन्होंने प्लॉटिंग में रास्ते का निर्माण नहीं किया। पूछताछ करने पर धमकाने लगे और हवाई फायरिंग कर। पीड़ित दीपक ने बीबीडी कोतवाली में तहरीर दी थी। जहां मुकदमा दर्ज नहीं किया। परेशान होकर दीपक ने न्यायालय में अर्जी दायर कर दी। जहां से मिले आदेश के बाद आरोपी दम्पति के खिलाफ जानलेवा हमला करने और धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है।

**हवलदार के घर में चोरी:** बंथरा में चोरों ने सेना में हवलदार के बंद घर को निशाना बनाकर जेवरात और नगदी को चोरी कर लिया। बंथरा के काका कॉलोनी निवासी हवलदार उपेंद्र कुमार मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन में तैनात हैं। मूलरूप से वह मैनपुरी के नगलामऊ के रहने वाले हैं। उपेंद्र के मुताबिक 16 अप्रैल को वह परिवार के साथ गांव गए थे। रविवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घर के मेन गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी। वह घर पहुंचे तो देखा कि पूरे घर का सामान फैला पड़ा था। अलमारी में रख 14.50 लाख रुपये के जेवर और 50 हजार रुपये नगदी गायब थी। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**बंद मकान को बनाया निशाना:** बंथरा इलाके में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर गहने और नगदी पार कर दी। मूल रूप से मैनपुरी जिले के भोगांव थाना अंतर्गत नगला लऊ निवासी उपेंद्र कुमार के मुताबिक वह बंथरा स्थित एयरफोर्स स्टेशन मेमोरा में तैनात है। बंथरा बाजार के निकट काका कॉलोनी में रहते हैं। उपेंद्र का कहना है कि बीती 16 अप्रैल को वह बंथरा वाले मकान में ताला बंद कर अपने मूल गांव चले गए थे। इस दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर कीमती गहने और नगदी चोरी कर ली।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**माल।** रविवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार परशुराम (60) को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गयी। माल के रघुनाथपुर निवासी बब्लू ने बताया कि उसके पिता परशुराम माल स्थित गौशाला में नौकरी करते थे। रविवार शाम को पिता साइकिल से ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। वह गांव के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार बाइक सवार अऊमऊ गांव निवासी मछुआरे गोमती नदी से मछली पकड़ कर घर वापस लौट रहे थे। जिन्होंने अन्यिंत्रित होकर उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से उछलकर वह दूर जा गिरे। आनन- फानन में पिता परशुराम को अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक परसुराम के परिवार में पत्नी कन्या देवी तीन बेटे सर्वेश, राकेश और बबलू हैं। मृतक का बड़ा बेटा सर्वेश बाहर रहकर मजदूरी करता है। जो मंगलवार को घर पहुंच रहा है। उसके घर आने के बाद ही थाने पर तहरीर दी जायेगी और शव का अंतिम संस्कार भी किया जायेगा।

## ग्राफिक डिजाइनिंग में भविष्य बनायेंगी प्राची



लखनऊ। यूपी बोर्ड के जारी परिणाम में लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कालेज के हाईस्कूल की प्राची विश्वकर्मा ने 70 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। उन्होंने अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के अलावा कोचिंग में आठ घंटे पढ़ाई करती थी, जिसके चलते यह उपलब्धि हासिल हुई। आर्ट साइड से पढ़ाई कर रही हूं। भविष्य में ग्राफिक डिजानिंग कोर्स करना चाहती हूं। इनके पिता अवधेश विश्वकर्मा प्राइवेट नौकरी करते है और मां रेखा विश्वकर्मा गृहिणी है।

## क्लासरूम गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफडीपी करायेगा एकेटीयू

**लखनऊ।** एकेटीयू ने अपने संबद्ध संस्थानों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कराने का निर्णय लिया है। इससे कक्षाओं की गुणवत्ता सुधारने का दावा किया गया है। प्रा ?विधिक विवि ने स्क्रीनिंग के बाद संबद्ध संस्थानों में इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग विषयों के 21 एफडीपी आयोजित करने का फैसला लिया है। संस्थानों को इन्हें 15 सितंबर से पहले कराना होगा। जिसे आयोजित कराने के लिए विश्वविद्यालय आर्थिक सहायता भी देगा। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय ने एफडीपी कराने का निर्णय क्लासरूम में शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लिया है। इससे शोध और नवाचार के लिए जहां बेहतर वातावरण बनेगा वहीं संस्थानों में एनईपी 2020 के क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी। एफडीपी में नई उभरती तकनीकी के साथ ही एनईपी, आर्किटेक्चर और प्लानिंग में नई शोध की संभावनाएं, उद्यमिता और नवाचार, सतत विकास के लिए हालिया सिद्धांत के अलावा नैक ग्रेडिंग आदि विषय को रखा गया है। इससे शिक्षकों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा।

# हनुमान जी का जन्मोत्सव आज, घरों व मंदिरों में होगी विशेष पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वीर हनुमान जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। इस वजह से हर साल चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस साल हनुमान जन्मोत्सव पर अद्भुत संयोग बन रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, हनुमान जी भगवान शिव के अवतार हैं और त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम की मदद के लिए उन्होंने यह अवतार लिया था।

वे भगवान शिव के परम भक्त हैं। माता सीता की खोज हो, संजीवनी बूटी लानी हो या फिर राम-लक्ष्मण को नागपाश से मुक्त कराना हो, यह सबकुछ वीर बजरंगबली ने किया, जिसकी वजह से उनको संकटमोचन कहा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 23 अप्रैल दिन मंगलवार को तड़के 03 बजकर 25 मिनट पर होगा। इसकी समाप्ति 24 अप्रैल दिन बुधवार को प्रातः 05 बजकर 18 मिनट पर होगा. उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, इस बार हनुमान जयंती 23 अप्रैल मंगलवार को है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर बन रहा अद्भुत संयोग

कहा जाता है कि जब हनुमान जी का जन्म हुआ तो उस दिन मंगलवार था। इस साल भी हनुमान जयंती के दिन मंगलवार है। इस वजह से हनुमान जन्मोत्सव पर यह अद्भुत संयोग बना है। मंगलवार को हनुमान जी का जन्म होने के कारण उस दिन व्रत रखते हैं और वीर बजरंगबली की पूजा करते हैं। इस साल 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन चित्रा नक्षत्र और वज्र योग है। वज्र योग प्रातःकाल से लेकर 24 अप्रैल को प्रातः 04 बजकर 57 मिनट तक है। उस दिन चित्रा नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर रात 10 बजकर 32 मिनट तक है, उसके बाद स्वाति नक्षत्र है।

**साल में दो बार मनाते हैं प्राकट्योत्सवः** पं. बिन्द्रेस दुबे बताते हैं कि भारत में हनुमान महाराज का प्राकट्योत्सव साल में दो बार मनाया जाता है, पहला चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को और दूसरा दीपावली से पहले कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को। चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा प्राकट्योत्सव की मूल परंपरा दक्षिण भारत में अधिक प्रचलित है, जबकि उत्तर भारत में इसे अमूमन कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। अयोध्या की हनुमान गढ़ी में भी कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को ही हनुमान प्राकट्योत्सव मनाया जाता है।

**झूलेलाल घाट पर मनेगी हनुमान जन्मोत्सवः** सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित सनातन समागम व आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर 23 अप्रैल, शाम 6:30 बजे होगा।

चैत्र पूर्णिमा व श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 124वे सनातन समागम में श्री हनुमान चालीसा यज्ञ के साथ तम्बाकू मुक्त लखनऊ विषयक स्लोगन, पेंटिंग, प्रतियोगिता होगी साथ ही दीपदान संकल्प लिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत श्री पंचमुखी हनुमान जी की झांकी और अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे और 05 विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान भी दिए जाएंगे। इस बार आई आर सी टी सी रेलवे के एमडी प्रशांत सिन्हा व राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी आरके त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि होंगे।

**हनुमान जन्मोत्सव का मुहूर्तः** इस साल हनुमान जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04:20 बजे से 05:04 बजे तक है। वहीं इस साल अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकरी 46 मिनट तक है। उस दिन आप हनुमान जी की पूजा सुबह 09:03 बजे से 10:41 बजे के बीच कर सकते है। उस दिन लाभ-उन्नति मुहूर्त 10:41 बजे से दोपहर 12:20 बजे तक है। वहीं अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त दोपहर 12:20 बजे से दोपहर 01:58 बजे तक है।

## शहर के हनुमान मंदिरों में तैयारी संग विशेष सजावट





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। मंगलवार को बजरंगबली के जयकारों के बीच विशेष आरती होगी। हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें सिंदूर अर्पित किया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सोमवार से ही सुबह नौ बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ।

हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य ने बताया कि आज सुबह दस बजे से हनुमानजी का अभिषेक षोडशोपचार पूजन, हवन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। भोर पांच बजे से ही मंदिर का पट खोल दिया गया है। सुबह छह बजे पवनपुत्र हनुमान की आरती में सैकड़ो भक्त शामिल हुए। आज दोपहर में हनुमान जी की विशेष आरती भी की जाएगी। उसके बाद रात आठ बजे आरती की जाएगी।

पक्का पुल के पास लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ होगा। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया है। वहीं भंडारा एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अलीगंज के नए और पुराने हनुमान मंदिर के अलावा गुलाचिन मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए भोर से मंदिरों में जुट गए हैं। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजन होगा। हजरतगंज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर के साथ ही शहर भर के हनुमान मंदिरों में भक्तों की कतार लगी हैं।

**इन मंदिरों में होंगे आयोजनः** बाबा नीब करौरी वेद कर्मकांड शिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि हनुमान सेतु मंदिर में इस उत्सव की शुरूआत मंगलवार से हो जाएगी। उस दिन सुबह 9 बजे से रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू किया जाएगा। पांच अप्रैल को पाठ के समापन पर भगवान श्रीराम मारुति यज्ञ के साथ भजनों का कार्यक्रम होगा। मुख्य कार्यक्रम 23 अप्रैल को होगा। उसमें हनुमान महाराज का अभिषेक, पूजन, आरती, भोग अर्पित करने के बाद लड्डू का वितरण प्रसाद के रूप में किया जाएगा। दोपहर 11 बजे से भजन कार्यक्रम और शाम चार बजे से सुंदरकाण्ड का पाठ होगा। भीड़ को देखते हुए परिक्रमा पथ से प्रवेश कर गणेश द्वार से निकास की व्यवस्था की गई है।

अलीगंज पुराने हनुमान मंदिर के महंत गोपाल दास की अगुआई में सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 से 10 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। वहां हनुमान महाराज का फूलों और चंदन से श्रृंगार पूजन किया जाएगा। भंडारा दोपहर 12 बजे भोग के बाद शुरू हो जाएगा। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में राकेश दीक्षित ने बताया कि मंदिर में हनुमान जी का फूल और फलों से श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही हनुमान महाराज को खासतौर से मलयागिरि चंदन का टीका लगाया जाएगा। मंदिर में पूजन के साथ भंडारा भी होगा।

चौक पक्का पुल के पास पातालपुरी लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी और सचिव पंकज सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में 101 महिलाएं 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगी। जन्मोत्सव में सुबह 5 से रात 10 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। सुंदरकांड के पाठ संग मंदिर में भंडारा भी लगाया जाएगा।

## हनुमत सेवा समिति की राम हनुमत संकल्प यात्रा शुरू

- 51 मंदिरों की यात्रा करते हुए 23 अप्रैल को प्रयागराज में लेगी विराम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रभु राम के अनन्य भक्त हनुमान महाराज के प्राकट्योत्सव के पावन अवसर की पूर्व संध्या पर सोमवार 22 अप्रैल को हनुमत सेवा समिति की ओर से राम हनुमत संकल्प यात्रा स्थानीय हुसैनगंज के राम हनुमान मंदिर से शुरू हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने जयकारे लगाए और हनुमान चालीसा का वितरण किया।

हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष और यात्रा के संयोजक विवेक पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि राम हनुमत संकल्प यात्रा स्थानीय हुसैनगंज स्थित प्रतिष्ठित राम हनुमान मंदिर से शुरू होकर 51 मंदिरों की यात्रा करते हुए हनुमान महाराज के जन्म उत्सव के दिन मंगलवार 23 अप्रैल को प्रयागराज स्थित प्रतिष्ठित लेटे हनुमान जी मंदिर परिसर में विराम लेगी। इस यात्रा का उद्देश्य है कि लोग मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के प्रेरक आचरण को अपने जीवन में उतारे। अकसर लोग प्रभु राम को तो मानते हैं पर उनकी कही बातों का अनुसरण नहीं करते हैं।

## लखनऊ के 'द लिटिल म्यूजियम' से है हनुमान जी का गहरा नाता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** अगर आप को भी ऐतिहासिक और पौराणिक चीजों से लगाव है और आप लखनऊ के रहने वाले हैं, तो यह खबर आपके लिए है। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित 5/40 विनयखंड में द लिटिल म्यूजियम है। यहां हनुमान जी जुड़ी कुछ चीजें है, जो आप सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक खुला रहता है।

इस म्यूजियम की सबसे बड़ी बात यह है कि यह आम लोगों के लिए भी बिल्कुल निशुल्क हैं यहां पर विश्व की सबसे छोटी हनुमान चालीसा मौजूद है। इसे पढ़ने के लिए लेंस की जरूरत पड़ती है। इस दुर्लभ और अद्भुत हनुमान चालीसा को अशोक कुमार ने चांदी के छोटे से बॉक्स के अंदर सोने के बेहद खूबसूरत कलश में रखा हुआ है। अशोक कुमार बताते हैं कि 1969 में भगवान हनुमान पर डाक टिकट निकाला गया था। वह डाक टिकट आज भी इस म्यूजियम में है, इसके बाद से उन्हें बजरंगबली से जुड़ी हुई सभी चीजों को कलेक्ट करने का शौक लगा। हनुमान भगवान की सोने चांदी की प्रतिमा भी इनके पास हैं जो बेहद दुर्लभ हैं। इस म्यूजियम में आपको राम भक्त हनुमान की हर प्रकार की मूर्तियां नजर आएंगी। सोना चांदी से लेकर तस्वीर, राम दरबार और उनके विभिन्न रूपों की मूर्तियां भी यहां पर आपको देखने के लिए मिलेंगी। इस म्यूजियम में बेहद दुर्लभ डाक टिकट भी मौजूद हैं। इस म्यूजियम में डाक टिकट में राम मंदिर से लेकर मुगलकालीन तक के सिक्के भी देखने के लिए मिलेंगे।

इस म्यूजियम की खासियत यह है कि यहां पर अंडे पर बने हुए प्रभु श्री राम की भी प्रतिमा है। इसके अलावा यहां पर आपको पतंग पर भी हनुमान जी बने हुए दिख जाएंगे। यह म्यूजियम एक धार्मिक म्यूजियम है लेकिन यहां पर आपको महात्मा गांधी की भी तमाम प्रतिमाएं मिलेंगी। इसके अलावा राम भक्त हनुमान, राम दरबार, डाक टिकट और दुर्लभ प्राचीन सिक्के भी देखने के लिए मिलेंगे। सब कुछ यहां पर प्राचीन युग का ही है।

## चित्रगुप्त मंदिर में शुरू हुआ सवा लाख मंत्रों का जाप

**लखनऊ।** भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव से पूर्व सोमवार को जवाहर भवन स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कलश स्थापना हुई। वहीं गुरुकुल के 11 बटुकों ने भगवान चित्रगुप्त के मंत्र का सवा लाख जाप शुरू किया। चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सवा लाख मंत्र जाप 23 को पूरा होगा। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त जी का 16 प्रकार से पूजन होगा। 56 भोग लगाया जाएगा। भंडारा होगा। इसके बाद शाम को शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकलेगी। इस मौके पर कर्मचारी नेता सुशील कुमार बच्चा, एसके वर्मा, संजीव सक्सेना, अनूप कुमार श्रीवास्तव, राहुल सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, महामंत्री राम धनुक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हनुमत जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ राम मारुति यज्ञ

**लखनऊ।** श्री हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को हनुमान सेतु स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में राम मारुति यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की पूणार्हुति के बाद भगवान की आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इससे पहले रविवार से शुरू हुआ अखंड रामायण का पाठ का समापन भी हुआ। हवन-पूजन में मंदिर सचिव दिवाकर त्रिपाठी, मुख्य पुजारी भगवान जी, विद्यालय प्राचार्य चन्द्रकांत द्विवेदी, आचार्य गोविंद कुमार शर्मा, उमेश पाठक, सोमनाथ तिवारी, वेद विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## रागमाला आधारित लघु चित्रों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में गायन विभाग की ओर से रागमाला पर आधारित लघु चित्रों की त्रिदिवसीय प्रदर्शनी लगी। पद्मश्री डॉ. विजय शर्मा और उनके साथी कलाकार चंबा, हिमाचल प्रदेश से हमारे बीच पधारे थे। कुलपति प्रो मांडवी सिंह ने मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह, विशेष अतिथि पद्मश्री डॉ. विजय शर्मा और सभी कलाकारों का स्वागत किया। पद्मश्री डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि राग माला चित्र राजस्थानी शैली के भी होते हैं लेकिन उन्होंने काँगड़ा शैली में इन चित्रों को बनाया और खेमराज की राग माला पर आधारित पुस्तक से उन्हें इन चित्रों को आकार देने की प्रेरणा मिली। उन्होंने भैरव, मेघ, मालकौंस, हिंडोल, गुर्जरी, अहीरी आदि राग-रागिनियों पर आधारित चित्र इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह कहा कि ललित कलाएँ आपस में अंतर्निहित हैं। गायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ सृष्टि माथुर, नृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञानेन्द्र वाजपेयी, धर्मनाथ मिश्रा, डॉ रश्मि चौधरी, डॉ अभिनव सिन्हा, सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## यश कुमार की भोजपुरी फिल्म 'इत्तेफाक' का ट्रेलर रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रोचक बातों को लेकर फिल्म बनाने वाले सुपरस्टार एक्टर यश कुमार की नई फिल्म 'इत्तेफाक' का ट्रेलर रापचिक यूट्यूब से रिलीज हो गया है, जो अब वायरल हो रहा है। फिल्म के ट्रेलर के अनुसार कहानी सात समुंदर पार भोजपुरी वासियों से जुड़ी है। फिल्म की प्लॉटिंग भी जबरदस्त है और यह फिल्म कमर्शियली भी फिट है, जिसके निमार्ता बलेश जैन और स्वाति झाब हैं। फिल्म का निर्देशन अजय श्रीवास्तव ने किया है जो कई सुपरहिट फिल्में भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर पहले भी दे चुके हैं। कहानी को लेकर यश कुमार ने बताया कि यह फिल्म प्योर भोजपुरी है और यह भोजपुरी दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाली है। बात अगर करें फिल्म 'इत्तेफाक' के ट्रेलर की तो फिल्म का ट्रेलर 3 मिनट 48 सेकंड का है। फिल्म की कहानी शुरू होती है एक दो से जिसकी बेटी यानी शुभी शर्मा की शादी लंदन में रहने वाले एक लड़के यश कुमार से होने को होती है। लेकिन बीच में ट्विस्ट आता है और यश कुमार लंदन की लड़की अर्शिया अर्शी के प्यार में पर जाते हैं। इन दोनों के बीच यश कुमार की शादी किससे होगी, इसके लिए भोजपुरी के दर्शकों को फिल्म के रिलीज होने का इंतजार करना होगा। लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि फिल्म बेहद मनोरंजक होने वाली है और इसके गाने और संवाद से दर्शन रीझे बिना नहीं रह सकेंगे। आपको बता दें कि फिल्म 'इत्तेफाक' को निर्माण कैप्टन म्यूजिक के तहत तैयार किया गया है।

## प्यार, धोखे और मॉर्डर्न रिश्तों में उलझी है 'दो और दो प्यार'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- कास्ट: विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डी'क्रूज, सेंधिल राममूर्ति
- डायरेक्टर: शीर्षा गुहा ठाकुरता

**रेटिंग-2/5**

**लखनऊ।** शीर्षा गुहा ठाकुरता द्वारा निर्देशित फिल्म 'दो और दो प्यार' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म रिलेशनशिप में प्यार, धोखे, बेवफाई, सेक्स और कॉन्फ्लिक्ट पर खुलकर बात करती है। शीर्षा गुहा की डेब्यू फिल्म मॉडर्न डे रिलेशनशिप और उससे जुड़ी दुविधाओं को दशार्ती है.

2 घंटे 12 मिनट की यह फिल्म रिलेशनशिप और शादीशुदा जीवन के संघर्ष की वास्तविकता को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रदर्शित करती है. इस फिल्म में इमोशनल ड्रामा के साथ-साथ आपको कॉमेडी का डोज भी मिलेगा। वहीं, अगर इस फिल्म के डायलॉग्स की बात करें तो इन्हें लिखा है अमृता बागची ने। फिल्म के डायलॉग बिना ओवर द टॉप लगे दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं और आपको हंसाते हैं। दो और दो प्यार कहानी है काव्या गणेशन (विद्या बालन) और अनिरुद्ध बनर्जी (प्रतीक गांधी) की। काव्या और अनिरुद्ध की शादीशुदा जिंदगी पर बात करती ये फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आनेवाली है। फिल्म में दिखाया गया है कि काव्या और अनिरुद्ध तीन साल की डेटिंग के बाद पिछले 12 सालों से शादी के रिश्ते में बंधे हुए हैं।

दोनों की शादीशुदा जिंदगी में तमाम तरह की परेशानियां भी दिखाई गई हैं। इस फिल्म में एक सीन है जहां हम काव्या को चिल्लाते हुए सुनते हैं कि उसे अनिरुद्ध की फेवरेट डिश 'बैंगन पोस्तो' से नफरत है, तो वहीं, अनिरुद्ध को इस बारे में शिकायत करते देखते हैं कि कैसे उसे काव्या के स्टेलेस स्टील बर्तनों से परेशानी है। फिल्म में ये बताया गया है कि कैसे 12 साल की ये शादी इस मोड़ पर पहुंची है। इस फिल्म में दोनों ही किरदारों को एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर करते दिखाया गया है। काव्या एक हॉट फोटोग्राफर विक्रम (सेंधिल राममूर्ति) के साथ सपने बुन रही है, जो न्यूयॉर्क में सब कुछ छोड़ चुका है और चाहता है कि काव्या उसके साथ एक सी फेसिंग अपार्टमेंट में रहे। वहीं, अनिरुद्ध को थिएटर कलाकार नोरा उर्फ ??रोजी (इलियाना डी'क्रूज) से एक्स्ट्रा मैरिटल करते दिखाया गया है। इस फिल्म में दोनों ही किरदारों पर अपने-अपने पार्टनर से सच कबूलने के प्रेशर को दिखाया गया है। काव्या और अनिरुद्ध इस बात को लेकर कंफ्यूज हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए।

उनकी शादी में अब कुछ नहीं बचा है, ये जानने के बाद भी दोनों किरदार एक अंतिम संस्कार में अपने रोमांस को फिर से जगाते हैं। दर्शकों के लिए ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या उन्हें इसका अफसोस है? या क्या इससे उन्हें एक बार फिर करीब आने में मदद मिलती है? क्या वे धोखा देना जारी रखेंगे? या क्या उनका रिश्ता और भी उलझ जाएगा? विद्या बालन ने इस फिल्म में अपना रोल बहुत ही ईमानदारी से निभाया है। उनकी हंसी संक्रामक है और कॉमिक टाइमिंग धमाकेदार है। वहीं, इमोशनल सीन्स में भी विद्या बालन प्रभावशाली नजर आई हैं। प्रतीक गांधी ने एक बार फिर अपनी परफॉर्मेंस से लोगों को सप्राइज किया है। प्रतीक का किरदार जितना इंटेंस दिखाया गया है, उतना ही केयरफ्री भी. सेंधिल अपनी एक्टिंग से इस फास्ट पेस्ड फिल्म में शांति लेकर आए हैं। वहीं, सेंधिल के एक्सप्रेशन्स दर्शकों को खुश कर सकते हैं। अगर इलियाना के किरदार की बात करें तो इनके किरदार के आर्क को और बेहतर तरीके से लिखा जा सकता था।

सुप्रतिम सेनगुप्ता और ईशा चोपड़ा द्वारा लिखी गई यह फिल्म मुख्य रूप से टूटी हुई शादियों और बेवफाई पर बात करती है, लेकिन इस फिल्म में एक पिता और बेटी के रिश्ते की खूबसूरती को भी दिखाया गया है। यह फिल्म एक बहुत ही परिपक्व और कुछ हद तक साहसी कहानी है जिसमे ह्यूमर का सही बैलेंस है।

## आज के परिवेश में अपनी संस्कृति से जुड़े रहें

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महामहोत्सव पर संगोष्ठी सभा का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महामहोत्सव के अवसर पर जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मनेजमेंट प्रेक्षागृह मे एक संगोष्ठी सभा आयोजित की गई। जिसमे बड़ी संख्या मे स्वयंसेवक, जैन समाज के अनेकों साधर्मी बंधु सहित अनेकों संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान महावीर स्वामी की प्रार्थना व कु सृष्टि जैन द्वारा मंगलाचरण से हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्ष ई पवन कुमार जैन के साथ मुख्य वक्ता कौशल एवं मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डा देवेन्द्र कुमार अरोरा ने विशिष्ट अतिथि अरुण जैन, सरवन सिंह बघेल, विमल श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, प्रो राजशरण शाही एवं सूर्य कुमार शुक्ल के साथ मे भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समिति द्वारा सभी उपस्थित अथितियों का प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र भेंट कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता कौशल जी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत अहिंसा के संबंध मे व्याख्यान दिए। उन्होंने कहा कि प्राणी मात्र पर दया करना ही अहिंसा है। करूणा दान ही सर्वश्रेष्ठ दान है। न्यायमूर्ति देवेन्द्र ने बताया की जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म आज से 2623 वर्ष पूर्व बिहार के कुंडलपुर गाँव मे हुआ था जो वर्तमान मे नालंदा जिले मे आता है। महावीर स्वामी ने विश्व को जिओ ओर जीने दो का सिद्धांत दिया। सरवन बघेल जी ने कहा की जैन समाज के साथ आर एस एस का यह प्रयास बहुत ही धर्म प्रभावना को बढ़ाने वाला है। आज के परिवेश मे आवश्यक है की हम अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। इसलिए समाज मे धर्म जागरण इस प्रकार के कार्यक्रमों से ही आएगा। सामाजिक सद्भाव एवं समरसता के लिए सनातन के विभिन्न समुदायों का एक साथ कार्यक्रम आयोजित होना नितांत आवश्यक है। अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने कहा कि जैन समाज अनेकान्तवाद का समर्थक है। श्री जैन ने आगे कहा कि भारत में रहने वाला कोई अपना सर नेम कुछ लगाता है कोई कुछ लगाता है हिन्दू कौन लगाता है जैसे किराना की दुकान में आप किराना माँगे तो आपको क्या मिलेगा आपको बताना होगा कि आपको नमक चाहिए चीनी चाहिए बताना होगा। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। इससे जैन समाज को बहुत संबल प्राप्त हुआ है। यह प्रथा अवसर है की जब जैन तीर्थंकर के जन्मकल्याणक को लखनऊ मे मनाने के लिए कोई संगठन आगे आया है। कार्यक्रम अध्यक्ष ई पवन कुमार जैन जी ने महावीर स्वामी का गुणानुवाद करते हुए कहा की जैन धर्म क्षत्रियों का धर्म है हमारे सभी तीर्थंकर ईक्षवाकू वंश मे उत्पन्न हुए हैं।

# गोरखपुर-एलटीटी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 26 अप्रैल एवं 01 मई को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से तथा 28 अप्रैल एवं 03 मई को गोरखपुर से 02 फेरों के लिये चलाया जायेगा।

फलस्वरूप 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 26 अप्रैल एवं 01 मई को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, तीसरे दिन कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोण्डा तथा बस्ती होते हुए गोरखपुर 09.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01086 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 28 अप्रैल एवं 03 मई को गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 00.25 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 23 अप्रैल को सहरसा, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़ तथा गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली 07.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है।

**लखनऊ-वाराणसी के बीच चलेगी मेमू स्पेशल:** रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकालीन में यात्रियों की सहुलियत के लिए 22 अप्रैल से 21 मई तक लखनऊ-वाराणसी के बीच मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जो हफ्ते में सातों दिन चलेगी। ट्रेन लखनऊ से वाराणसी के बीच 16.30 पर प्रस्थान कर बाराबंकी, दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर, बावतपुर होते हुए वाराणसी रात 21.50 बजे पहुंचेगी। तो वाराणसी से सुबह 6.25 पर प्रस्थान कर लखनऊ 11.45 बजे पहुंचेगी।

## किसान आंदोलन के कारण आज भी प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

**लखनऊ।** पंजाब के शंभू स्टेशन पर पिछले कई दिनों से किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें लगातार प्रभावित हो रही है। 23 अप्रैल को जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किये गये हैं उनमें संख्या 12238 जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 12318 अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 18103 टाटानगर-अमृतसर जलियावाला बाग एक्सप्रेस अंबाला कैंट, चंडीगढ़, सरहिन्द, स्नेहवाल होकर चलेगी। 22445 कानपुर सेंट्रल-अमृतसर एक्सप्रेस अंबाला कैंट, चंडीगढ़, सरहिन्द, स्नेहवाल होकर चलेगी। 13006 अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 13152 जम्मूतवी- कोलकाता सियालदाह एक्सप्रेस स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 13308 फिरोजपुर कैंट-धनबाद किसाल एक्सप्रेस स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस लुधियाना, धुरी, जाकाल होकर चलेगी। 22446 अमृतसर-कानपुर सेंट्रल स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी। 12470 जम्मूतवी-कानपुर सेंट्रल स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी।

## बिजली उत्पादन इकाइयों को जल्द शुरू किया जाये : आशीष गोयल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली की उपलब्धता बढ़ाने में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में सोमवार को उन्होंने उत्पादन निगम की निमार्णाधीन तापीय परियोजनाओं की इकाइयों का काम तय समय में पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन इकाइयों से तय समय से बिजली उत्पादन शुरू होने चाहिए। उन्होंने जवाहरपुर, ओबरा, पनकी, घाटमपुर तथा खुर्जा की निमार्णाधीन इकाइयों का काम तेजी से पूरा करने के लिए कहा है। अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में राज्य में बिजली की मांग में तेज इजाफा होगा। मांग के मुताबिक, राज्य में बिजली उपलब्ध हो और तय शिड्यूल के मुताबिक उपभोक्ताओं को बिजली दी जा सके, इसके लिए जरूरी है कि निमार्णाधीन इकाइयां जल्द से जल्द उत्पादन से जुड़ जाएं। इस गर्मी में कोई भी उत्पादन बंद न हो इसका ध्यान रखा जाए। बैठक में उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कैसरबाग डिपो में बाहरी बस को आउटर पर रोका जायेगा

लखनऊ। डालीगंज के रास्ते सीतापुर से आने वाली बसों को डायवर्ट किया जा रहा है। इससे काफी हद तक बसों से जाम की स्थिति कम हुई है। इसके पीछे एक वजह यह भी है कि लखनऊ परिक्षेत्र के अंतर्गत कैसरबाग बस स्टेशन आने वाली बसों के फेरे भी कम किए गए है। ताकि खाली बसों की संख्या कम करके भी बसों से ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिल सके। कैसरबाग में बसों से जाम न लगने पाए, इसके लिए कैसरबाग डिपो के अलावा गैर डिपो से आने वाली बसों को आउटर पर रोका जाएगा। इनमें गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी और सीतापुर रूट की बसें शामिल हैं। वहीं बसें कैसरबाग बस अड्डे आएंगी, जिसमें पूरी सवारी होगी। बस में 10-15 या 20 से कम सवारी होगी तो बसें आउटर पर रोक दी जाएंगी। कैसरबाग डिपो के एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि सख्ती का असर दिखने लगा है। इसके पीछे वजह ये है कि अयोध्या और बाराबंकी रूट की बसों को अवध बस स्टेशन पर रोका जा रहा है।

# अब तक कुल 31648.92 लाख रुपये की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 1 मार्च से 21 अप्रैल तक कुल 31648.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2958.56 लाख रुपये नकद धनराशि, 4222.65 लाख रुपये कीमत की शराब, 21149.75 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 21 अप्रैल को कुल 129.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 11.92 लाख रुपये नकद धनराशिए 85.06 लाख रुपये कीमत की 31611.77 लीटर शराब, 28.60 लाख रुपये कीमत की 62850.10 ग्राम ड्रग एवं 3.43 लाख रुपये कीमत की 4490 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी। 21 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में बुलन्दशहर की खुर्जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11.13 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 4280 लीटर शराब पकड़ी गयी।

**अब तक कुल 1,13,32,851 हटायी गयी प्रचार-प्रसार सामग्री:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,95,841, पोस्टर के 20,37,104 बैनर के 10,91,799 एवं अन्य 7,17,245 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1272 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज, 6 एनसीआर सहित कुल 93 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सघन जांच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 21 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4299 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,94,133 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस भेजे गये है, जिनमें से 19,88,832 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7397 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7471 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 398 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2965 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 145 केन्द्रों को सीज किया गया। 21 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 1 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,824 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 146 कारतूस व 22 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 73 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 5 केन्द्रों को सीज किया गया।

# बीबीएयू: मारपीट करने वाले सुरक्षाकर्मियों को हटाने के विरोध में भूख हड़ताल शुरू



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीएयू में प्रॉक्टर, सुरक्षा अधिकारी और मारपीट करने वाले सुरक्षाकर्मियों को हटाने के लिए आंदोलन कर रहे छात्रों ने सोमवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी। 40 डिग्री तापमान में भूख हड़ताल कर अपनी मांग पर छात्र अड़े रहे। कई छात्रों की तबियत भी बिगड़ी, जिसके बाद विश्वविद्यालय के चिकित्सकों ने मेडिकल चेकअप किया। छात्रों ने छह सूत्रीय मांग को लेकर धूप में भी हड़ताल जारी रखी।

बीबीएयू में बीते 7 दिन से लगातार आंदोलन चल रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के नाम पर बने विश्वविद्यालय में बाबासाहेब की जयंती पर उनसे जुड़े कार्यक्रम पर रोक लगा दी जाती है। अपनी बात को लेकर छात्र 17 अप्रैल 2024 को कुलपति आवास पर उनसे मिलने गए जहां बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। छात्रों का आरोप है वहां पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा छात्रों को पीटा गया। भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की मांग है कि मारपीट की घटना के लिए उकसाने वाले सुरक्षाधिकारी बीएससैनी व मारपीट में शामिल सुरक्षाकर्मियों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाय, एसआईएस से सुरक्षा व्यवस्था लेकर किसी दूसरी एजेंसी को दी जाय, प्राक्टर व सुरक्षा अधिकारी की जांच की प्रक्रिया के दौरान तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटाया किया जाए, विश्वविद्यालय में सभी धार्मिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए। एसआईएस एजेंसी के द्वारा जो चार नामजद व 25 अज्ञात छात्रों के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है उसे वापस लिया जाए, विश्वविद्यालय के छात्र आचार संहिता को बदला जाए और डीन स्टूडेन्ट्स वेलफेयर प्रो बीर सिंह भदौरिया द्वारा धरनारत छात्रों के लिए 3 दिन से हास्टल मैस एवं कैन्टीन से खाना-पानी रोक दिया गया, ऐसे अमानवीय अधिकारी को तुरंत पद से हटाया जाए। वहीं विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर ने विश्वविद्यालय के गेट संख्या दो आवागमन को अग्रिम आदेश तक रोकने के आदेश जारी किए है।

## द ऑफ पब्लिक इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



**लखनऊ।** द ऑफ पब्लिक इंटर कॉलेज के कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा सौम्या वर्मा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सौम्या ने प्रदेश में नवी रैंक हासिल की है। इसके अलावा कक्षा 12 के दिवाकर कुमार, 93.8 प्रतिशत सालेहा खातून 91.8 प्रतिशत तथा कक्षा 10 की खुशी 92.83 प्रतिशत, राज कश्यप 92.83 प्रतिशत, आयुष 91.33 प्रतिशत, अनुष्का 90.83 प्रतिशत, रिया 90.33 प्रतिशत, अखिलेश 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। इसके अलावा अन्य मेधावी छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रबंधक राम जनम सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत करके कॉलेज के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम ऊंचा किया है।

## गर्मी में प्राइमरी स्कूलों का समय बदलने की गुहार

लखनऊ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीएम से तेज धूप और लू के चलते प्राथमिक स्कूलों के संचालन का समय बदलने की गुहार लगायी है। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को डीएम को ज्ञापन भेजकर प्राइमरी स्कूलों का समय सुबह 7:30 से 12:30 करने की मांग उठायी है। जिला मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर का कहना है कि प्राइमरी स्कूल सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक संचालित किये जा रहे हैं। 14 साल तक के बच्चे गर्मी में दोपहर दो बजे स्कूल में रहते हैं। उसके बाद स्कूल छूटने पर धूप में घर जाते हैं। गर्मी और लू से कई बच्चे बीमार हो रहे हैं।

## भविष्य में प्लास्टिक का उपयोग महाविद्यालय में किया जायेगा प्रतिबंध : प्रो. देवेन्द्र सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त पृथ्वी कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को हुआ। इस कार्यक्रम में नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में प्लास्टिक का उपयोग महाविद्यालय में प्रतिबंध किया जाएगा क्योंकि प्लास्टिक विभिन्न माध्यमों से हमारे शरीर में रक्त प्रवाह के रूप में बहता है और साथ ही हमारे आंतरिक भागों में चिपक जाता है और कैंसर जैसे विकारों को बढ़ावा देता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो देवेंद्र कुमार सिंह, भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. पीके सिंह, मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग के पूर्व छात्र डॉ. महबूब सहाना, पर्यावरणविद् कृष्ण नंद राय, सानवी कल्याण फाउंडेशन के डायरेक्टर सत्य प्रकाश तिवारी, सहयोगी शिक्षिका डॉ ऋतु जैन, डॉ अमित कुमार गुप्ता, डॉ अभिषेक सिंह, रिसर्च स्कॉलर रितांशू तिवारी, आशुतोष राजपूत सभी ने प्लास्टिक के संकट को समाप्त करने और हमारे ग्रह पर हर जीवित प्राणी के स्वास्थ्य की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# लोकसभा 2024 चुनाव में मोदी लहर नहीं है : सुनील सिंह

- महंगाई और बेरोजगारी ही बीजेपी को वोट के चोट से हराने का काम करेगा
- चुनाव में देश की जनता बदलाव चाहती है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन में शामिल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा का 400 सीट का नारा एक जुमला है। देश में कोई मोदी लहर नहीं है। पश्चिम के चुनावी चरणों में वोटिंग प्रतिशत ये बयां कर रहा है बीजेपी की हार सुनिश्चित है। बढ़ती महंगाई, आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और संघर्षों से लोग चिंतित है, लेकिन मोदी सरकार देश का ध्यान भटकाने में लगी हुई है कही धर्म के मुद्दों को लेकर तो कही समाज को बाटने को लेकर। इस चुनाव में बीजेपी लोगों का मुद्दों (महंगाई, बेरोजगारी, ) से ध्यान हटाने के लिए प्रमुखों को कार्यों में लगा दिया गया है। लेकिन ध्यान कुछ समय के लिए ही भटकता है। देश की जनता समझदार है जो परिणाम देने में देर नहीं लगाती है। जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार तीन सबसे बड़ी समस्याएं हैं। इसलिए 2024 का चुनाव देश के लिए और लोकतंत्र को बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पहले लोग कहते थे कि इनका कोई विकल्प नहीं है। लेकिन जब से प्छक्। गठबंधन बना है, लोग कहने लगे हैं कि कि यह गठबंधन 2024 में भाजपा की सरकार नहीं बनने देगी। बीजेपी की डबल सरकार किसी भी वर्ग के साथ अच्छा नहीं कर रही है। किसानों को एमएसपी नही दी। हमारे खिलाड़ी तक इस सरकार से परेशान रहे। महिला खिलाड़ियों को धरने पर बैठना पड़ा तब भी सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की. यह हमारे देश की बेटियों का अपमान है। सुनील सिंह ने कहा कि 2047 में देश विकसित भारत तो बनेगा, लेकिन उस दौरान आज का ना तो कोई देखने वाला होगा और ना ही कोई बोलने वाला बचेगा। इस बार चुनाव में किसान, खिलाड़ी, युवा, बेरोजगार सभी मिलकर बीजेपी को हराएंगे, और बीजेपी के घमंड को चकनाचूर करेंगे।

## अधूरे शौचालय निर्माण से छात्र छात्राओं को हो रही परेशानी

माल लखनऊ। सरकार जहां स्कूलों में नौनिहालों की शौच सम्बन्धी सुबिधा के लिये अलग-अलग शौचालयों की ब्यवस्था के लिये धन मुहैया करा रही है। वहीं जिम्मेदार हैं कि इस धन के बंदरबांट से बाज नही आरहे हैं। जिससे कई विद्यालयों में शौचालय अधूरे या जीर्णशीर्ण हालत में हैं। परिषदीय विद्यालयों में अधिकांश शौचालय गन्दगी की वजह से निष्प्रयोज्य हैं। अपवाद स्वरूप कहीं -कहीं शिक्षक अपने प्रयोग के निमित्त एक आध शौचालय को दुरुस्त रखते हैं जिसमें ताला झूलता रहता है। जिससे स्कूल की छात्राओं को भी बाहर जाना पड़ता है। वहीं दिब्यांग बच्चो के लिये लाखों की लागत से बनाया गया गौरैया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय का शौचालय नमूने के तौर पर देखा जा सकता है जो बीते काफी समय से अर्ध निर्मित दशा में पड़ा है। यहां के शिक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लगभग छह सात महीने से अधूरा पड़ा है। प्रधान व सचिव कोई ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।

## जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज में हाईस्कूल की छात्रा सुहानी विद्यालय में अव्वल




**नगराम।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2024 हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में नगराम के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में अच्छे अंकों से सफल होने वाले विद्यार्थियों का मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।? साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा में सुहानी ने 94.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपदीय टाप टेन मेरिट सूची में आने में आधा अंक से चूक गई। हाई स्कूल में 84.16% अंक पाकर दिव्या ने दूसरा व 81% अंक हासिल कर कंचन ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं इंटर मीडिएट परीक्षा में विद्यालय स्तर पर शनि कुमार ने 85% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दूसरा स्थान सियारानी 75.6% व तीसरा स्थान प्रियंका रावत 74.8% को मिला। सभी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता पिता को दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा व शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# हार की हताशा में झूठ बोल रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : अजय राय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री की सोमवार को हुई अलीगढ़ की रैली पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि किसानों की बात तो मोदी करते हैं, मगर उन्हें एमएसपी की गारंटी क्यों नहीं मिली, इस पर मौन साध लेते हैं। प्रदेश में गन्ने का राज्य समर्थित मूल्य (एसएपी) अगल-बगल के राज्यों में सबसे कम है इसका भी जवाब नहीं देते।

उन्होंने कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री होकर मोदी मंच से झूठ बोलते हैं। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में कही गई उनकी सारी बातें झूठ और दुर्भावना से ग्रसित हैं। आम लोगों की संपत्ति की बात तो प्रधानमंत्री करते हैं मगर भारत में अमीर गरीब की खाई अंग्रेजों के शासन काल से भी ज्यादा बढ़ गई है उस पर मौन साध लेते हैं। लूट की बात करते हैं मगर ये नहीं बताते कि मात्र 15 लोगों की संपत्ति इस देश के 70 करोड़ लोगों के बराबर है। राय ने कहा कि एनसीआर के विकास को यूपी का विकास बताकर भ्रम पैदा करने वाले मोदी इस पर भी खामोशी अख्तियार कर लेते हैं। योगी के शासनकाल में क्यों कोई भी और औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं हो पाया। 10 साल पहले अलीगढ़ में ताला उद्योग को आगे बढ़ाने का वादा करके आए मोदी आज इस सवाल पर भी खामोश हैं कि क्यों सरकार की गलत नीतियों की ओर ध्यान न देने के कारण इस पारंपरिक उद्योग पर बंदी का खतरा मंडरा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के भाषणों का गिरता स्तर और अमर्यादित भाषा उनकी हताशा का बयान कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 साल सरकार चलाने के बाद भी इनके पास कोई काम नहीं है जिसे यह मंच से जनता को बता सके। जनता ने इस बार मन बना लिया है कि अब इस जन विरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

# आने वाली पीढ़ी को प्लास्टिक मुक्त भविष्य देना हमारी जिम्मेदारी : पुष्पलता अग्रवाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हमारी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त भविष्य देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अब समय आ गया है कि हम अपने प्लैनेट अर्थ की पुकार सन लें। यह बातें विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए सेंट जोसेफ कालेज समूह के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कही। पृथ्वी दिवस पर सभी को अपनी धरती को बचाने की जागरूकता के लिए सेंट जोसेफ कालेज समूह की राजाजीपुरम, सीतापुर रोड व रूचिखण्ड शाखाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 2024 के पृथ्वी दिवस की थीम प्लैनेट बनाम प्लास्टिक थीम पर बच्चों फेस पेंटिग, पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिताओं में भाग लेने के साथ-साथ पॉलीथीन, प्लास्टिक हटाओ स्वच्छता अभियान तथा पौधरोपण जैसी क्रियाओं में उल्लासपूर्वक प्रतिभाग किया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्या राजाजीपुरम शाखा लीना शर्मा ने बच्चों को इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों हमें सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य किसी भी प्रकार की प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रयोग में लाना बंद कर देना चाहिये। हस अवसर पर सभी बच्चों सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथीन का प्रयाग न करने व इसके दुष्प्रभाव के प्रति अन्य दूसरों को जागरूक करने की शपथ भी ली।

संक्षेप

## परमार सेवा संस्थान ने मनाया पृथ्वी दिवस

**कुशीनगर**। जनता इण्टर कालेज रामकोला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग एवं दिशा निर्देश के अनुसार परमार सेवा संस्थान लखनऊ उत्तर प्रदेश के माध्यम द्वारा पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल 2024) को मनाया गया। जिसके कार्यक्रम के अध्यक्ष एच एन राव जी मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला एवं कार्यक्रम वरिष्ठ अतिथि अजीत सिंह रहे इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एचएन राव ने बताया कि आज हम सब आज हम सब पृथ्वी दिवस मना रहे हैं। हर साल 22 अप्रैल को अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस पृथ्वी दिवस को पहली बार 22 अप्रैल 1970 में मनाया गया था विश्व पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं बल्कि हमें हम सबको जिम्मेदारी है कि यह एक ऐसा अवसर है जो हर साल पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और सकारात्मक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना। हमें यह याद दिलाता है कि पृथ्वी की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# कम मत प्रतिशत वाले बूथों पर चलेगा विशेष अभियान

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया**। जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत 23 एवं 24 अप्रैल को मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय के निर्देश के क्रम में समस्त विधानसभाओं के 55 कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने आदेश जारी करके विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारियों को उसे बूथ पर कार्यक्रम करने हेतु उत्तरदायित्व निर्धारित किया है मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप नोडल ने बताया की मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में उन मतदान केंद्रों पर विशेष फोकस है, जहां विगत निर्वाचनों में मत प्रतिशत कम रहा है। वहां चुनाव पाठशालाओं, वोटर अवेयरनेस फोरम, इलेक्टरल लिटरेसी क्लबो के माध्यम से तथा संबंधित ग्राम सभा के ग्राम प्रधान के सहयोग से लोगों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं डोर टू डोर कैंपेन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और 1 जून को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की जिन मतदान केंद्रों पर कम मतदान हुआ है, वहां पर संबंधित अधिकारी समय से पहुंचकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराएंगे। जिन मतदान केंद्रों पर यह कार्यक्रम कराया जाना है उनमें 23 अप्रैल को

● जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बीडीओ बरहज के नेतृत्व में बूथ संख्या 124 प्रा०वि० कपरवार, बीडीओ भागलपुर के नेतृत्व में 334 पूर्व मा०वि० पनिका, एसडीएम बरहज के नेतृत्व में 285 प्रा०वि० जमीरा, एसडीएम रुद्रपुर के नेतृत्व में 340 प्रा०वि० सिसवा पाण्डेय, एएसडीएम रुद्रपुर के नेतृत्व में 81 इण्टर कालेज कन्हौली खास, बीडीओ बैतालपुर के नेतृत्व में 159 प्रा०वि० महराजगंज, परियोजना निदेशक के नेतृत्व में 127 प्रा०वि० पननहा, एसडीएम सदर के नेतृत्व में I एवं 262 एस०एस०बी०एल०इ०कालेज देवरिया, बीडीओ रामपुर कारखाना के नेतृत्व में 83 प्रा०वि० तवक्कलपुर, बीडीओ देसही देवरिया के नेतृत्व में 179 प्रा०वि० देसही देवरिया, बीडीओ भटनी के नेतृत्व में 300 प्रा०वि० रामपुर खुरहरिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी भटनी के नेतृत्व में 371 प्रा०वि० उसका, बीडीओ पथरदेवा के नेतृत्व 134 प्रा०वि० पिपरा कनक, जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में 298 प्रा०वि० मिश्रौली दीक्षित, एसडीएम सलेमपुर के नेतृत्व में 329 प्रा०वि० बैदौली, एसडीएम भाटपार रानी के नेतृत्व में 35 प्रा०वि० घाटीखास एवं 34 प्रा०वि० घाटीखास, बीडीओ बनकटा के नेतृत्व में 254 सर्वोदय इ0का0 गदहा उर्फ कानूनगो गांव, बीडीओ सलेमपुर के नेतृत्व में 42 प्रा०वि० बालेपुर कला, जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में 48 बाबासाहब मनिलाल माध्यमिक वि० बरठी, बीएसए के नेतृत्व में 339 प्रा०वि० सुतावर, जिला विकास अधिकारी के नेतृत्व में 74 प्रा०वि० इछौना सलेमपुर, उपायुक्त श्रम रोजगार के नेतृत्व में 16 प्रा०वि० मनिहारी, डीपीआरओ के नेतृत्व में 76 माता अष्टभुजी एस०एस० सलेमपुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी के नेतृत्व में 195 प्रा०वि० अमौना, उपायुक्त उद्योग केंद्र के नेतृत्व में 52 प्रा०वि० करौता, जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 188 प्रा०वि० डोल छपरा, जिला उद्यान अधिकारी के नेतृत्व में 264 प्रा०वि० इटौहुआ मिश्र में मतदाता जागरूकता हेतु रैली, रंगोली पेंटिंग पोस्टर एवं स्लोगन, मतदाता जागरूकता से संबंधित मेहंदी प्रतियोगिता, एथिकल वोटिंग से संबंधित वाद विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 24 अप्रैल को खादी ग्रामोद्योग अधिकारी के नेतृत्व में 41 प्रा०वि० परसिया भगवती, एसडीएम रुद्रपुर के नेतृत्व में 348 चन्द्रशेखर जू०हा०स्कूल लगड़ा बाजार, बीडीओ भागलपुर के नेतृत्व में 260 प्रा०वि० सोनबरसा, एएसडीएम रुद्रपुर के नेतृत्व में 231 आदर्श जू०हा० स्कूल रूद्रपुर, बीडीओ बैतालपुर के नेतृत्व में 132 प्रा०वि० सिरजम, एएसडीएम सदर के नेतृत्व में 169 प्रा०वि० बांकी, परियोजना निदेशक के नेतृत्व में 91 केन्द्रीय पी०एन०वी० पाननकुण्डा, बीडीओ तरकुलवा के नेतृत्व में 210 जू०हा० स्कूल तरकुलवा, बीडीओ भटनी के नेतृत्व में 383 प्रा०वि० सिंगहीडिह, बीडीओ भलुअनी के नेतृत्व में 244 प्रा०वि० खुखुन्दू, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में 235 जू०हा0स्कूल नूनखार, एसडीएम सलेमपुर के नेतृत्व में 387 प्रा०वि० बिन्दवलिया मिश्र, जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में 380 प्रा०वि० रामपुर नया भवन, बीडीओ भाटपार रानी के नेतृत्व में 64 प्रा०वि० सरया, एसडीएम भाटपार रानी के नेतृत्व में 211 प्रा०वि० नोनार पाण्डेय, बीडीओ लार के नेतृत्व में 231 प्रा०वि० धरवलिया लार एवं 232 प्रा०वि० धरवलिया लार, डीआईओएस के नेतृत्व में 332 कन्यापिण्डी, उपायुक्त श्रम रोजगार के नेतृत्व उसरहॉ, बीएसए के नेतृत्व में 211 प्रा०वि० परसिया चकलाल एवं 212 प्रा०वि० परसिया चकलाल, डीपीआरओ के नेतृत्व में 277 प्रा०वि० सरकड़ा, उपायुक्त उद्योग केंद्र के नेतृत्व में चला।

# जलाऊ लकड़ी लेने गये लोगों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। अपने खेत पर जलाऊ लकड़ी उठाने गये लोगों पर गांव के दबंगों पर धारदार हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू

● पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से दर्ज की एफआईआर, विवेचना शुरू

कर दी है। निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा में रहने वाले इन्द्रसिंह पुत्र मलखान सिंह लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रोज शाम करीब 8 बजे वह अपने खेत पर जलाऊ लकड़ी उठाने के लिए अपने पुत्र राजेन्द्र सिंह व फूलसिंह पुत्र शिवसिंह के साथ गया हुआ था।

तभी गांव के रतन सिंह, उजागर सिंह व गब्बर पुत्रगण मोतीलाल, गुलाब उर्फ गोलू पुत्र रतन एवं सुधा पत्नी रतन सिंह लोधी एकराय होकर आये और लकड़ी छीन ली।

इस दौरान उसके पुत्र राजेन्द्र सिंह ने उक्त लोगों को रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने सोची समझी साजिश के तहत जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से कुल्हाड़ी, लाठी-डण्डों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर शिवसिंह पुत्र मलखान सिंह, बहादुर पुत्र हरपाल सिंह, पुष्पेन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह भी खेत पर पहुंचे, जहां उक्त लोगों ने उन्हें भी रास्ते में जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये।

आरोप है कि घायलों को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर उक्त लोग मौके से भाग गये। इन्द्रसिंह लोधी की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ धारा 147, 149, 324, 323, 307, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर निकली जागरूकता रैली

जिला संवाददाता(vol)




**कुशीनगर**। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर के विशम्भरपुर स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के साथ पृथ्वी के संरक्षण हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई रैली को क्षेत्रीय वन अधिकारी

● गोष्ठी व पौधरोपण का हुआ आयोजन

कसया जयंत कुमार सिंह राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय से निकली रैली विशम्भरपुर सहित आस पास क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर में आकर ठहरी। लोगों को जागरूक करने हेतु रैली में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी नारे जैसे पौधे लगाएं पौधे बचाएं पौधे हैं तो जीवन है, धरती माता करें पुकार हरा भरा कर दो संसार, वृक्ष धरा के भूषण हैं करते दूर प्रदूषण हैं, कहते हैं सब वेद पुराण एक वृक्ष दस पुत्र समान आदि नारे लगाए। रैली निकालने के पूर्व प्राथमिक विद्यालय विशम्भरपुर में बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन कर पौधरोपण भी किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते वन अधिकारी जयंत कुमार सिंह राणा ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने हेतु अधिकाधिक पौधरोपण और उनका संरक्षण जरूरी है। पौधों से हमें प्राणवायु ऑक्सीजन के साथ साथ फल, फूल, छाया, सुगंध और घरेलू प्रयोग के वस्तुओं के निर्माण हेतु लकड़ियां भी प्राप्त होती है। गोष्ठी को उप निरीक्षक जलालुद्दीन और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने भी संबोधित किया। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमर प्रकाश पांडेय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पा सिंह, गीता शर्मा, चंद्रपाल सिंह, आलोक तिवारी, संतोष यादव, इंदु देवी, सत्यभामा सिंह, विद्या देवी, चाँदमती देवी, सुमित्रा देवी, इसरावती देवी आदि उपस्थित रहे।

## टैक्सी चालक समेत कई राहगीरों से मारपीट

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर टौरिया के पास रहने वाले टैक्सी चालक प्रकाश कुशवाहा पुत्र दयाराम कुशवाहा ने थाना नाराहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 20 अप्रैल को अपनी आपे टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी 3722 में जिला अस्पताल से मरीज को लेकर नाराहट छोड ? आया हुआ था। शाम करीब 5 बजे जामनी रोड पर मोहल्ला बरगौरा के पास वह पहुंचा ही था कि तभी सड़क पर चार अज्ञात लड़के आने-जाने वाले लोगों के साथ मारपीट कर रहे थे। वह जैसे ही अपनी टैक्सी लेकर उनके पास पहुंचा तो उक्त लोगों द्वारा उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी और टैक्सी के आगे का कांच व दोनों हेड लाइट को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया कि इस दौरान राहगीर ग्राम दिगवार निवासी हरदास पुत्र कुंजी के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और उसकी मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। वहीं एक और राहगीर ग्राम सिंगरवारा निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र ज्ञान सिंह के साथ भी मारपीट करते हुये मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त कर दी।

# बरेली लोकसभा चुनाव से हाथ और हाथी गायब

जिला संवाददाता(vol)

**बरेली**। यूपी की बरेली लोकसभा सीट के चुनाव में इस बार ना हाथ होगा ना ही हाथी। यहां सात मई को मतदान होगा, मगर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) में बसपा के हाथी, और कांग्रेस के हाथ के पंजे का सिंबल नहीं होगा, क्योंकि, बसपा के प्रत्याशी पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार का नामांकन पत्र शनिवार को खारिज हो गया है। जिसके चलते बसपा मतदान से पहले ही चुनाव से बाहर हो गई है। मगर, इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने यह सीट सपा के खाते में दे दी है।1952 से लेकर 2019 तक के लोकसभा चुनावों में कांग्रेसी प्रत्याशी चुनाव लड़ते थे। मगर, इस बार इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस का प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं है, लेकिन कांग्रेसी सपा के चुनाव चिंह पर चुनाव लड़ रहे प्रवीण सिंह ऐरन को चुनाव जिताने की कोशिश में जुटे हैं। हालांकि, बसपा ने लोकसभा चुनाव 2019 में यह सीट सपा को दी थी। जिसके चलते पिछले चुनाव में भी बसपा का सिंबल ईवीएम में नहीं था।

पूर्व मेयर व निर्दलीय उम्मीदवार सुप्रिया ऐरन ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब केवल 13 प्रत्याशी लोकसभा के चुनाव मैदान में बचे हैं। बरेली में 28 उम्मीदवारों ने 42 पर्चे दाखिल किए थे, जिनमें से 15 के नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गए।बसपा-आईएमसी के प्रत्याशियों समेत 15 पर्चे खारिज - लोकसभा चुनाव की पिच पर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) रन आउट हो लोकसभा के प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार का पर्चा ह्यतकनीकि कारणोंह्ल से खारिज कर दिया गया था। इसके साथ ही आईएमसी के प्रत्याशी एवं जिलाध्यक्ष फरहत खां समेतें खारिज हो गए। आईएमसी प्रत्याशी ने अंतिम दिन 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल किया था।

## पचास लाख की सम्पत्ति जब्त

**कुशीनगर**। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जाने के क्रम में तरया सुजान पुलिस द्वारा थाना तरया सुजान पर पंजीकृत मु.अ.सं. 116/2024 धारा 3(1) से सम्बन्धित अभियुक्त साने आलम पुत्र अमीन साकिन हिलाली सराय थाना नखासा जनपद संभल के द्वारा अवैधानिक कृत्यों से अर्जित सम्पत्ति से एक अदद कंटेनर वाहन संख्या यूपी 21 बीएन 9062 कीमत पचास लाख रुपये को धारा उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि. 1986 के अन्तर्गत जब्त किया गया। जब्तीकरण की कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, अपराध निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक श्याम लाल निषाद, सिपाही सुचित कुमार, सुनील यादव, सुधीर गौड़, श्रीकृष्ण मौर्य, पैरोकार विपुल गोड़, पैरोकार विनय कुमार गुप्ता शामिल रहे।

## 10 कट्टा गेहूं जलकर खाक

**कुशीनगर**। रामकोला उपनगर के राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर -16 अहिरौली कुश्महीं मे अज्ञात कारणों से लगी आग, जिसमे रमेश कुशवाहा, शिवनाथ कुशवाहा पुत्र रामलाल कुशवाहा के खेत में पड़े गेहूं में सोमवार को लगभग 3 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिसमें 10 कट्ठा गेहूं जलकर राख हो गया।

खबर लिखने तक पीड़ित किसानों द्वारा कोई पुलिस शिकायत नही दी गई। बताया गया कि उन्हें उनके खेत के पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी, जब वह खेत में पहुंचा तो पूरी फसल को आग की लपटों ने बुरी तरह से घेर रखा था। इसके बाद उन्होंने फोन पर सभासद सुदर्शन कुशवाहा व लेखपाल राहुल दीक्षित को बताया जिसके बाद सभासद ने नगर पंचायत से पानी की टंकी को ले जाकर मौके पर पहुंचे। नगर सुरक्षा कर्मी अवधेश व सभासद आग बुझाने का कार्य शुरू किया, लेकिन जब तक पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी।

## लू से बचने के लिये एडवाइजरी जारी

**कुशीनगर**। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष/ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा बताया गया कि ग्रीष्म कालीन ऋतु प्रारम्भ हो रही है। ग्रीष्म कालीन ऋतु/हीट वेव/लू के प्रभाव को निम्नांकित उपायों/दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये कम किया जा सकता है।

पर्याप्त मात्रा में पानी/तरल पदार्थ जैसे छाछ, नीबू का पानी, आम का पना का उपयोग करें। हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहने एवं सर को ढकें एवं कड़ी धूप से बचे। लू से प्रभावित व्यक्तियों को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलाएं तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। लू लगने के लक्षणों को पहचाने, यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, तेज पसीना और झटका जैसा महसूस हो, चक्कर आए तो तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। बीमार और गर्भवती महिला कामगारों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष तौर पर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सूर्य के ताप से बचने हेतु बाहर जाने से बचे एवं कड़ी मेहनत से बचे। यात्रा करते समय पानी हमेशा अपने साथ रखे। निर्जलीकरण से बचने के लिए ओ०आर० एस० का प्रयोग करें। स्थानीय मौसम के पुवार्नुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहे। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। जहाँ तक सम्भव हो घर में ही रहे और सूर्य के सम्पर्क से बचे। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर ही रहे। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक प्रोटीन वाले तथा बासी खाद्य पदार्थ खाने से बचे। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण ले। जानवरों को छाया में बांधे और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं। पानी को अनावश्यक बर्बाद न होने दें। अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था करें।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने फूंका मंत्र

**बरेली**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने बरेली लोकसभा की संचालन समिति की बैठक ली एवं कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया, मुख्य अतिथि के तौर पर बैठक में पहुंचे चौधरी भूपेंद्र सिंह ने प्रधान मंत्री के 2047 विजन की बैशाखी के सहारे जनता के बीच जाने और जनसंपर्क के साथ साथ ज्यादा से ज्यादा सम्मलेन करने का गुरु मंत्र फूंका, बैठक में संचालन समिति के सभी सदस्य, जन प्रतिनिधि , विधानसभा संयोजक व प्रभारी उपस्थित रहे। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने अब तक किये गए कार्यों की समीक्षा के बारे बताते हुए कहा कि बूथ सम्मेलन जिले में हो चुके है। हमे शक्ति केंद्र स्तर पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन कराने है। शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारी इसकी चिंता करें।प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिँह ने कहा कि प्रथम चरण में लोकसभा 2024 की लगभग 100 सीटों पर चुनाव चुका है, प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव हो चुका हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। हमारे कार्यकर्ता समाज में पूरी तरह से सक्रिय है। हमारे सभी समर्थक वैचारिक रूप से भाजपा के साथ जुड़े है। समाज का एक बड़ा वर्ग नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को लेकर हम जनता के बीच में जा रहे है।विपक्ष कर रहा जनता को गुमराहप्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिँह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, ग्रह मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष व सभी भाजपा नेता पूरी तरह से जनता के बीच में जा रहे है व संवाद कर रहे है। विपक्ष दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है। हम दस वर्षों से केंद्र में काम कर रहे है। विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा है एवं अनिश्चितता का वातावरण बनाने का काम कर रहा है। हम अपने कार्यकताओं के कार्यों का विभाजन कर सभी अभियानों को सफल बना रहे हैं। जनसंपर्क सामाजिक आधार पर करें। युवा महिला, अनुसूचित जाति, व्यापारी आदि का सम्मेलन करें जिससे समाज को भाजपा की योजनाओं से अवगत कराया जा सके।सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के रोड शो को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाएं। हमको चुनाव बूथ पर जितना है। प्रधानमंत्री जी का सन्देश सभी मतदाताओं तक पहुचायें। बूथ पर बैठक करसे घर घर मतदाता पर्ची पहुचाने का काम करें। सरकार व संगठन के लोग पूरी मेहनत से चुनाव में लगें। कार्यकताओं के कार्यो की समीक्षा करते रहे व प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनने के संकल्प के साथ जनता तक पहुचने का काम करें।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की डीएम ने ली बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया**। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य विभगके संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संदर्भ में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल पर जोर दिया गया। डीएम ने सभी अधिकारियों को प्रेरणा के साथ कार्य करने का निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा प्रत्येक घर पर दस्तक देकर बुखार, खांसी, फाइलेरिया, कालाजार, कुष्ठ, क्षय रोग व कुपोषित बच्चों की सूची संकलित कराने के अलावा साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के लिए जनसामान्य को जागरूक किए जाने पर विशेष जोर दें।उन्होंने संचारी रोगों के विषय में जागरूकता को आवश्यक बताया गया। यह कार्यवाही 30 अप्रैल तक नियमित रूप से करने को कहा। गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कराने के लिए शेष रह गए इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत और रिबोर कराया जाए। जहां ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति होती हैं, उनकी टंकियों की सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, मच्छरों की रोकथाम के लिए नागरिकों को जानकारी दी जाए। ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, शौचालय की सफाई तथा घरों से जल निकासी के भी उपाय किए जाएं। यथा संभव सूकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित करवाया जाए।बैठक में मुख्य विकास प्रत्यूष पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, एसीएमओ डॉ सुरेंद्र चौधरी, डीपीओ कृष्ण कांत राय, डॉ आरपी यादव, डीपीएम पूनम, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## आजादी के बाद से आज तक नहीं पहुंची बिजली



**ललितपुर**। ब्लाक जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीपुरा में विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये जाने की मांग को लेकर गांव की महिलाओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि रानीपुरा के बाईपास स्थित आदिवासी मोहल्ला/सहरिया बस्ती में स्वतंत्रता के बाद से आदिवासी समाज जीवन जीने की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बताया कि विगत दो वर्ष पहले जब उन्होंने विद्युत के खम्भे व घरों पर मीटर लगाये गये थे। बावजूद इसके आज तक वहां विद्युत व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी है। बताया कि विद्युत जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित आदिवासी समाज अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश है। उन्होंने बताया कि विद्युत न होने के कारण बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं को रात में शौचक्रिया जाने में भी खतरा बना रहता है। बताया कि दो माह पहले एक बच्चे को सांप ने काट लिया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण सांप नजर नहीं आया। इस प्रकार की कई घटनायें पूर्व में भी घटित हो चुकी हैं। उन्होंने भारत के संविधान में निहित अधिकारों का हवाला देते हुये बताया कि आदिवासी समाज देश का सबसे पिछड़ा समाज है, जिसकी शासन व प्रशासन द्वारा लगातार अंदेखी की जा ही है। महिलाओं ने जिला प्रशासन से गांव में जल्द ही विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कुसुम, सुशीला, कला, कृष्णा, राजकुमारी, संपत, जमना आदि मौजूद रहीं।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित, बीईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

## डीएम ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

जिला संवाददाता(vol)




**देवरिया**। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आज रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के 17 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज में गंभीर खामियां मिली जिस पर डीएम ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी जयराम पाल को खराब पर्यवेक्षण तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। देर शाम बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश यादव को निलंबित कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। लापरवाही और कोताही बरतने वाले अधिकारी एवं कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय परसा जंगल, प्राथमिक विद्यालय उसरा बाजार, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल तिवई, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोइलगढ़हा, प्राथमिक विद्यालय इमिलिहा, प्राथमिक विद्यालय मेदनापुर जमुनही, प्राथमिक विद्यालय सरहसबह समुदा, उच्च प्राथमिक विद्यालय अकटहिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज, प्राथमिक विद्यालय सरहसबह, प्राथमिक विद्यालय सतगढ़ही, उच्च प्राथमिक विद्यालय छितही बाजार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बर्दगोनिया, प्राथमिक विद्यालय भारी जोगिया, प्राथमिक विद्यालय उसरी खुर्द, उच्च प्राथमिक विद्यालय इंदुपुर नंबर 1 और उच्च प्राथमिक विद्यालय लबकनी का निरीक्षण किया।

प्राथमिक विद्यालय उसरा बाजार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैंप की ऊंचाई को दुरुस्त करने तथा प्राथमिक विद्यालय जंगल इमिलिहा तक मार्ग के इंटरलॉकिंग करने का निर्देश दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराज निरीक्षण के दौरान मतदान कक्ष में प्रकाश व्यवस्था, पंखा एवं रंगाई-पुताई की समुचित व्यवस्था नहीं मिली। फर्श टूटी मिली तथा रैंप भी मानक के अनुकूल नहीं पाया गया। इस पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का निर्देश दिया। निलंबन की अवधि में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश यादव ब्लॉक संसाधन केंद्र बैतालपुर से संबद्ध रहेंगे। डीएम ने गत 5 वर्ष के दौरान विद्यालय को कंपोजिट ग्रांट के अंतर्गत मिली धनराशि की जांच करने का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधियों से संवाद भी किया और उनके माध्यम से प्रवासी मतदाताओं को 1 जून के दिन मतदान के लिए जनपद में बुलाने का अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रुद्रपुर रत्नेश तिवारी, सीओ रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस की नाकामी बनी राहगीरों की परेशानी



**आँवला-बरेली**। ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विभाग जी तोड़ मेहनत में लगा है लेकिन जनपद के कई हिस्सों में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की लापरवाही विभाग की साख पर बट्टा लगाने का काम कर रही है, ट्रैफिक पुलिस की नाकामी अब राहगीर और व्यापरियों के लिए बहुत बड़ी परेशानी बनने लगी है आंवला नगर में अब भीषण जाम की समस्या निरंतर बनी रहती है। यह अब आम बात हो गई है। कई बार इस बारे में खबरें प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान केन्द्रित करने की कोशिश की, मगर इस जाम की ओर कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया। आपको बता दें कि आँवला नगर में ऑटो ई रिक्शों की भरमार है व दुकानों के बाहर लगे सामान और खड़े वाहनों की वजह से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। हालाँकि काफी हद तक व्यापारी इसके किये स्वयं भी जिम्मेदार हैं आंवला के पुरैना ढाल, गंज त्रिपोलिया से छोटी बाजार तक भीषण जाम में निकलना भी मुश्किल हो जाता है। व्यापारी भी इस जाम से परेशान हैं और आम जनता भी परेशान है। ई रिक्शों की बढ़ती संख्या ही इस जाम के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में ई रिक्शों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में ये समस्या और भी अधिक विकराल रूप ले लेगी, ज्ञात हो कि आँवला कोतवाली में पहले कोतवाल रहे।

## तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन कल

**अयोध्या**। राणी सती मंदिर मसौधा में तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार प्रात 10 बजे को किया जाएगा। शिविर की शुरूवात 20 अप्रैल की हुई थी। श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान एवं अवध खेल एसोशिएसन द्वारा आयोजित शिविर में बच्चों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। प्रशिक्षण कैंप में प्रशिक्षक नेहा रंजन द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जुडो कराटे जैसी ट्रेनिंग दी गई।

# ईवीएम पर कब तक जारी रहेगा अविश्वास



नौशाबा परवीन

लोकसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मतदान 2004 में शुरू हुआ था। तब से अब तक कोई लोकसभा (या अन्य) चुनाव ऐसा नहीं हुआ है, जिसमें ईवीएम को लेकर विवादित बहस न हुई हो। बुनियादी तौरपर मतदान प्रक्रिया लोकतंत्र की आत्मा है, इसलिए इसकी विश्वसनीयता को बनाये रखना लोकतंत्र की पहली जरुरत है। साथ ही मतदाताओं को यह यकीन दिलाना भी महत्वपूर्ण है कि इस मतदान प्रक्रिया में पक्षपात नहीं हो सकता। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने 2013 (सुब्राह्मणियम स्वामी बनाम भारत संघ) में वीवीपैट (वोटर वेरीफाईड पेपर ऑडिट ट्रेल) को शामिल करने का आदेश दिया, इस तर्क के साथ कि यह चुनावी प्रक्रिया का आवश्यक हिस्सा है। वीवीपैट ईवीएम डिवाइस से कनेक्ट होता है।

इससे मतदाता को यह जानने का अवसर मिल जाता है कि उसने जिस विकल्प का चयन किया है, उसे सही दर्ज किया गया है या नहीं। साथ ही इससे पेपर ट्रेल उत्पन्न किया जाता है ताकि बाद में उठे किसी विवाद का हल निकाला जा सके। इसके बावजूद ईवीएम पर विश्वास पूरी तरह से कायम नहीं हो सका है। अनेक सामाजिक संगठन इसके विरोध में वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं और पुनः बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। अतः भारत की चुनाव प्रक्रिया की निष्ठा में विश्वास का विवादित मुद्दा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। यह महत्वपूर्ण मुद्दा है और ऐसा मुद्दा भी कि सुप्रीम कोर्ट के बार बार हस्तक्षेप के बावजूद भी इस पर से शक के बादल हटने का नाम नहीं ले रहे हैं, लिहाजा अब हम एक और प्रयास के बीच में हैं। ईवीएम के आने के बाद भी सरकारें आयी और गई हैं और साथ ही आमतौर से ईवीएम को पेपर बैलट से बेहतर समझा जाता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने यह तो अच्छा किया है कि पेपर बैलट पर लौटने के विचार को ठुकरा दिया है। बहरहाल, वीवीपैट के आने से चुनाव प्रक्रिया पर पर्याप्त भरोसे की उम्मीद जागृत हुई थी, लेकिन ईवीएम- वीवीपैट मुद्दे पर विवाद अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। जाहिर है कि इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि चुनावों की ईमानदारी में मतदाताओं का विश्वास ही लोकतंत्र को कायम रखता है। संभवतः यही कारण था कि 2019 के आम चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट ने (एन चंद्रबाबू नायडू बनाम भारत सरकार) एक अतिरिक्त कदम उठाया। याचिका में आग्रह किया गया था कि प्रत्येक चुनावी क्षेत्र में 50 प्रतिशत वीवीपैट स्लिप्स का मिलान ईवीएम में दर्ज मतों से कराया जाये, जिसका विरोध करने के लिए चुनाव आयोग ने स्टैटिस्टिकल कारण दिया। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट ने चुनाव आयोग को बताया था कि वीवीपैट वेरिफिकेशन के लिए अगर 479 ईवीएम बेतरतीब (रैंडमली) उठायी जायेंगी तो उनसे 99 प्रतिशत से अधिक सही नतीजे बरामद होंगे।

> ईवीएम के आने के बाद भी सरकारें आयी और गई हैं और साथ ही आमतौर से ईवीएम को पेपर बैलट से बेहतर समझा जाता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने यह तो अच्छा किया है कि पेपर बैलट पर लौटने के विचार को ठुकरा दिया है। बहरहाल, वीवीपैट के आने से चुनाव प्रक्रिया पर पर्याप्त भरोसे की उम्मीद जागृत हुई थी, लेकिन ईवीएम- वीवीपैट मुद्दे पर विवाद अभी तक समाप्त नहीं हुआ है।



**लोकसभा चुनाव**

चुनाव आयोग ने कहा कि वह पहले ही इससे आठ गुना अधिक वेरिफिकेशन कर रहा है। एक बार फिर मतदाताओं का भरोसा जीतने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन में पांच गुना वृद्धि का आदेश दिया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच ईवीएम की वीवीपैट ऑडिटिंग के दिशा निर्देश दिए गये। बात इससे भी नहीं बनी। ईवीएम-वीवीपैट का मामला वर्तमान में भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। कितनी ईवीएम का वीवीपैट ऑडिट किया जाये? इस संदर्भ में आदर्श संख्या तय करना कठिन है। वैसे भी इस प्रश्न का उत्तर अनेक चीजों पर निर्भर करता है- मानव संसाधन, तुरंत नतीजों की घोषणा और बिना किसी शक-ओ-शुबह के वोटिंग मशीनों की निष्पक्षता। ईवीएम को जारी रखने का एक तर्क यह दिया जाता है कि इनसे समय व प्रयास की बचत होती है और अगर अधिक वीवीपैट की गिनती व मिलान किया जायेगा तो यह उद्देश्य ही नष्ट हो जायेगा। दूसरी ओर से इसका जवाब यह दिया जाता है कि जब चुनावों में दो माह का समय लगता है तो अगर गिनती में अतिरिक्त दस दिन लगने से क्या फर्क पड़ जायेगा, कम से कम इससे चुनावी नतीजों पर जनता का विश्वास तो कायम होगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि वीवीपैट वेरिफिकेशन में वृद्धि करने से चुनाव के नतीजे देर से आयेंगे। लेकिन समय कोई मुद्दा है ही नहीं। 2004 में लोकसभा व चार विधानसभाओं के चुनाव तीन सप्ताह से जरा ऊपर में पूरे हो गये थे और इस साल चुनाव छह सप्ताह से अधिक का समय लेंगे। इन समय अवधियों से कोई फर्क नहीं पड़ता है। अहम बात यह है कि जनता को यह यकीन होना चाहिए कि चुनाव ईमानदारी व निष्पक्षता से सम्पन्न हुए हैं, कोई पार्टी धांधली से सत्ता पर काबिज नहीं हुई है। अमेरिका में 2020 के चुनावी नतीजों पर जनता का विश्वास डगमगा गया था और तभी से वहां का समाज बुरी तरह से विभाजित हो गया है। भारत को अमेरिका के पद चिन्हों पर नहीं चलना चाहिए। मतदाताओं का भरोसा जीतने के लिए चुनाव आयोग को स्वयं ही, बिना सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के, वीवीपैट वेरिफिकेशन की संख्या में वृद्धि कर देनी चाहिए (100 प्रतिशत करने में भी कोई बुराई नहीं है) ताकि जनता को यह एहसास व यकीन हो सके कि उसके प्रतिनिधियों का चयन उसने ही किया है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी। क्या ईवीएम से छेड़छाड़ (टेम्परिंग) संभव है? हर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की टेम्परिंग की जा सकती है? ईवीएम भी इसका अपवाद नहीं हैं। अगर ईवीएम फुलप्रूफ होती तो वीवीपैट ऑडिट की आवश्यकता ही न होती और सभी प्रगतिशील देश इसका उपयोग कर रहे होते बजाय पेपर बैलट के। टेम्परिंग को कम करने के लिए ही अधिक वीवीपैट ऑडिट की जरुरत है। क्या इस संदर्भ में कोई स्टैटिस्टिकल समाधान हैं? हां और यह विशिष्ट आवश्यकता पर निर्भर करते हैं। एक लोकसभा क्षेत्र में औसतन 3,300 ईवीएम होती हैं।

अगर 2 प्रतिशत ईवीएम में टेम्परिंग हुई है तो यह जानने के लिए 66 ईवीएम-वीवीपैट को टैली करना होगा। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि अगर जीत का अंतर 800 वोटों से कम है तो एक ही ईवीएम को टैम्पर करना पर्याप्त होगा, लेकिन अगर अंतर 10,001-20,000 है तो लगभग 25 ईवीएम को टैम्पर करना होगा। अब इन दोनों प्रकार की टेम्परिंग को पकड़ने के लिए 100 प्रतिशत ईवीएम का वीवीपैट ऑडिट करना होगा। यह समाधान अगर कठिन लगते हैं तो ईवीएम का रैंडम चयन किया जा सकता है। सभी ईवीएम को मिला दिया जाये और फिर वीवीपैट ऑडिट के लिए रैंडम चयन किया जाये। लेकिन इस सिलसिले में भी पक्का दावा नहीं किया जा सकता कि सब कुछ सही हुआ है। इसलिए संस्थाओं को ही चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास अर्जित करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करने होंगे। अतीत में चुनाव आयोग ने ईवीएम को हैक करने की खुली चुनौती भी दी थी, लेकिन ऐसे वीडियो भी प्रकाश में आये कि बटन किसी और पार्टी के लिए दबाया, वोट किसी और पार्टी की निकली। लोकतंत्र में जनता की राय महत्वपूर्ण होती है। अतः चुनाव आयोग को ईवीएम-वीवीपैट या किसी अन्य टेक्नोलॉजी के लिए सभी सियासी दलों को विश्वास में लेना चाहिए, जनता को यह नहीं लगना चाहिए कि वह किसी खास पार्टी के लिए बैटिंग कर रहा है।

## विभाजन की राजनीति

देश में जाति और धर्म के नाम पर राजनीति बहुत पुरानी है। तमाम लोकतांत्रिक आग्रहों के बीच वोट बैंक एक सचाई है और इसे अपने पक्ष में भुनाने के लिए पार्टियां जाति, भाषा, पंथ के बीच विवाद पैदा कर, विभाजन पैदा कर अपना चुनावी स्वार्थ साधती रही हैं। जाति, भाषा और मजहब की राजनीति के बीच देश विभाजन की राजनीति कम से कम आजादी के बाद से नहीं हुई। क्योंकि विभाजन का दर्द इतना भयावह था जिसे याद करना भी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में यह देश न तो एक और विभाजन कभी स्वीकार करेगा और न ही इस तरह की सोच को। फिर भी नेता यदा-कदा अपनी सियासी रोटियां सेंकने के लिए उत्तर-दक्षिण के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश करते हैं। तमिलनाडु में करुणानिधि का कुनबा तो उत्तर-दक्षिण, भाषा, हिन्दी विरोध आदि की राजनीति कर तमिलनाडु में सत्ता सुख भोग रहा है। लेकिन डीएमके एक क्षेत्रीय पार्टी है, उसके हित तमिलनाडु तक सीमित हैं और उनकी अधिक से अधिक मंजिल तमिलनाडु में सरकार बनाना हो सकती है। लेकिन जो पार्टियां राष्ट्रीय पहचान रखती हैं, अगर उनके नेता उत्तर-दक्षिण की बात करते हैं, तो यह माना जायेगा कि दरअसल यह अपने ही पैर पर कुलाढ़ी मारने का काम करती हैं। कर्नाटक विधान सभा में पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके सुरेश ने कहा कि केंद्र सरकार दक्षिण भारत के राज्यों को कम पैसा मुहैया करवाती है। इससे हो सकता है कि हम दक्षिण के राज्य भविष्य में भारत से अलग होने की सोचें। वैसे तो पूछा जा सकता है कि सुरेश बाबू को दक्षिण के राज्यों का प्रतिनिधि किसने बनाया? तमिलनाडु में कांग्रेस कामराज के बाद से ही गायब है। डीएमके चुनाव के मौसम में उसे कन्धे पर इस लहजे में उठा लेती है जैसे नई पीढ़ी के ज्ञान के लिए ऐतिहासिक चीजों का प्रदर्शन किया जाता है। पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस की एक विशाल जनसभा हो रही थी। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मंचासीन थे। रैली में कांग्रेस के एक विधायक लक्ष्मण संवादी मंच से भाषण दे रहे थे। उनके मन में इच्छा हो रही थी कि वे मंच पर से 'भारत माता की जय' का नारा लगाएं। लेकिन डर रहे थे कि कहीं इस नारे से पार्टी अध्यक्ष बुरा न मान जाएं। कुछ देर तक लक्ष्मण के मन में पाटी का डर और देश प्रेम के बीच द्वन्द्व चला। अन्त में राष्ट्र प्रेम की जीत हुई। उन्होंने मंच पर से ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछा कि यदि आप बुरा न मानें तो 'भारत माता की जय' का एक नारा लगा लूं। यहां यह गंभीर सवाल है भारत माता की जय का नारा लगाने में अगर पार्टी कार्यकर्ता डरते हैं, तो ऐसा माहौल पार्टी में किसने बनाया। क्या नयी कांग्रेस अब बदल गयी है। आखिर इसी कांग्रेस ने राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया, कांग्रेस के नेतृत्व में देश आजाद हुआ और साढ़े पांच दशक तक कांग्रेस ने ही शासन किया। आज देश में जो कुछ है, उसके निर्माण और विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान है। इसके बावजूद आज अगर कांग्रेस पार्टी जाति गणना की बात करती है, इसके नेता भाषायी विवाद खड़ा करते हैं, पार्टी अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में जाने से बचती है। जबकि ताला खुलवाने, शिलान्यास करवाने से लेकर विवादित ढांचे के विध्वंस तक का श्रेय कांग्रेस के ही प्रधानमंत्रियों को दिया जाता है। राहुल गांधी खुद चुनाव के दौरान घोर धार्मिक हो जाते हैं लेकिन पार्टी का सियासी बर्ताव राष्ट्र की मुख्य धारा से जुदा-जुदा क्यों रहता है? यह बात सोचने वाली है। चुनावी हार-जीत बहुत मायने नहीं रखती है। लोकतंत्र में हर पार्टी चुनाव जीत सकती है और हार भी सकती है। अभी दस साल पहले तक कांग्रेस देश को चला रही थी। अचानक कांग्रेस का बर्ताव इतना बदल कैसे गया? कांग्रेस जाति गणना, आरक्षण की सीमा हटाने, उत्तर-दक्षिण विवाद, अयोध्या से दूरी बनाने तक कैसे पहुंची। कहीं देश को आजाद कराने वाली, सबसे अधिक दिनों तक देश पर शासन करने वाली और देश की सबसे पुरानी पार्टी मध्यमार्गी और समावेशी धारा से हटकर अपना रास्ता तो नहीं बदल रही है, अगर ऐसा है, तो यह गंभीर चिंतन का विषय है।



> हाल के कुछ महीनों से कांग्रेस का बर्ताव राष्ट्रीय पार्टी जैसा न होकर क्षेत्रीय दल की तरह हो गया है और चाल-चलन में वाममार्गी लगने लगी है।

### विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

### सोशल मीडिया

उदयपुर में ताराचंद मीणा के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित किया, सभा में मौजूद जनता के महा कुंभ ने परिवर्तन के अनुष्ठान का फैसला लिया। अशोक गहलोत.



इस शहर की रूह से, उम्मीद का नूर निकलेगा, ये समाजवादी सैलाब है, जुनूं है, हौसला है, नतीजा जरूर निकलेगा। शिवपाल सिंह यादव.



वोट के अधिकार की रक्षा जी जान से करनी है, सावधान रहें आपका कोई वोट खरीदा न जा सके, कोई वोट पड़ने से न रह जाये तथा धनबल से वोट का दुरुपयोग न हो सके। मायावती.



## जीवन क्या है!



जीवन क्या है, इसका उत्तर तभी हो सकता है जब जीवन के अतिरिक्त कुछ और भी हो। जीवन ही है, उसके अतिरिक्त कुछ और नहीं है। हम उत्तर किसी और के संदर्भ में दे सकते थे, लेकिन कोई और है नहीं, जीवन ही जीवन है। तो न तो कुछ लक्ष्य हो सकता है जीवन का, न कोई कारण हो सकता जीवन का। कारण भी जीवन है और लक्ष्य भी जीवन है। ऐसा समझो, तुमसे कोई पूछे किस चीज पर ठहरे हो? तुम कहो, छत पर और छत किस पर ठहरा है? तो तुम कहो- दीवारों पर और दीवारें किस पर ठहरी हैं? तो तुम कहो, पृथ्वी पर और पृथ्वी किसी पर ठहरी है? तो तुम कहो गुरुत्वाकर्षण पर और ऐसा कोई पूछता चले, गुरुत्वाकर्षण किस पर ठहरा है? तो चांद-सूरज पर और चांद-सूरज तारों पर और अंततः पूछे कि यह सब किस पर ठहरा है? तो प्रश्न तो ठीक लगता है, भाषा में ठीक जंचता है, लेकिन सब किसी पर कैसे ठहर सकेगा, सब में तो वह भी आ गया है जिस पर ठहरा है। सब में तो सब आ गया। बाहर कुछ बचा नहीं। इसको ज्ञानियों ने अति प्रश्न कहा है। सब किसी पर नहीं ठहर सकता। इसलिए परमात्मा को स्वयंभू कहा है। अपने पर ही ठहरा है। अपने पर ही ठहरा है, इसका अर्थ होता है, किसी पर नहीं ठहरा है। जीवन क्या है, तुम पूछते। जीवन जीवन है। क्योंकि जीवन ही सब कुछ है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। लेकिन प्रश्न पूछा है, जिज्ञासा उठी है, तो थोड़ी खोजबीन करें। अगर उत्तर देना ही हो, अगर उत्तर के बिना बेचैनी मालूम पड़ती हो, तो फिर जीवन को दो हिस्सों में तोड़ना पड़ेगा। जिसने उत्तर दिए, उन्होंने जीवन को दो हिस्सों में तोड़ लिया। एक को कहा, यह जीवन और एक को कहा, वह जीवन। यह जीवन माया, वह जीवन सत्य इस जीवन का अर्थ फिर खोजा जा सकता है। इस जीवन का अर्थ है, उस जीवन को खोजना। इस जीवन का प्रयोजन है, उस जीवन को पाना। यह अवसर है। मगर तब जीवन को बांटना पड़ा। बांटों तो उत्तर मिल जाएगा। मगर उत्तर थोड़ी दूर तक ही काम आएगा। फिर अगर कोई पूछे कि वह जीवन क्यों है, सत्य का, मोक्ष का, ब्रह्म का, फिर बात वहीं अटक जाएगी। वह जीवन बस है। लेकिन यह विभाजन काम का है। कृत्रिम है, फिर भी काम है। अपने भीतर भी तुम इन दो धाराओं को थोड़ा पृथक-पृथक करके देख सकते हो। थोड़ी दूर तक सहारा मिलेगा। एक तो वह है जो तुम्हें दिखायी पड़ता है, और एक वह है जो देखता है। दृश्य और द्रष्टा। ज्ञाता और ज्ञेय। जानने वाला और जानेवाला। उसमें ही जीवन को खोजना जो जानने वाला है।

अंतर्दृष्टि

## टिकट कटने की पीड़ा!

व्यंग्यलोक

हे नादान पार्टी हाईकमान। जैसा कि मुझे चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के बाद ज्ञात हुआ है कि आपने मेरा टिकट काट दिया है। मतलब, अब फिर मुझे दीवारों पर पार्टी के पोस्टर चिपकाने होंगे। लिस्ट बाहर आने तक लिस्ट में मेरा नाम था। फिर पता नहीं आपने किसके बहकावे में आकर मेरा टिकट काट दिया? क्या किसी दूसरे ने मुझसे अधिक कमा कर देने का वचन दे दिया? हैरान हूं, अचानक आपको मुझसे अधिक वफादार पता नहीं कहां से हाथ लग गया? कल तक तो आप मुझे ही पार्टी का सबसे वफादार हर मंच से कहते फिरते थे। हे हाईकमान! आप तो जानते ही हो कि नाक कटने से अधिक दुःख टिकट कटने का होता है। कटे नाक के साथ तो समाज में फिर भी जिया जा सकता है, पर कटे टिकट के साथ एक पल भी नहीं जिया जा सकता। नाक के बिना तो समाज में हमें फिर भी पूछ लेते हैं, पर टिकट के बिना समाज में कोई नहीं पूछता। हे हाईकमान! अबके टिकट मिलने पर पता नहीं क्या क्या सपने नहीं सजा लिए थे मैंने! पर हाय! सब पर पानी फिर गया। सोचा था, जब टिकट पर जीतूंगा तो मंत्री बनने की कोशिश करूंगा। मंत्री बन जाऊंगा तो हर जगह कमीशन फिट करूंगा। इधर उधर प्लॉट फ्लैट लूंगा। बीसियों अफसरों के सिर पर नाचूंगा। दूर दूर तक के अपनों को सरकारी नौकरी में लगवाऊंगा। अपनी सात पुश्तों के लिए जमा करके रख जाऊंगा ताकि वे भी खाते खाते याद करें कि उनके वंश में कोई परम श्रद्धेय अवतरित हुआ था। पर आपने तो मेरे सपनों को तहस-नहस कर दिया। देखो जी हाईकमान! मेरा टिकट कट जाने के बाद मैं बहुत सदमे में हूं। नेता के लिए सबसे बड़ा सदमा उसका टिकट कट जाना होता है। इतना तो मेरे पास देने को चंदा नहीं कि अब बिन चुनाव लड़े ही राज्यसभा का मेंबर बन जाऊं। सोचा था, जब टिकट लेकर जीतूंगा, कमाने खाने का मोटा काम तभी करूंगा। हे पार्टी हाईकमान! इस टिकट के लिए मैंने क्या क्या नहीं छोड़ा! टिकट के लिए बीवी छोड़ दी क्योंकि वह मुझे अपनी पार्टी का टिकट दिलाना चाहती थी, पर मैं आपकी पार्टी में रहकर खाना कमाना चाहता था। मैंने बीवी के बदले आपमें आस्था रखी। आपके टिकट के लिए बाप वाली पार्टी छोड़ दी। लगता था, आपकी पार्टी में मेरा फ्यूचर सुनहरा होगा। इस टिकट के लिए ईमान छोड़ दिया था। और तो और, टिकट के लिए भगवान को भी छोड़ दिया था। टिकट न मिलने पर अब तो मैं हे पार्टी हाईकमान! आपका कार्यकर्ता न होकर धोबी का कुत्ता सा हो गया। पार्टी का होकर भी न पार्टी का रहा, न बीवी का। आखिर सिंपल सा वर्कर होकर कब तक आपसे भी पुराना वर्कर होने के चलते निचले दर्जे के काम करता रहूंगा। हे हाईकमान! इस पीड़ा का तनिक भी अनुमान आपको होता तो आज आपकी पार्टी के टिकट का सही हकदार यों खून के आंसू न रोता।



अशोक गौतम

## बल, बुद्धि और विद्या के दाता पवन पुत्र हनुमान...



पर्व/त्योहार

अपने ईष्ट के प्रति समर्पण, लक्ष्य के प्रति कभी हार न मानने की जिद और ज्ञान के लिए जुनून। कलियुग के जागृत देवता कहे जाने वाले पवन पुत्र हनुमान की ये तीन सबसे बड़ी खूबियां हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कलियुग में भगवान हनुमान की मौजूदगी का जिक्र किया है। माना जाता है कि गोस्वामी तुलसीदास जी को हनुमानजी ने ही भगवान राम और लक्ष्मण के दर्शन कराये थे। क्योंकि हनुमानजी रामजी के परम भक्त हैं और भगवान राम कहते हैं कि मैं हनुमान भक्तों के दिल में रहता हूं। इसलिए पवन पुत्र हनुमान की पूजा अर्चना करने का मतलब है कि आप मर्यादा पुरुषोत्तम राम के भी परम भक्त हैं। कलियुग के ऐसे ही उद्धारक पवन पुत्र हनुमान की हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को जयंती मनायी जाती है। इस साल यह 23 अप्रैल 2024 को पड़ती है।

हनुमानजी को साहस, शक्ति, भक्ति और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है। उनकी मूर्तियों को अकसर घरों और मंदिरों में रखा जाता है। हनुमानजी का सबसे ज्यादा सम्मान उनके साहसी और शक्तिपुंज होने के कारण ही है। यही कारण है कि जब भी हनुमान भक्तों को किसी भी चीज से भय लगता है, वे हनुमानजी को याद कर लेते हैं और हनुमानजी उनके अंदर का डर निकाल देते हैं। इसलिए हनुमान भक्तों में यह धारणा बनी हुई है कि भूत, प्रेत जैसों का डर लग रहा तो उन्हें याद कर लीजिए, डर दूर हो जायेगा। हो सकता है, एक समय तक भूत, प्रेत से आशय समाज के दबंग लोगों से रहा हो और हनुमानजी आम लोगों की ऐसे दबंगों से रक्षा करते रहे हों, इसलिए माना जाता है कि हनुमानजी अपने आध्यात्मिक बल के कारण सभी मनुष्यों और देवताओं से अलग हैं। उनको याद भर करने से शरीर में खास तरह की ऊर्जा का संचार होने लगता है, जो न सिर्फ हमारे तनाव और चिंताओं को दूर करती है बल्कि हमें सभी तरह के आकस्मिक और दीर्घकालिक चिंताओं से मुक्ति मिल जाती है। हिंदू पंचांग के मुताबिक हनुमानजी का जन्म चैत्र माह की पूर्णिमा को हुआ था। इसलिए इस दिन उनकी जयंती मनायी जाती है, उनकी जयंती को हनुमान जन्मोत्सव पर्व भी कहते हैं। इस साल हनुमान जन्मोत्सव पर्व 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को पड़ता है। चूंकि हनुमानजी का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था, इसलिए हनुमान जयंती के सभी अनुष्ठान सुबह सुबह ही शुरू हो जाते हैं। मुख्य पूजा ब्रह्म मुहूर्त के अवसर पर शुरू होती है। इस साल हनुमान जयंती के मौके पर दुर्लभ संयोग बन रहा है, क्योंकि मंगलवार को हनुमानजी का ही विशेष होता है, इसलिए मंगलवार के दिन हनुमान जयंती का पड़ना बहुत शुभ होता है। इसे दुर्लभ संयोग मानते हैं, जो कि इस साल पड़ रहा है। अगर शुभ मुहूर्त की बात करें तो यह 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3 बजकर 25 मिनट से शुरू होकर 24 अप्रैल 2024 को 6 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगा। हनुमान जन्मोत्सव के समय पवन पुत्र की पूजा सिंदूर, लाल फूल, जनेऊ, कलश, गंगाजल, पंचामृत, फल और मिठाईयां, पान, सुपारी आदि से करना चाहिए। जो लोग हनुमान जयंती पर व्रत रहते हैं, उन्हें व्रत की पूर्व रात को जमीन पर सोना चाहिए और सुबह भगवान राम और माता सीता के साथ हनुमान श्रुति का जाप करना चाहिए। हनुमान जयंती वाले दिन व्रत रखने वाले लोगों को सुबह उठकर राम, सीता और पवन पुत्र हनुमान का नाम लेना चाहिए। इसके बाद इस दिन की विशेष पूजा के लिए बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। इसके बाद हनुमान जी की आराधना करनी चाहिए।

पौराणिक कथाओं के मुताबिक हनुमानजी की मां माता अंजना अप्सरा थीं, उन्हें देवताओं के श्राप के कारण पृथ्वी पर जन्म लेना पड़ा था। क्योंकि उनका यह श्राप तभी हट सकता था, जब अप्सरा अंजना धरती पर एक संतान की मां बनतीं। माना जाता है कि इसी श्राप के कारण उन्होंने 12 सालों तक भगवान शिव की आराधना की थी, जिससे उनकी शादी सुमेर के राजा और बृहस्पति के पुत्र केसरी से हुई थी। भगवान शिव की आराधना के फलस्वरूप उन्हें पुत्र के रूप में हनुमानजी की प्राप्ति हुई थी। कुछ पौराणिक आख्यानों के मुताबिक हनुमानजी स्वयं भगवान शिव के साक्षात अवतार हैं। क्योंकि हनुमानजी कलयुग के जागृत देव हैं, इसलिए कलियुग में वो भक्तों के सबसे नजदीक हैं। हनुमानजी की नियमित पूजा करने से भूत प्रेत की बाधा दूर होने के साथ ही हमारी बुरे कर्मों से स्वयं दूरी बन जाती है और शरीर में भौतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। – रौशन.

## आपकी बात

### चीन पर करें कूटनीतिक प्रहार

चीन बार-बार भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की कोशिश करता है, लेकिन भारत सिर्फ उसकी बातों के खंडन तक सीमित रहता है। यह सही कूटनीति नहीं है। भारत को अब किसी भी तरह से चीन के दबाव में आने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अगर युद्ध जैसी स्थिति आती है तो घुटने चीन ही टेकेगा। इसालिए भारत को अब चीन पर कूटनीतिक पलटवार शुरू करना चाहिए और मानवाधिकार, तिब्बत, हांगकांग, साउथ चाइना सी, हिन्द-प्रशासन जैसे मुद्दों पर चीन के खिलाफ खुलकर आना चाहिए ताकि चीन को भी यह अहसास हो कि भारत को चिढ़ाने वाली हरकतें उसे उल्टी पड़ने वाली नहीं है। चीन की इन हरकतों को भारत कूटनीतिक विरोध दर्ज कराकर चुपचाप बर्दास्त करता रहता है, क्योंकि 1962 में चीन के साथ युद्ध में हार और अपनी जमीन गंवाने के बाद संभवतः भारतीय नेतृत्व चीन के साथ नया विवाद नहीं खड़ा करना चाहता था। हालांकि 1962 की हार के बाद भी चीन लगातार भारतीय सीमा में घुसपैठ करता रहा है। घुसपैठ के जरिए उसने 1962 के बाद भी हजारों वर्ग किलोमीटर जमीन को दबा लिया है। चीन अपने आकार-प्रकार से पड़ोसी देशों को डराता- धमकाता है। उनकी जमीनों पर कब्जा कर लेता है। चीन जितने विशाल प्रदेश पर काबिज है उसमें से करीब 40 फीसद हिस्सा उसने दूसरे देशों पर कब्जा करके हासिल किया है। भारत के पास जितना भू प्रदेश है उससे कहीं अधिक चीन ने दूसरे देशों का कब्जा लिया है। तिब्बत पर पूरी तरह काबिज हो गया है। मंगोलिया, वियतनाम, भारत सहित करीब एक दर्जन से अधिक देशों में घुसपैठ करके उसने बड़े भूभाग पर कब्जा कर लिया है। आज भी वह अपने विस्तारवादी रवैये से बाज नहीं आ रहा। चीन में शी जिन पिंग के उभार के साथ पूरी दुनिया चीन से खतरा महसूस कर रही है। पड़ोसी देशों के लिए चीन बड़ा खतरा तो है ही, लेकिन अब अमरीका तक चीन की आक्रामकता से परेशान हैं।

**आदित्य कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### पाकिस्तान की हरकतें

संयुक्त राष्ट्र की महासभा जैसे सर्वोच्च वैश्विक मंच पर पाकिस्तान जैसे मानसिक, आर्थिक और वैचारिक रूप से दिवालिया देश भारत पर सवाल उठाते हैं, तो सूप-छलनी वाली कहावत चरितार्थ हो जाती है। जो पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के लिए किसी दुःस्वप्न ज्रूचिरा कंबोज ने कहा कि अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार का पाकिस्तान का रिकॉर्ड बहुत बुरा है। इसीलिए अल्पसंख्यक समुदाय के लोग पाकिस्तान छोड़कर अन्य देशों में जा रहे हैं। वहां हिन्दू, बौद्ध व सिख धर्म के लोगों से भेदभाव किया जाता है। कंबोज ने कहा कि जब विश्व आगे बढ़ रहा है और समानता के आचरण को अंगीकार कर रहा है तब पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरता और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न चरम पर है। रुचिरा ने कहा, गलत सूचनाओं और मंतव्यों के आधार पर भारत के खिलाफ भ्रमित करने वाला उल्लेख किया गया है। विश्व को बुद्धिमत्ता और गहराई में जाकर और वैश्विक नजरिए से चीजों को देखने की जरूरत है। इसलिए पाकिस्तान के सतही नजरिए को खारिज करना चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि किसी भी धर्म के प्रति नकारात्मक भाव नहीं रखा जाना चाहिए। चाहे वह हिन्दुत्व हो, बौद्ध हो, सिख हो या अन्य कोई धर्म। भारत किसी भी धर्म के व्यक्ति के साथ हिंसा या भेदभाव की अनुमति नहीं देता। इसके रोकथाम के लिए कड़े और स्पष्ट कानूनी प्रावधान हैं। भारत में सभी धर्म के लोगों के साथ समान व्यवहार होता है और उन्हें अपने तरीके से रहने व उपासना का अधिकार है। सभी धर्मों के लोगों के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में कार्य करने का समान अवसर है। दरअसल 1947 में धर्म के आधार पर भारत के विभाजन के साथ पाकिस्तान अस्तित्व में आया और तभी यह देश अल्पसंख्यकों के लिए खतरनाक बन गया है। अपने यहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है बेशर्मी से सवाल दूसरों पर उठाता है।

**कमलेश कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बसपा के ब्राह्मण नेता करुणाकर पांडे भाजपा में शामिल

**अयोध्या।** कई बार जिला पंचायत सदस्य रहे पूर्व कार्यवाहक अयोध्या जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय अयोध्या लखनऊ देवीपाटन वाराणसी सहित कई मण्डलो के कोआर्डिनेटर रहे करुणाकर पाण्डेय ने आज बहुजन समाज पार्टी को छोड़ कर आज प्रदेश मुख्य पार्टी कार्यालय में भाजपा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रदेश के ज्वाइमिंग कमेटी के चेयरमैन बृजेश पाठक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर लिया समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।लोकसभा चुनाव मे दौरान करुणाकर पाण्डेय का पार्टी ज्वाइन करना बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योकि करुणाकर पाण्डेप बसपा 2005 से लेकर फैजाबाद अपोध्या( देवीपाटन मण्डल के मुख्य कोआर्डिनेटर रहे बस्ती गोरखपुर आजमगढ जौनपुर मिजार्पुर सोनभद्र वाराणसी बलिया मऊ गाजीपुर देवरिया लखनऊ कानपुर सूत्रधारक में ये बसपा पूर्व के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सासंद श्री सतीश मिश्र के प्रमुख रणनीतिकारो में शामिल रहे।

# रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त



**अयोध्या।** श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए।इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये।

अयोध्या पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चैबंद इंतजाम किए गए थे। दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की। बता दें कि बीते वर्ष 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व 7 महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था।

इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल,विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश,उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के. तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेंद्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नशीले पदार्थ युवाओं के कॅरियर में बाधकः प्रो. अनूप कुमार

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग में सोमवार को "एक युद्ध, नशे के विरुद्ध" अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने "युवा सशक्तिकरणः नशीले पदार्थों का बहिष्करण" विषय पर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नार्को को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म सेन्टर के नोडल अधिकारी प्रो0 अनूप कुमार ने छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थो के सेवन से युवाओं के मन मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इससे धीरे-धीरे सोचने समझने की क्षमता खत्म हो जायेगी। जो कॅरियर में सबसे बड़ा बाधक है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ आज युवा सशक्तिकरण में बाधक बन रहा है। इसके जागरूक होने साथ अन्य को भी जागरूक करना होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बायोकमेस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. फर्रूख जमाल ने विद्यार्थियों से कहा कि नशीले पदार्थ हमारी सोच और दिमाग पर गहरा असर डाल रहे है। इससे दूरी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी के संकल्प लेने की शक्ति में नशीले पदार्थों का बहिष्करण भी है। इससे जितना दूर रहेंगे उतना ही आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। तभी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। इस कार्यक्रम में प्रो. अनूप कुमार द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की संकल्प दिलाई। इसके अतिरिक्त उन्होंने "नशा एक अभिशाप, राष्ट्र निर्माण नशा मुक्त हो, युवा जगत" से सम्बंधित पत्रिका छात्र-छात्राओं को वितरित की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ0 शिवांश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश यादव ने किया। इस अभियान में प्रो. गंगाराम मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, श्रीमती विनीता पटेल, श्रीमती शालिनी पांडेय, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. प्रतिभा शामिल रही।

## पृथ्वी दिवस पर 20 पौधे लगाकर 20 मई को मतदान का दिलाया संकल्प



**बाराबंकी।** जिस तरीके से स्वस्थ पर्यावरण के लिए पेड़ आवश्यक है। उसी तरीके से स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके लोकतन्त्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उक्त बात पृथ्वी दिवस पर राजकीय इण्टर कालेज परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे वृक्षारोपण करते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कही। कार्यक्रम मे पुलिस अधीक्षक ने आंवले, डीएफओ ने अनार, मुख्य विकास अधिकारी ने मौलश्री पौधा, जिला विद्यालय निरीक्षक ने मीठा नीम, प्रधानाध्यापक जीआईसी ने आंवले का पौधा, उपजिलाधिकारी सदर विजय कुमार त्रिवेदी ने अर्जुन पौधा, उपजिलाधिकारी श्वेता ने गुड़हल का पौधा लगाकर मतदान के लिए सभी को प्रेरित किया। तथा 20 पेड़ लगाकर 20 मई को मतदान करना बहुत जरूरी है का संदेश दिया गया।

## अवैध कब्जे की डीएम से शिकायत

**बाराबंकी।** तालाब पर अवैध कब्जा करने वालो की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। शिकायत कर्ता अजीत झा ने डीएम को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि गाटा संख्या 1832 स्थित कस्बा बंकी में अवैधानिक रुप से दर्ज तालाब पर दंबगो द्वारा कब्जा किया जा रहा है। जिसके बाद जांच टीम मौके पर पहुंची है।

## आवश्यक सेवाओं और कर्मियों के लिए जीजीआईसी में बनेगा पोस्टल वोटिंग सेंटर

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विभिन्न कर्मियों एवं विभागों को आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत अधिसूचित कर दिया है। पोस्टल बैलेट के लिए राजकीय बालिका विद्यालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया जाएगा। जहां दिनांक 13, 14 एवं 15 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक पोस्टल वोटिंग होगी। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि आवश्यक सेवा कर्मी जो 20 मई को मतदान दिवस पर ड्यूटी के कारण मतदान नही कर सकेगे। तथा पोस्टल बैलेट की सुविधा के इच्छुक हैं। वे फार्म 12-डी भरकर सम्बंधित विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर जमा करे। नोडल अधिकारी फार्मों को सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को भेजेगे। तथा फार्म दिनांक 30 अप्रैल तक रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

## रामनगर धमेड़ी स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने की शोकसभा

**बाराबंकी।** सादगी, सरलता की प्रतिमूर्ति रामनगर धमेड़ी स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से जनपद को ऐसी अपूर्णनीय क्षति हुयी है। जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनके आकस्मिक निधन पर कांग्रेस परिवार शोक संवेदना व्यक्त करता है। शोकसभा के दौरान इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी तनुज पुनिया कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, सुरेश यादव, इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र प्रताप यादव आदि शामिल रहे।

## मेरिट में आने वाली छात्रा नायला उबैद को तनुज पुनिया ने बुके भेंटकर दी बधाई



**जैदपुर, बाराबंकी।** हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा नायला उबैद पुत्री मौलाना अबु उबैदा के प्रदेश मे 5वा व जनपद मे पहला स्थान प्राप्त करने पर इण्ड़िया गठबन्धन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने होनहार छात्रा के आवास पर पहुच बूके व मिठाई खिलाकर बधाई दीं। तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

तो वही मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी रईस अहमद की बेटी तम्हीद रईस ने इण्टरमिडिएट मे 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मे 8वी रैंक हासिल की। मेधावी छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और माता-पिता को दिया है।

तथा डाक्टर बनने की इच्छा जताई। इसके साथ ही अशमा शेख पुत्री अजमत अली बब्बू शेख ने इंटरमीडिएट में 94.2 प्रतिशत, निशात फातिमा पुत्री मो अख्तर ने हाईस्कूल परीक्षा में 93.33 प्रतिशत अंक लाने पर तनुज पुनिया ने पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सभासद मो0कासिम, मो0 आलम, हसीन अंसारी, इमरान सिद्दीकी मौजूद रहे।

# केला से जैव उर्वरक बनाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त करें किसानः दिवाकर सिंह

जिला संवाददाता(vol)



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** केला के तने के मध्य भाग में पाया जाने वाला डंठल किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसमें इंडोफाइट्स नामक सूक्ष्म जीव पाए जाते है, जो कि जैविक उर्वरक बनाने में बहुत मददगार है। उपरोक्त बाते आचार्य नरेंद्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कृषि महाविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ दिवाकर सिंह ने जनपद के अमानीगंज ब्लॉक क्षेत्र में ओंकार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में कही। ज्ञातव्य हो कि किसान का खेती में उर्वरक, दवा व कीटनाशक में काफी पैसा खर्च होता है। ऐसे यदि उसे यह सब कुछ अपनी फसल के अवशेष से ही मिल जाय, तो यह किसान के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। केले का तना जिसे बेकार समझकर किसान सड़को और नालों में फेंक देता था, वही अब उसके लिए खुशी की सौगात लेकर आया है। उसका हर अंग उपयोगी है। रेशा के अलावा मध्य भाग में पाए जाने वाला डंठल से हम जैविक खाद, अचार, कैंडी व सब्जी आदि बना सकते हैं। इससे हमे अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो सकती है। डॉ दिवाकर सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में केला के टिश्यू कल्चर के वैज्ञानिक है। इससे पहले उन्होंने गुजरात स्थित नवसारी कृषि विश्वविद्यालय में काफी काम किया है। प्रशिक्षण में उन्होंने महिलाओं को केला से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ और जैविक उर्वरक बनाने की विधि बताई। उन्होंने केला के खेत में जाकर किसानों को भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आज रसायनिक उर्वरकों के अनियंत्रित प्रयोग से जमीन के साथ मानव भी बीमार हो गया है। मंडियों में रसायन युक्त सब्जी, अनाजों की भरमार है। उपभोक्ता के पास कोई विकल्प न होने के कारण जान बूझकर वह जहर खा रहा है। ऐसे में केला की खेती और इसके विविध उपक्रम हम सभी लिए एक आशा की किरण के रूप में है। सरकार को भी ऐसे प्रयोगों को बढ़ावा देना चाहिए। इसमें मानव के साथ प्रकृति कंचन, सुखमता, पियारा, शिवानी शुक्ला, प्रज्ञा तिवारी सहित सभी तीस महिलाएं उपस्थित रही।

## सूखी पड़ी नहरे किसानो के लिये बनी मुसीबत



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** जहां एक तरफ चिलचिलाती धूप व गर्मी का ताडव जारी है। तो दूसरी तरफ किसानों पर पानी का संकट बना हुआ है। समय से नहरो मे पानी न छोड़े जाने से जंहा किसान परेशान है। वही आगामी मेंथा की फसल की रोपाई कर पाने मे किसान परेशान है। वर्तमान हालातो मे पेट्रोल-डीजल के दामो मे बढ़ोत्तरी होने से किसान खेती कर पाने मे जंहा भारी दिक्कतो का सामना कर पड़ रहा है। नहकूप के माध्यम से खेती भी नही कर पा रहे है। तहसील क्षेत्रान्तर्गत किसान मेथा आयंल की खेती की शुरूआत फरवरी से मार्च के बीच मे शुरू कर देते है लेकिन सूखी पड़ी नहरे किसानो के लिये परेशान का सबब बनी हुई है।

# प्रैक्टिस करने वाले वकीलों का वार्षिक चुनाव में दिखाई देगा जोर

सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की




**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2024 का प्रचार आज थम गया है। मतदान 24 अप्रैल को सम्पन्न होना है। और मतगणना 25 अप्रैल कों जिला बार के सभागार मे सम्पन्न होगी। प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न पदो पर अपनी किस्मत आजमा रहे 79 अधिवक्ता प्रत्याशियो द्वारा अपने समर्थको के साथ जनसम्पर्क कर पूरी ताकत एंव मजबूत दावेदारी का प्रदर्शन किया गया। अध्यक्ष प्रत्याशियो में अधिवक्ता रामगोपाल शुक्ला, हिसाल बारी किदवाई रमन द्विवेदी, महेन्द्र सिंह, नरेन्द्र वर्मा व योगेन्द्र वर्मा भी जनसम्पर्क करते हुये देखे गये। तो वही दूसरी तरफ महामंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी सक्रियता दिखाते हुये अपने समर्थको के साथ वोट की अपील करते हुये अधिवक्ता अशोक कुमार वर्मा, रामराज यादव, विवेकानन्द सिंह, कौशल किशोर त्रिपाठी, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव भी देखे गये। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तेज तर्रार अधिवक्ता राजीव कुमार तिवारी राजू, सुनीत अवस्थी, देवी प्रसाद वर्मा, चन्द्रबक्श सिंह उर्फ सी0बी सिंह, पंकज निगम, देवेन्द्र प्रताप यादव दिखाई दिये। चुनाव के अंतिम 2 दिनो मे भी अधिवक्ताओ का रुझान किस ओर है इसको समझ पाने मे चुनावी गणितज्ञ भी अभी फेल नजर आ रहे है। लेकिन प्रेटिक्स करने वाले अधिवक्ताओ का जोर इस चुनाव में दिखाई देगा। इसके साथ ही विभिन्न पदो पर अन्य अधिवक्ता प्रत्याशियो ने भी जनसम्पर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

## विधानसभा स्तर पर होगा बूथ अध्यक्षों का होगा सम्मेलन

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन को लेकर पार्टी ने स्थान व समय निश्चित कर दिया। लोकसभा क्षेत्र में 24 मंडल, 301 शक्ति केन्द्र, 2074 बूथ है। विधान सभा स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें विधान सभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र के प्रभारी संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलओ-2 सहित विधान सभा के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। मिल्कीपुर तथा बीकापुर विधान सभा की बैठक 27 अप्रैल, रूदौली की 28 अप्रैल तथा अयोध्या की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की गई है। तैयारियों को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। लोक सभा संयोजक डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मिल्कीपुर विधानसभा का सम्मेलन कलुआ मउ डिग्री कालेज, अमानीगंज रोड, बीकापुर का सम्मेलन त्रिमूर्ति होटल कोटसराय, रूदौली का सम्मेलन आर्दश विद्यालय रौजागांव, अयोध्या का सम्मेलन परमहंस डिग्री कालेज, अयोध्या में आयोजित किया गया है। जिसमें सभी आपेक्षित पदाधिकारी को आना अनिवार्य है। सम्मेलन में सरकार के मंत्री अथवा सांगठनिक स्तर पर प्रदेश का पदाधिकारी शामिल होगा। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ विजय अभियान के तहत बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। पिछली बार की तुलना में हर बूथ पर अधिक मत प्राप्त करना है। जिसको लेकर बूथ अध्यक्ष व्यापक स्तर पर लोगों से सम्पर्क व संवाद स्थापित करें। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा हर बूथ पर विजय अभियान के साथ कमजोर बूथों पर अधिक सक्रियता को लेकर बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन किया जा रहा है। जिसमें विधान सभा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर अयोध्या विधान सभा प्रभारी अशोक कसौधन, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, राघवेन्द्र पाण्डेय, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, गिरीश पाण्डेय डिप्पलु सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पॉवर परिवर्तक बदलने के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच।** विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय बहराइच के उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-सिविल लाइन पर क्षमता वृद्धि हेतु पॉवर परिवर्तक (5 एमवीए से 10 एमवीए) बदलने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण 33/11 के.वी. सिविल लाइन उपकेन्द्र के समस्त फीडर प्रातः 07.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक बन्द रहेंगे। इस दौरान पंचवटी, माधवरेती, वीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दिवानी कचेहरी एवं टेलीफोन फीडर से सम्बन्धित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से प्रभावित रहेगी। श्री कुमार विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तदनुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

## 02 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के पांचवे दिन 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अरविन्द कुमार पुत्र सुन्दर लाल ने भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) दल से तथा रमेश चन्द्र पुत्र माता प्रसाद द्वारा समाजवादी पार्टी से नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जबकि राम मिलन पुत्र अमर नाथ, प्रभूनाथ पुत्र बहराईची व बिरजेश कुमार पुत्र रामहर्ष द्वारा क्रमशः नामांकन पत्र के दो, एक व तीन सेट प्राप्त किये गये हैं।

## देर शाम आबकारी के अभियान की मुहिम दिखी तेज



**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव के दौरान सक्रिय होने वाले मिलावटखोरो के खिलाफ भी सक्रिय आबकारी विभाग सरकारी दुकानों का भी औचक निरीक्षण करते हुए देखा जा रहा है। आपको बता दे कि विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करके नशा तिजारतीयो के खिलाफ कार्यवाही की मुहिम चलाता हुआ नजर आ रहा है। पूरे अभियान के विषय में जानकारी करने पर डी.ई.ओ कुलदीप दिनकर के अनुसार आज आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेंद्र कुमार ने अपने सर्किल में देर शाम अभियान की मुहिम को तेज किया है। समस्त सरकारी देशी, विदेशी व बीयर की दूकानों का औचक निरीक्षण करके स्टॉक का मिलान किया। क्यू आर कोड के माध्यम से शराब की बोतलों को चेक किया। सेल्समैनों को आवश्यक निर्देश देते हुए अलर्ट रहने को कहा। और किसी प्रकार की शिकायत आने वाले कार्यवाही किए जाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए।

- बार्डर सर्किल पर मुस्तैदी से निरीक्षण करते दिखे आबकारी निरीक्षक

आपको बता दे कि फतेहपुर सर्किल बार्डर सर्किल है। और यहां पर बाहरी तत्वों के सक्रियता को रोकने के लिए टीम द्वारा पूरी मुस्तैदी बरती जा रही है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम




**बहराइच।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रशासक, ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना, लखनऊ डॉ. हीरालाल आईएएस के मार्गदर्शन में जनजागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत-हेमरिया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ में कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बहराइच के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक व स्कूल के बच्चों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उदय शंकर त्रिपाठी, श्री हीरालाल यादव अवर अभियन्ता एवं श्री ओम प्रकाश पाण्डेय लेखाकार के द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त आयोजन में आमंत्रित पर्यावरणविद् श्री रमेश चन्द्रा एवं उनके साथ सहयोगी श्रीमती पुष्पा ने भी भाग लियां एवं उनके द्वारा भी पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के बारे में महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हुए स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया गया।

इसके उपरान्त पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी महोदया आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उक्त विषय पर भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय शंकर त्रिपाठी, अवर अभियन्ता हीरालाल यादव एवं लेखाकार ओम प्रकाश पाण्डेय द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे पर्यावरणविद् रमेश चन्द्रा एवं सहयोगी श्रीमती पुष्पा द्वारा भी पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक पौध रोपित करने तथा स्वच्छता के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी लोगों एवं छात्र-छात्राओं को जल, वृक्ष एवं धरा को संरक्षित रखने हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर भूमि संरक्षण इकाई-बहराइच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के अवर अभियन्ता, लेखाकार, ड्राफ्ट मैन, सहायक भूमि संरक्षण निरीक्षक, सींचपाल, अनुरेखक एवं वरि.सहायक उपस्थित रहे।

## वृद्धा आश्रम में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बहराइच।** मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम नगरौर स्थित वृद्धा आश्रम में आयोजित मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा ने वृद्ध संवासियों एवं वृद्ध आश्रम के स्टाफ को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुख्त होकर मतदान करने की शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अन्तर्गत वृद्ध संवासियों के मध्य आयोजित म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम की विजेता कामिनी देवी, कुन्ती देवी व सत्यनारायण को मुख्य विकास अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर द्वारा द्वारा अंगवस्त्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वृद्धा आश्रम में मेरा वोट मेरा अधिकार की थीम पर आयोजित दीप मालाओं की श्रृंखला आर्कषण का केन्द्र रही। कार्यक्रम के अन्त में सीडीओ ने सभी वृद्ध संवासियों से वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन सुलह अधिकारी राकेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, आश्रम के प्रबंधक दिलीप द्विवेदी, सुल्तान अहमद, सहायक विकास अधिकारी संदीप त्रिपाठी, रीना मिश्रा, भगवान प्रसाद यादव, सुधाकर पाण्डेय व जगदीश प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत

**खीरो, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बसावन खेड़ा निवासी जिया लाल(65) की सरेनी थाना क्षेत्र भोजपुर से सरेनी मार्ग में भैया खेड़ा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। जिसका शव सोमवार उसके पैतृक गांव बसावान खेड़ा पहुंचा। बुजुर्ग का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। बसावन खेड़ा निवासी जिया लाल 65वर्ष पुत्र पंचम रविवार की शाम 5 बजे सरेनी थाना क्षेत्र के भोज पुर गया था। जहां से देर रात वापस आते समय भोजपुर- सरेनी मार्ग पर भैया खेड़ा के पास रात लगभग एक बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था। जिसमे जिया लाल की मौके पर ही मौत हो गयी थी। स्थानीय पुलिस ने मृतक जियालाल के शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया था। सोमवार दोपहर बाद मृतक जिया लाल का शव बसावन खेड़ा पहुंचा।

## मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**ऊँचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में कुल तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना नगर के बिजली घर के पास की है, जहां सोमवार की दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार शत्रुघ्न 21 वर्ष निवासी पूरे चंदी मजरे कन्दरांवा गंभीर रूप से घायल हो गया,स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर जमुनापुर चैराहे के पास की है, जहां दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक पर बैठी अर्पिता 11 वर्ष व उनका भाई आदित्य 8 वर्ष पुत्र हरिकेश निवासी पूरे दुनियापत थाना गदागंज घायल हो गये, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। दोनों बच्चे अपने मौसा बबलू निवासी सिंघापुर भटौली के साथ घर जा रहे थे। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमे घायल युवक को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## नःशुल्क शिविर में मरीजों का परीक्षण

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के चिकमंडी स्थित मेडिकल एजेंसी में व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकडो मरीजो का परीक्षण कर उन्हे दवाएं दी गई। शिविर में सीतापुर जिला अस्पताल के पूर्व शिशु रोग विशेषज्ञ डा. एमके गुप्ता ने नवजात बच्चो को इलाज किया वही डा. अनुराधा यादव ने महिला रोगियो का परीक्षण किया। सुबह 10 बजे से लेकर सांयकाल तक मरीजो का तांता लगा रहा। चिकित्सको ने मरीजो का परीक्षण कर उन्हे परामर्श व दवायें भी प्रदान की।

## ठाकुरजी को शीतलता प्रदान के लिए सज रहे सुबह शाम फूलबंगला

**मथुरा।** वृंदावन बांकेबिहारी मंदिर में फूल बंगलों का आयोजन शुरू हो चुका है। ठाकुरजी को गर्भी में शीतलता प्रदान करने के लिए सुबह और शाम बंगला सज रहा है। एक सैकड़ा से अधिक भक्तों की प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। उनकी बारी आने पर उनके नाम से फूलबगला ठाकुरजी का सजाया जा रहा है। चैत्र शुक्ल एकादशी (19 अप्रैल) से बिहारीजी मंदिर में फूल बंगला बनने शुरू हुए जो हरियाली अमावस्या यानी चार अगस्त तक सजेंगे। 109 दिनों तक राजभोग और शयनभोग सेवाधिकारियों द्वारा भक्तों की मांग पर 218 फूल बंगला सजाये जायेंगे। एक बंगला बनाने में तकरीबन ढाई हजार फूलों का प्रयोग किया जा रहा है। इनमें चम्पा, गुलाब, गेंदा, रायबेल, गुलदाबरी आदि किस्मों के फूल शामिल हैं जिन्हें वृन्दावन के अलावा कई प्रदेशों से आयात किया गया है। 218 फूल बंगलों के लिये सैकड़ों भक्तों ने आवेदन किये, लेकिन करीब 125 से अधिक भक्तों का नम्बर नहीं मिल पाया। इन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। मंदिर के सेवायत विप्रांश बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि प्रतीक्षा सूची लगातार बढ़ती जा रही है। अपरिहार्य कारणों से किसी आयोजक की तिथि रद होने की स्थिति में सूची के वरीयता क्रमानुसार प्रतीक्षा सूची में शामिल भक्त को बंगला सजाने की अनुमति मिल सकेगी। हर वर्ष कुछेक तिथियाँ किसी न किसी कारण से रद हो जाती हैं, जिसके चलते कुछ नये भक्तों को बंगला सजवाने का अवसर सुलभ हो जाता है।

# अग्निकांड में एक करोड़ से अधिक का नुकसान



- अंबेडकरगनर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेपी सिंह की तत्परता से दोस्तपुर अग्निकांड पर काबू पाया गया

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सोमवार की सुबह दोस्तपुर कस्बे के शाही पुल के पास भूषण मशीनरी स्टोर की गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर ने पानी के टैंकरों को आग बुझाने में लगा दिया और स्वयं भी डटे रहे। दोस्तपुर पुलिस के कादीपुर सीओ विनय गौतम भी मौके पर पहुँचे। जिले की दमकल विभाग की गाड़ियां देर से पहुँची, इसके पूर्व पड़ोसी जिले अम्बेडकर नगर के डीएम व एसपी ने सूचना पर टीम अग्निशमन वाहनों को मौके पर भेजा, जिससे आग पर काबू पाया गया। करीब पांच घंटे तक पूरे कस्बे में अफरा तफरी मची रही। आग बुझने पर राजस्व टीम ने नुकसान का आकलन किया। शुभचिंतकों ने पहुंचकर व्यापारी से मिलकर हर संभव मदद कर भरोसा दिया। प्रतिष्ठान के मालिक व दोस्तपुर कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी करुणा शंकर जायसवाल का रो रो कर बुरा हाल है। कस्बे के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों से भी लोग आग बुझाने मे काफी मदद की। भूषण मशीनरी स्टोर पर लगी भयानक आग से पाइप व मोबिल से भरी हुयी गोदाम जलकर राख हो गयी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंबेडकरनगर जेपी सिंह की पहल पर और सक्रियता से अंबेडकरनगर से तत्काल चार धमकल वाहन तुरंत मौके पर पहुंचा। जिससे आग पर काबू पाया जा सके, जबकि सुलतानपुर जिले से सिर्फ एक ही धमकल वाहन मौके पर पहुंच सका। जिसको लेकर कस्बेवासियों में काफी नाराजगी भी दिखी। दूरभाष पर बातचीत में मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेपी सिंह ने कहा कि दोस्तपुर कस्ब अंबेडकरनगर जिले से सटा हुआ। अंग्निकांड की सूचना मिलते ही तत्काल अंग्निशमन वाहनों को मौके पर रवाना किया गया। जिससे आसपास आग का फैलाव नहीं हो सका। अगर मौके पर अंबेडकरनगर के धमकल वाहन न पहुंचते तो इससे भी बड़ा नुकसान हो सकता था। इस मौके पर कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, थाना प्रभारी दोस्तपुर राम अशीष उपाध्याय व थाना अध्यक्ष बेवाना मनोज शुक्ला, डीएफफो सुल्तानपुर घटना स्थल पर मौजूद रहे।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए छात्र छात्राओं ने शपथ ग्रहण की

**रायबरेली।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम के अंतर्गत दीनशाह गौरा विकासखंड के कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए शपथ दिलाई गई।



नोडल प्रभारी डॉ सुनील दत्त ने बताया कि रायबरेली में 20 मई 2024 को पांचवें चरण का मतदान होना है जिसमें शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं के माध्यम से अभिभावकों को संदेश प्रेषित किया गया कि वे आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर मतदान करें। उन्होंने आगे कहा कि 18 वर्ष की आयु से अधिक के सभी नागरिक जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है वे निष्पक्ष रूप से बिना किसी दबाव और लालच के साथ मतदान करें। इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। जब लोकतंत्र मजबूत होगा तो देश और समाज अपने आप मजबूत हो जाएगा।

इसी कड़ी में इंटर कॉलेज गौरा के प्रधानाचार्य मेजर हरिश्चंद्र सिंह ने भी छात्र छात्राओं को मतदान के महत्व के संबंध में अवगत कराया। अंकुर बालिका इंटर कॉलेज के आदित्य कुमार सिंह, बलिकरन सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद फैजल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या कुमारी पूजा, मुंशी महादेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरगंज के राम प्रसाद, धमार्पुर कैली इंटर कॉलेज के महारानी दीन यादव, गोविंदपुर माधव इंटर कॉलेज के सूर्य नारायण तिवारी ने भी अपने-अपने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। छात्र छात्राओं ने रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से भी मतदान के महत्व को समझाया। इस अवसर पर सरोज अनिल कुमार, सभाजीत यादव, लाल संजय प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रताप, कृपा शंकर, दिनेश चन्द्र वर्मा, कमीक्षा प्रताप सिंह, सुधीन्द्र कुमार, मुन्नालाल, ज्ञान बहादुर, अशोक कुमार, बृजेश कुमार, राज कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना मोतिगरपुर परिसर में उप जिला मजिस्ट्रेट जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशान्त सिंह, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, संवेदनशील/ अति संवेदनशील बूथों के मतदाताओं के साथ चुनाव सम्बन्धी बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट से उनके क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों व व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदान की तैयारियों के सम्बन्ध में जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट से उनके द्वारा तैयार किये गये माइक्रो प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सुविधाएं समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाय। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण समय सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एसएचओ मोतिगरपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण अवश्य करें। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने वि0ख0 मोतिगरपुर क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय दियरा प्रथम व कम्पोजिट विद्यालय द्वितीय, क्रिटिकल व वल्नेबल मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित बीएलओ से फार्म-12डी, मतदाता पर्ची का वितरण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इस मौके पर उप जिला मजिस्ट्रेट जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेल कोच में मुख्य यांत्रिक अभियंता आईटी ने अधीनस्थ अधिकारी को पीटा

**लालगंज, रायबरेली।** रेल कोच कारखाने में उत्पादन के बजाय अब लात घूसों की बौछार होने लगी है। काम के बजाय अधिकारी ऊपरी आमदनी करने में लगे हुए हैं जिसके चलते मारपीट की घटनाएं हो रही है। इन्हीं सब बातों को लेकर सोमवार को आधुनिक रेल कोच कारखाने में एक प्रथम श्रेणी अधिकारी के द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। रेल कोच के आईटी विभाग के उप मुख्य आंतरिक अभियंता अमित कुमार ने अपने अधीनस्थ वरिष्ठ अनुभाग अभियंता को उसके कार्यालय में जाकर जमकर लात घूसों स से मारा पीटा है और उसे मां बहन की गाली भी दिया है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल वरिष्ठ अनुभाग अभियंता संतोष कुमार मौर्य ने बताया कि उनके उच्च अधिकारी अमित कुमार आए दिन कर्मचारियों का उत्पीड़न करते थे जिसकी शिकायत एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने जीएम सहित उच्च अधिकारियों और यूनियन से की थी जिससे कुपित होकर अमित कुमार सोमवार को उनके कार्यालय मिनी एडमिन बिल्डिंग में आए और आते ही कहने लगे कि तुमने मेरी शिकायत की है और गलीज गलौज करते हुए जमकर मारा पीटा। संतोष मौर्य का कहना है कि मारपीट की घटना में उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। डिप्टी सीएमई अमित ने उसे गिरा गिरा कर फर्श पर मारा पीटा। उसके मुंह नाक से ब्लड आने लगा था। मारपीट के बाद अमित गाली गलौज करते हुए निकल गया। उसे उसके साथी कर्मचारियों ने एंबुलेंस के द्वारा रेल कोच के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लालगंज सरकारी अस्पताल भेज दिया। सरकारी अस्पताल में मौजूद डॉक्टर आरके तिवारी ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। वही संतोष मौर्य के द्वारा मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से की गई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मारपीट की घटना को लेकर रेल कोच कारखाने के मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल और महामंत्री सुशील गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि इस तरह की घटनाओं से कर्मचारियों का मनोबल घट रहा है और इससे रेल कोच के उत्पादन में भी असर पड़ेगा। वही रेल कोच के यूनियन नेताओं ने घटना के बाबत एडमिन बिल्डिंग पहुंचकर रोष जताया है।

## चुनाव को लेकर डीएम ने की प्रगति की समीक्षा



- चुनाव को सुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए डीएम ने मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारी को दिये निर्देश

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा निर्वाचन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, तहसीलदार के साथ मतदान केन्द्र पर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मतदान केन्द्र का रूटचार्ट, पोलिंग पार्टी के लिये वाहनों की संख्या, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नेबिलिटी मैपिंग, आचार संहिता का अनुपालन, ईवीएम एवं वीवी पैट परिवहन प्रोटोकाल आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। निर्वाचन अधिकारी ने सभी सम्बन्धित जोनल मजिस्ट्रेट से उत्तरदायित्वों के सम्बन्ध में सवाल-जवाब किये गये। जोनल मजिस्ट्रेट राधेश्याम यादव व जोनल मजिस्ट्रेट सुधीर पाण्डेय द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिये जाने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पिछली बैठक का काफी अच्छा अनुश्रवण किया है।

उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि आप सभी अपने अन्तर्गत आने वाले बूथों का निरीक्षण व रूट प्लान का अध्ययन कर लें। उन्होंने सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया कि आप सब अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन सावधानी पूर्वक करें। उन्होंने सभी जोनल, उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि आप अपने क्षेत्र के तहत आने वाली सभी पोलिंग पार्टियों का मोबाइल नं पास रखें या व्हाट्सएप ग्रुप बना लें। इससे आप सभी को बहुत आसानी होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला ने सभी जोनल मजिस्ट्रेट को कहा कि मतदान केन्द्र का रूटचार्ट तथा पोलिंग पार्टी के लिये वाहनों की संख्या, कम्यूनिकेशन प्लान, एरिया डामिनेशन आदि विषयों पर विन्दुवार समीक्षा करते हुए जोनल मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर एआरओ सदर टीपी सिंह, एआरओ बल्दीराय विदुषी सिंह, उप जिला मजिस्ट्रेट कादीपुर शिव प्रसाद, उप जिला मजिस्ट्रेट सदर जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी, जिला मजिस्ट्रेट लम्भुआ दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दबिश के दौरान 27 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 100 किलो लहन किया नष्ट



**सुलतानपुर (वीओएल)।** आबकारी आयुक्त, डीएम-एसपी व जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में मय स्टाफ गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत गोमती नदी कछार व पार में ताबड़तोड़ दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 27 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। ताबड़तोड़ दबिश को देखकर अवैध शराब कारोबारियों में अफरा-तफरी मच गयी। अवैध शराब कारोबारी शराब को लेकर नदी पार भागने में सफल नहीं हो सके। टीम द्वारा गोमती नदी के पार भी दबिश दी गई। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कच्ची व अवैध शराब के कारोबार को अभियान चला कर पूरी तरह बंद किया जायेगा। कोई अवैध कच्ची शराब कारोबारी बच नहीं सकता। कड़ी से कड़ी विधिक कार्रवाई होगी।

## भाजपा ने नुक्कड़ सभाएं कर गिनायीं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

रायबरेली। भारतीय जानता जनता पार्टी रायबरेली सदर के बेला भेला मण्डल के अन्तर्गत हंसापुर गाँव में ष्नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी जी रहे। जिला अध्यक्ष ने नुक्कड़ सभा में जानता को संबोधित किया साथ ही जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने रायबरेली नगर के पश्चिमी मंडल में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर के पूर्वी मण्डल के इंदिरा नगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। नुक्कड़ सभा में सभी ने ष्मोदी की गारंटीष केंद्र सरकार की 10 वर्षों की योजनाओं को जानता के समक्ष रखा जिसमे ष्आयुष्मान भारत योजनाष्मुफ़्त राशन, प्रधान मंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना,विश्वकर्मा योजना, प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना,फसल बीमा योजना,किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना, अमृत योजना जैसी अनेकों योजनाओं को नुक्कड़ सभा में आय लोगो को अवगत कराया। नुक्कड़ सभामें मौजूद जिला मंत्री विवेक शुक्ला, मण्डल प्रभारी शिवेंद्र सिंह, भाजपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष बेला भेला जितेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष पश्चिमी अखिलेश तिवारी,पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा,मण्डल महामंत्री सुनील शुक्ल, राहुल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा हरिश्चंद्र सिंह, मुकेश शुक्ला,गीता सिंह मण्डल उपाध्यक्ष, व नगर के दोनों मण्डलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसपीएस में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम



**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के द्वारा हमारे कल को बेहतर बनाने के लिए आज को हरा भरा रखना जरूरी है,इसके लिए पेड़ों की कटान रोककर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना ,पानी की बचत करना और वातावरण को शुद्ध रखना, जैसे संकल्पों को दोहराती हुई एक लघु नाटिका विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गयी,जिसमें छात्रा दीपशिखा ,स्वास्तिका, भाव्या व इशिता, फिजा, आराध्या की क्रमशः पृथ्वी माँ और पेड़ों भूमिकाओं ने कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रमों की श्रंखला में चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, व्यर्थ वस्तुओं का पुनः उपयोग आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है और वह हमारे लिए माता तुल्य है, उसका आदर, सम्मान व पूजा करना प्रत्येक मानव का धर्म है। पृथ्वी के बिना मानव जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है, पृथ्वी ही हम सबका आधार है और उसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है जिसका उद्देश्य पृथ्वी पर बढ़ रहे प्लास्टिक पॉलूशन के विषय में लोगों को जागरूक करना पर्यावरण संरक्षण संबंधी जरूरी कदम है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आराधना और अंशी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, अभिषेक भारद्वाज, एवं गिरीश सहित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल में मना विश्व पृथ्वी दिवस

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में 22 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को ष विश्व पृथ्वी दिवसष के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्र- छात्राओ ने पोस्टर, स्लोगन और पेंटिंग के माध्यम से सभी को एक संदेश दिया कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने में ही हमारा जीवन संभव है अन्यथा दिन प्रति दिन हम सभी को जीवन जीना दुर्लभ हो जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने अभिभाषण में पृथ्वी दिवस के संदर्भ में प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी की गुणवत्ता संरक्षण एवं संवर्धन का नैतिक दायित्व हम सभी पर है। पृथ्वी के समस्त संसाधनों का उपयोग करते हुए हमारा नैतिक दायित्व है कि हम पृथ्वी की गुणवत्ता बनाए रखें, अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय की विज्ञान विषय की विद्वान शिक्षिका आयुषी श्रीवास्तव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकाश डालते हुए आज के दिवस 2024 की थीम ष्प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिकष पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में कक्षा- 8 सात्विक गुप्ता व कक्षा-7 की छात्रा अस्मिता सिंह ने भी पृथ्वी दिवस पर अपने -अपने विचार प्रस्तुत किए। तत्पश्चात उक्त विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिस में बच्चों ने बढ़- चढ़कर कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। अंत में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पृथ्वी को दूषित करने वाले अपशिष्टों को दिखाया गया। जिससे हमारी पृथ्वी किस तरह प्रभावित हो रही है इसका परिणाम वर्तमान में दिख भी रहा है।

## विधायक ने जाना आगजनी से प्रभावितों का हाल

ऊँचाहार ,रायबरेली। पूरे छेदी मजरे कोटिया चित्रा गांव में आगजनी की घटना से प्रभावित हुए परिवारों का हालचाल क्षेत्रीय विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय देर रात उनके घर पहुंचे और उन्हें मदद का आश्वासन दिया और साथ ही साथ झुलसे हुए एक युवक को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ज्ञात हो कि रविवार की दोपहर गाँव निवासी श्यामलाल के दरवाजे रखे छप्पर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई थी, आग ने श्यामलाल के अलावा रामलाल व रज्जू के घर को भी अपनी आगोश में ले लिया था। जिससे तीनों घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। घटना में आग बुझाते समय श्यामलाल का बेटा रविंद्र व दिलीप बेटी रूबी तथा पड़ोसी विजय कुमार झुलस गये थे। जिनका सीएचसी में उपचार कराया गया था। वहीं आग लगने पर सूचना पाकर क्षेत्रीय विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय देर रात पीड़ितों का हालचाल जानने उनके घर पहुंचे, जहाँ उन्होंने पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने के साथ साथ हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इसके अलावा गम्भीर रूप से झुलसे रविंद्र को बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया है। और डॉक्टरों को बेहतर उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रज्जन दुबे, विवेक यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी

- कमला नेहरू संस्थान में तकनीकी महोत्सव 'प्रतिभा 2024' का हुआ भव्य उद्घाटन





**सुलतानपुर वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में 22 से 23 अप्रैल तक चलने वाले दो दिवसीय खेल व तकनीकी महोत्सव 'प्रतिभा-2024' का मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंधक तथा सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में जेपीके हास्पिटल के संचालक डा. जे.पी. सिंह, फामेर्सी संकाय के निदेशक प्रो. महेश प्रसाद, बी. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. बिहारी सिंह, मैनेजमेंट कोर्स की निदेशक डा. इन्द्रजीत कौर उपस्थित रहे। विनोद सिंह ने छात्रों को खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेने व अनुशासन का पालन करने की सीख दी। प्रो. (डा.) महेश प्रसाद ने खेलों के सफल आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं दी और छात्र-छात्राओं को खेल भावना का पालन करते हुए सभी खेलों में भाग लेने को प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो.डीएस पुन्डीर ने बताया कि तकनीकी संस्थान में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के खेल व तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न खेल तथा तकनीकी ज्ञान से संबन्धित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। संस्थान के डीन रत्नेश सिंह ने बताया कि महोत्सव में दो दिन में कुल 28 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित रोबो-रेस प्रतियोगिता में बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की जान्हवी सिंह, वर्षा प्रजापति, आदिल, एवं पार्थ की टीम ने प्रथम तथा डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स के साहिल, आयुष मिश्रा, आदर्श मिश्रा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी सिंह ने प्रथम और सिविल चतुर्थ वर्ष के सौरभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में बी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र शिवम यादव ने प्रथम व बी. टेक. मेकैनिकल चतुर्थ वर्ष के छात्र राम सिंह वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। माडल प्रेजेंटेशन में प्रिंस यादव, सिद्धार्थ पान्डेय, समीर कुशवाहा, नितिन अग्रहरि की टीम ने प्रथम तथा निगत फातिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर नर्सिंग विभाग के प्रशासक राजेश कुमार दूबे एवं महोत्सव की कोर कमेटी के सभी सदस्य तथा समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## गांधी परिवार ने रायबरेली के लोगों को छला : अजय अग्रवाल

**रायबरेली।** गांधी परिवार ने रायबरेली वासियों को केवल छला है, उनका कोई आर्थिक अथवा शैक्षणिक विकास नहीं किया, यह बात भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने दिनशाह गौरा मण्डल द्वारा ग्राम हसउपुर में आयोजित एक नुक्कड़ सभा में बतौर मुख्य अतिथि कही। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि रायबरेली का नाम विश्व पटल पर सभी जानते हैं परंतु आकर देखते हैं तो लगता है कि कांग्रेस ने अपने 70 साल के शासनकाल में इस छेत्र के लिए कुछ नहीं किया जबकि 1952 से यहां गांधी परिवार के ही लोग ज्यादातर सांसद रहे तथा प्रधानमंत्री तथा श्सुपर प्रधानमंत्रीश भी यही से रहे। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि यदि इनको अपनी जनता की चिंता होती तो रायबरेली आज एक अति विकसित छेत्र होता। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि उन्होंने रायबरेली को नोएडा की भांति विकसित करने का व्रत लिया है और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से वह इसको पूरा करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा के संकल्प पत्र की विस्तार से जानकारी दी तथा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को रायबरेली में अधिक से अधिक मतों से जिताने की अपील की। सभा में भाजपा के दिनशाह गौरा मंडल अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, शक्ति केन्द्र संयोजक लालबहादुर पटेल, बूथ अध्यक्ष रामू पटेल तथा हरिकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संक्षेप

## वांछित लुटेरा मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोतवाली वृंदावन इलाके में वृंदावन पुलिस और एसओजी टीम की 24 घंटे में दूसरी मुठभेड़ हो गई। रविवार देर रात हुई मुठभेड़ में शातिर लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। लुटेरे के दोनों पैर में गोली लगी। घायल लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। गौरतलब हो कि चित्रा पत्नी गौरव कुमार ने उसकी बहन पूजा का पर्श छीन कर ले जाना जिससे स्कूटी से गिरने के संवन्ध में मुअस 209/2024 धारा 392 भादवि थाना वृन्दावन पर पंजीकृत कराया। मोहित तिवारी 18-17 अप्रैल की रात्रि में थाना वृन्दावन व एसओजी टीम के साथ हुयी पुलिस मुठभेड के दौरान मौके से भाग गया था जिसमें पुलिस ने दो आरोपितों को पकडा था और न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा गया। लुटेरा मोहित की गिरफ्तारी पर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने 19.04.2024 को 25000 रु का ईनाम घोषित किया था। जिसको लेकर वृंदावन पुलिस और एसओजी टीम को बीतीरात मुखबिर की सूचनानुसार देवराह बाबा कुम्भ मेला क्षेत्र में आरोपित से मुठभेड़ हो गई। जिसमें दोनों तरफ की फायरिंग की मोहित के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपित को जिला अस्पताल उपचार हेतु भेजा है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे (पीड़िता) के नाम से वोटर आईडी कार्ड लेडीज घड़ी, जोड़ी पायल सफेद धातु, बिछुआ सफेद धातु, दो मोबाइल, एवं चोरी की बाइक बरामद की है।

## खडी बस में लगी आग बड़ा हादसा टला

**मथुरा।** गोवर्धन में आग में जहां एक तरफ गोवर्धन नगरपंचायत का कूड़ा डाला जाता है वहां पर टूर एन्ड ट्रेवल्स की बस खड़ी होती हैं। वहीं पर नगर पंचायत द्वारा राजीव चैराहा पर सोरन इण्डेन गैस के पास कूड़े का खाली पड़े प्लॉट में ढेर रहता है तो वहीं पर साइड से बस को खड़ी कर देते है तो वही किसी के द्वारा कूड़े मे आग लगाई जाने की बजह से कूड़े में आग लगने लगी। जिससे देखते ही देखते आग फैल गई और भारत ट्रेवल्स की बस में आग लग गई। पास मे बना पेट्रोल पम्प ओर सिलेंडर के गोदाम होने की वजह से कोई बड़ा हादसा टला गया। फायरबिग्रेड की गाडी द्वारा एवं प्रशासन की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की गाडी तुरंत पहुंची और आग बुझाने मे जुट गई। वही गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का कोई जानमाल का नुकसान नही हुआ है।

# अब पांच साल फातिहा ही पढ़ें सपा बसपा कांग्रेस

### अयोध्या काशी ने लक्ष्य पा लिया अब ब्रज भूमि की बारी : योगी



**आगरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को किरावली में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों सपा बसपा कांग्रेस जमकर निशाना साधा मुख्तार अंसारी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस सपा बसपा के लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं इनको कह दो कि वोट तो कमल के निशान पर जाएगा आपको पांच साल छुट्टी देरहे हैं पांच साल जाकर फातिहा पढ़ो मुख्यमंत्री फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर के समर्थन में जनता को संबोधित कर रहे उन्होंने स्पष्ट कहा कि अयोध्या काशी ने अपना लक्ष्य पा लिया। अब ब्रज भूमि की ही बारी है। एक तरफ कांग्रेस सपा बसपा थी रामजन्मभूमि के लिए हमसे प्रमाण पूछते थे। राम कृष्ण हुए ही नहीं यह भी कहते थे। जैसे इस सृष्टि के पहले कांग्रेस सपा बसपा ही हुए थे मोदी के कारण इनका झूठ फेल हो गया पांच सौ साल बाद रामलला प्रकट हो गए उन्होंने कहा आगरा में आपका एयर पोर्ट बन रहा है। आगरा गंगा जल का सेवन कर रहा है हर घर नल की योजना लागू हो रही है योगी ने कहा वर्ष 1947 में बड़े दंभ के साथ पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था पाकिस्तान की कुल आबादी 25 से 30 करोड़ जबकि भारत की आबादी 140 करोड़ भारत में पिछले चार साल से 80 करोड़ लोग फ्री राशन का लाभ ले रहे हैं पाकिस्तान में लोग रोटी के लिए मोहताज हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी है उतनी आबादी को भारत में गरीबी रेखा से ऊपर उठा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कांग्रेस बसपा सपा लोगों को तरसाते बैंक खाते नहीं खुलवाते थे गैस सिलेंडर नहीं थे। दस करोड़ को गैस कनेक्शन मिला चार करोड़ को घर मिला कुछ बच गए तीसरे कार्यकाल में हर व्यक्ति को सुविधा मिलेगी भाजपा के शासन में चेहरा देखकर योजना का लाभ नहीं मिलता रामेश्वर का विरोध थामने के लिए किरावली में हुई जनसभा योगी आदित्यनाथ का आगरा में हाल में यह तीसरा दौरा है इससे पहले भी वे राज कुमार चाहर के समर्थन में वोट देने की अपील कर चुके हैं। अब किरावली के लोगों को साधने के लिए यह जनसभा की गई है। चर्चा है भाजपा विधायक बाबू लाल के बेटे रामेश्वर के निर्दलीय चुनाव लड़ने से समीकरण बदले हैं। इन समीकरण को बदलने के लिए हुई जनसभा की गई। मुख्यमंत्री जनसभा के दौरान देश के पूर्व वायुसेना अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर प्रो एसपीसिंह बघेल समेत सभी प्रमुख भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

## हेमामालिनी की जीत प्रदेश में सबसे बड़ी होगी : चौधरी लक्ष्मी नारायण



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी ने कहा कि मथुरा में हेमामालिनी की जीत प्रदेश में सबसे अधिक मतों से होगी। उन्होंने कहा कि यदि 12 लाख वोट पड़ते हैं तो दस लाख से और यदि दस लाख वोट पड़ते हैं तो आठ लाख से हेमामालिनी की जीत होगी। यह जीत उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मतों से होगी।

उन्होंने कहा कि आरएलडी से तालमेल के कारण जो बीस 25 प्रतिशत जाट वोटों का बंटवारा होता था अब नहीं होगा क्योंकि 70 प्रतिशत से अधिक जाटों का वोट तो भाजपा को पहले ही मिल रहा था उन्होंने कहा कि यह जरूर है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरण के कारण कुछ सीटों पर अच्छी टक्कर होगी किंतु मोदी की मुफ्त राशन, मुफ्त चिकित्सा, शिक्षा आदि की जनकल्याणकारी नीतियों और योगी के सुशासन की वजह से उत्तर प्रदेश में किसी की दाल गलने वाली नहीं है तथा यहां पर भाजपा 80 सीटों पर विजयी होगी। उनसे जब पूछा गया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कहते हैं कि पहले चरण के परिणाम से स्पष्ट है कि इस बार भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा तो उन्होंने कहा कि अखिलेश मैनपुरी और कन्नौज ही बचा लें तो यह उनकी उपलब्धि होगी। उनका कहना था कि कांग्रेस सपा के गठबंधन का उत्तर प्रदेश में कोई प्रभाव इसलिए नहीं है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का तो कोई जनाधार ही नहीं है।

मायावती द्वारा अब मुसलमानों को टिकट देने की नीति पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने कैराना जैसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों का भ्रमण किया है और वहां पर इसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ता। मुसलमान वास्तव में उसे वोट देता है जो भाजपा का निकटतम प्रतिद्वन्दी होता है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन व चिकित्सा, तीन तलाक आदि के कारण कुछ प्रतिशत मुसलमानों का वोट इस बार भाजपा को जरूर मिलेगा।

## आरटीओ कार्यालय से सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आगाज



**फिरोजाबाद।** सहायक संभागिक परिवहन कार्यालय सिविल लाइन से सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया जो की 22 अप्रैल से प्रारंभ होकर 4 मई तक जनपद भर में चलाया जाएगा जिसके तहत कॉलेज के विद्यार्थियों व सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आरटीओ सुरेश चंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान में चल रही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा इस सीजन में चल रहे वैवाहिक व धार्मिक आयोजनों के कारण सड़कों पर ज्यादा आवागमन होने की प्रबल संभावनाओं की दृष्टिगत समस्त स्टेक होल्डर विभागों के सहयोग से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 22 अप्रैल से 4 मई तक जनपद भर में चलाया जाएगा, इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना अधिकारी दयाशंकर और आई अखिलेश यादव व पुलिस निरीक्षक यातायात ने भी सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार बताते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स व कॉलेज के विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा की आप यहां से जाकर अपने घर व कॉलोनी के लोगों एवं अपने मित्रों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें।

## मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**मथुरा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं स्वीप नोडल अधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली जिलाधिकारी कार्यालय से प्रारंभ हुई जिसमें फामेर्सी पाठ्यक्रम में अध्यनरत विभिन्न संस्थाओं के साथ साथ छात्राओं ने भाग लिया। रैली रजिस्ट्री कार्यालय से होती हुई तहसील प्रांगण पहुंची जिसको राजकीय महाविद्यालय मांट मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा लीड किया गया। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदान की अपील करी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मतदाताओं का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि 26 अप्रैल 2024 को वह पहले करें मतदान बाद में कोई अन्य काम। रजिस्ट्री कार्यालय के सामने मतदाता जागरूकता कठपुतली शो प्रस्तुत किया जिसमें सभी मतदाताओं से 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान में समय से पहुंचने का संदेश दिया गया। लोक गायिका सीमा मोरवाल ने ब्रज भाषा में मतदाता जागरूकता लोकगीत गाकर मतदान की अपील करी। स्वीप को-ऑर्डिनेटर प्रो.पल्लवी सिंह, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. दीन दयाल एवं जिला साक्षरता क्लब प्रभारी मनीष दयाल ने कहां कि युवा मतदाता अपने पड़ोसियों को तथा अपने घर के सभी मतदाता सदस्यों को साथ लेकर मतदान केंद्र समय से पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवकुमार ने किया। इस अवसर पर पायल तिवारी, अंशु उपाध्याय, योगेश, वेद प्रकाश शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र. अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, नेत्रपाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, महेश गुज्जर, सुरेश सिंह, दीपक, जितेन्द्र, के.पी. तांगर, बच्चू सिंह, नरेंद्र सिंह, अरुण कुमार, जयवीर सिंह, ललित, राज बहादुर सिंह, कोमल ने मतदाता जागरूकता रैली में सक्रिय योगदान दिया।

# लाइनपार क्षेत्र में रेलवे द्वारा सड़क निर्माण करने के लिए अनापत्ति जारी



**टूंडला।** रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित अनवारा नगला छेंकुर टूंडला खाम आदि दर्जनों गांव के लोगों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, लेकिन रेलवे की पाइपलाइन होने के कारण रेलवे द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जा रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता आरके सिंह बघेल द्वारा लगभग 4 वर्ष से यह मांग निरन्तर जन प्रतिनिधियों की समक्ष रखी जा रही थी तथा इस क्षेत्र के लोगों ने 2022 विधानसभा चुनाव में इस मांग को लेकर चुनाव का बहिष्कार भी किया था। फिरोजाबाद के सांसद डॉ.चंद्रसेन जादौन तथा राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति रेल मंत्रालय के बतौर सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज तथा जिलाधिकारी फिरोजाबाद को रेलवे एवं जिला प्रशासन की एक संयुक्त समिति बनाकर आपसी बातचीत के माध्यम से सड़क निर्माण का सुझाव रखा। जिस पर उप जिलाधिकारी टूंडला द्वारा राजस्व टीम गठित की एवं महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा सहायक मंडल अभियंता उत्तर मध्य रेलवे टूंडला को सदस्य नामित किया गया। जिला प्रशासन एवं रेलवे की संयुक्त गठित टीम द्वारा सड़क मार्ग का निरीक्षण किया गया, जिसके आधार पर रेलवे द्वारा सड़क मार्ग निर्माण की अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। रेलवे द्वारा निर्देशित किया गया है कि पाइपलाइन के ऊपर 1.5 फुट ऊंचाई में मिट्टी का भराव, रास्ते के दोनों ओर उचित ढलान के साथ पक्की नाली निर्माण तथा नाली खुदाई का कार्य मैन्युअल कराया जाए जिससे रेलवे की पाइपलाइन टूट-फूट के कारण पानी सप्लाई बाधित होने से बचा जा सके। अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होते ही क्षेत्र के एक दर्जन ग्राम वासियों ने खुशी व्यक्त की तथा सांसद एवं श्रीकृष्ण गौतम का मिलकर आभार व्यक्त किया और जिला प्रशासन और रेल प्रशासन को भी धन्यवाद दिया और निर्णय लिया कि चुनाव आयोग की मंशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में क्षेत्रवासी शत प्रतिशत मतदान में भाग लेंगे। इस सड़क के निर्माण होने से लगभग 15000 ग्रामीण क्षेत्र की आबादी को लाभ पहुंचेगा।

## एफएस विवि को मिला एकेडमिक एक्सिलेंस अवार्ड 2024

**शिकोहाबाद।** एफएस विश्वविद्यालय को एकेडमिक एक्सिलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। उक्त अवार्ड विश्वविद्यालय ख्वाजा मुइनुद्दीन चिस्ति भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स के दौरान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेटीयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसरजेवी पाण्डेय एवं केएमसीएलयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने की। एफएस विश्वविद्यालय को यह अवार्ड गुणवत्ता पूर्ण रोजगार पर एवं सर्व सुलभ शिक्षा प्रदान करने के प्रयास के लिये दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.दिलीप यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज, महानिदेशक डॉ.अभिनव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर यह अवार्ड ग्रहण किया।

## शहीद की बेटी की शादी में पूर्व फौजियों ने दिया आशीर्वाद

शिकोहाबाद। शहीद सैनिक की बेटी की शादी में सैनिक समाज सेवा संगठन के समस्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष फौजी विशेष कुमार की नेतृत्व में शामिल हुए। शादी समारोह में पूर्व फौजियों ने बेटी को पिता की कमी ना खले, इस लिए सभी पूर्व फौजियों ने जाकर नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया और संगठन का मूमेंटो भेंट करने के साथ ही एक छोटी सी भेंट ट्राली बैग भी दिया। जनपद के गांव नगला खेड़ा निवासी शहीद हेम सिंह की बेटी की शादी में संगठन के सभी पदाधिकारी एकत्रित होकर पहुंचे। जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और संगठन का मूमेंटो भेंट करने के साथ ही एक ट्रॉली बैग सप्रेम भेंट किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रविंद्र, संरक्षक इंजीनियर रामब्रेश यादव, जिला उपाध्यक्ष दलवीर सिंह, सचिव पीसी यादव, कोषाध्यक्ष ध्रुवजीत सिंह, तहसील अध्यक्ष जसराना रवीश यादव और मीडिया प्रभारी मुरारी लाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष ने बेटी के परिवारवालों का आभार व्यक्त किया।

## धूमधाम से निकाली जायेगी पसीना वाले हनुमान जी की शोभा यात्रा




**फिरोजाबाद।** प्राचीन चिंताहरण मारुति नंदन पसीना वाले हनुमान जी ग्राम चंदवार का मेला करीब 15 वर्ष पूर्ण हो गया है ! पसीना वाले हनुमान जी की प्रथम शोभायात्रा 2009 में निकल गई थी ! जब से लेकर अभी तक हनुमान जी के जन्मोत्सव पर हर वर्ष शोभा यात्रा निकाली जाती है ! यहां पसीना वाले हनुमान जी का मंदिर काफी पुराना है ! ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण राजा चंद्रसेन ने कराया था ! तब यह राजा चंद्रसेन जी की राजधानी हुआ करती थी ! चंद्रवार में आज भी किला मौजूद है, इस मंदिर की मान्यता है, हनुमान जी को भारी सर्दियों में भी चोला चढ़ाने पर सिंदूर बह जाता है, अब मंगलवार और शनिवार को हजारों लोगों की संख्या में भक्त पहुंच कर दर्शन का लाभ उठाते हैं मेला अध्यक्ष डा० अनिल कुलश्रेष्ठ ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि इस वर्ष हनुमान जी की शोभायात्रा बुधवार को शाम 5 बजे राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर बजरिया, लोहामंडी, चंद्रवार गेट, राम नगर, छारबाग, सोफीपुर, तोतलपुर, नगला शेख, नगला चूरा, तिवारीगढ़ी की पुलिया होते हुए ग्राम चंद्रवार में यमुना किनारे स्थित पसीना वाले हनुमान जी मंदिर पर संपन्न होगी एव गुरुवार को प्रसाद वितरण एवं हनुमान जी का विशाल रात्रि जागरण होगा ! पत्रकार वार्ता में राजकुमार यादव, प्रदीप कुलश्रेष्ठ, शिवप्रकाश एड०, नवीन कुलश्रेष्ठ, टीनू शर्मा, बल्लो वर्मा, उमाशंकर सविता, अवधेश पाठक, प्रमोद यादव, अशोक यादव, श्रीचंद्र प्रजापति, सर्वेश यादव, हैप्पी यादव, महावीर सविता, मनोज शर्मा, ब्रजेश यादव, चंद्रशेखर गुप्ता, किशन यादव आदि उपस्थित रहे।

# मोनाली ठाकुर के गीतों पर देर रात तक नाचे संस्कृतियन

संस्कृति स्पार्क-24




**मथुरा।** संस्कृति स्पार्क 24 अपने चरम पर पहुंचकर बालीवुड फिल्मों की लोकप्रिय ख्यातिप्राप्त गायिका मोनाली ठाकुर की गीतों भरी शाम और दिल्ली के डीजे के तड़के के साथ संपन्न हुआ। इस संगीतमय कार्यक्रम में विवि के विद्यार्थियों ने कलाकारों के साथ-साथ जबर्दस्त नृत्य किया और देर रात तक सुरों के सुरूर में सराबोर रहे।

इस संगीत भरी शाम की शुरूआत संस्कृति विवि की परंपराओं के अनुसार मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संस्कृति विवि के प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यार्थियों से जोश-जुनून के साथ अनुशासन भी बनाए रखने की अपील की। इसी बीच तेज संगीत पर मंच के पाश्र्व से दमदार आवाज के साथ मोनाली ठाकुर ने मंच पर प्रवेश किया। युवा विद्यार्थियों के बीच अपने को पाकर ऊर्जा से लबरेज इस बालीवुड गायिका का उत्साह दूना हो गया। उन्होंने ह्यहलो संस्कृतिह्ल का जोरदार उद्बोधन कर छात्र-छात्राओं की तेज हूंटिंग और किलकारियों मजा लिया। लगभग दो घंटे मंच पर रहने के दौरान उन्होंने न केवल अपने बल्कि दूसरों के गाए लोकप्रिय गीतों को पूरे मन से और पूरे जोश के साथ गाया। रेस फिल्म का उनका स्वयं का गाना जिसने लोकप्रियता के सभी रिकार्ड तोड़े हैं, जरा जरा टच मी, फिल्म बिल्लू का, खुदाया खैल, दम लगा के हेइसा का मोह मोह के धागे, गोलमाल रिटर्न्स का म्याऊ, दूल्हा मिल गया का दिलरुबाओं के जलवे, एक पहेली लीला का ढोल बाजे, जाने मन का कुबूल कर ले गाने गाकर मोनाली ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को अपनी दमदार आवाज से मदहोश कर दिया। संस्कृति विवि का विशाल मैदान मोनाली ठाकुर के इन गीतों पर झूम रहा था। गायिकी के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे हल्के-फुल्के डांस ने छात्र-छात्राओं के जोश में मस्ती का तड़का लगा दिया। कमाल की ऊर्जा के साथ मोनाली ने छात्र-छात्राओं की फरमाइशों को पूरा किया और लगातार लगभग दो घंटे तक गाती रहीं।

बताते चलें कि कलकत्ता में जन्मी मोनाली ठाकुर भारतीय पाश्र्व गायिका हैं, वे फिल्मों में काम भी कर चुकी हैं। वे एक संगीतमय परिवार से हैं और उनकी गायिकी देख ये सिद्ध भी हो रहा था। विशेष रूप से हिंदी, बंगाली गीतों को गाने में लोकप्रियता हासिल है। संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ मीनाक्षी शर्मा द्वारा बालीवुड की इस प्रसिद्ध सिंगर मोनाली ठाकुर को पटुका ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। मोनाली ठाकुर के बाद मंच पर दिल्ली के डीजे विनोद ने लोकप्रिय जोशीले गीतों को बजाना शुरू कर दिया जिसपर छात्र-छात्राएं देर तक नाचे और देर राद हटाए जाने पर ही हटे। अंत में विवि के कुलपति प्रो.एनबी चेट्टी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मथुरा में मतदान केंद्र तथा बूथों पर रहेंगे 9135 जवान मुस्तैद

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** पुलिस प्रशासन ने 26 तारीख के मतदान को लेकर अपनी पूरी तैयारियां करते हुए 1103 मतदान केंद्र और 2128 बूथों पर 9135 पुलिस, पीएसी जवान मुस्तैद करने का निर्णय लिया है। जिसमें एएसपी, सीओ निरीक्षक उपनिरीक्षक हैड कॉस्टेबिल तथा होमगार्ड के साथ अर्द्धसैनिक बल भी शामिल है।

जिले के 1103 मतदान केंद्र और 2128 बूथों पर निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शिता पूर्वक मतदान कराये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन में कमर कस ली है। इन केंद्र व बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था को 9135 पुलिस, पीएसी के जवान मुस्तैद रहेंगे। सामान्य, क्रिटिकल और बल्नरेविल बूथ-केंद्रों पर पुलिस बल की संख्या अलग-अलग रहेगी। किसी भी विषम परिस्थिति के लिये पुलिस, पैरा मिलट्री बल रिजर्व में भी रखा गया है, ताकि जरुरत पड़ने पर तत्काल वहां पहुंच सके। जनपद में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। बताते चलें कि जिले के 19.28 लाख मतदाताओं के मतदान कराये जाने को लेकर 1103 मतदान केंद्र, 2128 बूथ बनाये गये हैं। मतदान को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष, निर्भीक तरीके से कराये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली हैं। 2128 मतदान बूथ पर 9135 पुलिस कर्मियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें पांच एएसपी, 11 सीओ, 79 निरीक्षक-उप निरीक्षक, 3702 हैड कांस्टेबल-कांस्टेबल, 2838 होमगार्ड के साथ 32 कंपनी के 2500 अर्द्धसैनिक बल के जवान मुस्तैद किये जायेंगे।

## सवारियों से भरी बस वाहन से टकरायी चालक की मौत, 15 सवारियां घायल

मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर माइलस्टोन 85 के समीप नींद के झोंके में रोडवेज बस अनियंत्रित होकर दूसरे वाहन से टकरा गई। हादसे में रोडवेज बस के चालक की मृत्यु हो गई। जबकि कंडक्टर समेत 15 सवारियां घायल हो गईं। घटना रात दो बजे की है। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बुलंदशहर डिपो की रोडवेज बस सवारियां लेकर नोएडा जा रही थी। रविवार रात दो बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर सुरीर थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 85 के समीप चालक ने नींद का झोंका ले लिया। इससे बस अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे एक वाहन से टकरा गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बस चालक जंगबहादुर निवासी सेरा जगतपुर थाना औरंगाबाद जिला बुलंदशहर ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में अन्य सवारियों का उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार हादसे में कंडक्टर विष्णु कुमार निवासी इगलास अलीगढ़, पप्पू निवासी पालवान जिला अंबेडकर नगर, रामप्रीत निवासी कैलाश नगर दिल्ली, सनी पाल सिंह निवासी मिल्क करहल मैनपुरी, अमीरुद्दीन निवासी दिल्ली, सोमिल निवासी उन्नाव, रामलखन यादव निवासी करहल मैनपुरी, हिमांशु निवासी उन्नाव, विष्णु, शिवमंगल निवासी करहल मैनपुरी, हीरालाल निवासी पजहारा जिला अंबेडकर नगर, बाल गोविंद निवासी अंबेडकर नगर, शिवरतन निवासी बांगरमऊ उन्नाव, आरती, अनुष्का निवासी बांगरमऊ उन्नाव घायल हुए हैं।

## मंगलवार को मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव



**आगरा।** लंगड़े की चौकी स्थित सिद्ध पीठ प्राचीन हनुमंत धाम मंदिर पर मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव भएप्रकट कृपाला के रूप में मनाया जाएगा मुख्य महंत पं.डोरी दास उपाध्याय के अनुसार हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में रामनवमी से ही 51 वीं वार्षिक श्रीमद् भागवत सप्ताह हो रही है। हनुमत जन्मोत्सव पर मंदिर में फूल बंगला सजाया जाएगा 56 भोग लगेंगे स्वचालित झांकियां सजाई जाएंगी सुप्र सिद्ध किशोर बैंड व सुधीर बैंड द्वारा धार्मिक धुनें बजाई जाएंगी शहनाई होगा पूरे क्षेत्र में सजावट होगी हनुमान जयंती महोत्सव श्रीमद भाग वत सप्ताह का समापन 25अप्रैल को गंगालहरी हवन ब्रह्मभोज के साथ होगा धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्था महन्त गोविन्द गुरु महंत गोपाल गुरु एवं महंत गोपी गुरु संभालेंगे हनुमान जयंतीपर पूरेक्षेत्र में मेला जैसा लगेगा श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमडेगी। मंदिर के उपासकों ने प्रशासन से अपील की है कि मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखें नगर निगम के अधिकारियों से सफाई आदि की व्यवस्था कराने की भी मांग की गई है।

# समारोह में कवियों व कार्यकर्ताओं का सम्मान




**आगरा।** संस्कार भारती तेजोमहल ब्रज प्रांत द्वारा सोमवार शाम ताज गंज स्थित ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में नव संवत्सर स्नेहिल मिलन समा रोहआयोजित किया गया समारोह में कवियों वरिष्ठ जनों और कार्यकताओं को सम्मानित किया गया कवियों ने कविताओं से सामाजिक राष्ट्रीयसंदेश देकर सबको भाव-विभोर कर दिया वहीं ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सेंट मैरी स्कूल और प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया इससे पूर्व संस्कार भारती के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बांकेलालगौड़ वरिष्ठ साहित्यकारराज बहादुर सिंह राज केंद्रीय कोषाध्यक्ष सुभाषअग्रवाल प्रांतीय संरक्षक हरि मोहन सिंह कोठिया, जिलाध्यक्ष राम अवतार यादव और महानगर अध्यक्ष आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी ने मां शारदे पद्मश्री बाबा योगेंद्र दा व भारत माता के चित्र पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण व समक्ष दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया ताज पूर्वी क्षेत्र की संरक्षक ऋतुअग्रवाल संयोजक ताहिर सिद्धीकी और व्यवस्था प्रमुख संजय अग्रवाल अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर वरिष्ठ प्रचारक बांके लाल गौड़ ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा ललित कलाओं के उन्नयन के साथ पूरे देश में राष्ट्रीय एकता राष्ट्र जागरण का सिलसिला जारी रहेगा संस्कार भारती केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ कवि राज बहादुर सिंह राज ने कहा कि यह स्नेहिल मिलन संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इससे संस्कार भारती के कार्यकताओं में पारिवारिक भावना बढ़ेगी नंद नंदन गर्ग ने हाल हीमें हुई केंद्रीय बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि संस्कार भारती संगठन की अखिल भारतीय टोली संगठन को सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। समा रोह के विभिन्न सत्रों का संचालन राज बहादुर सिंह राज, संजीव वशिष्टएड वोकेट यतेंद्र सोलंकी ने किया संजय अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया इस दौरान शीलेंद्र कुमार वशिष्ठ शिवशंकर सहज अशोक अश्रु डॉ.शैलबाला अग्रवाल डॉ. रामवीर शर्मा रवि और हरीश अग्रवाल ढपोरशंख कवियों में मौजूद रहे ओमस्वरूपगर्ग डॉ.मनोज पचौरी नंद किशोर और राजेंद्र गोयल सम्मानित कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से शामिल रहे।

संक्षेप

## जम्मू कश्मीर में जल्द होंगे चुनाव

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द ही होंगे और केंद्र शासित प्रदेश के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विकास एजेंडे का समर्थन करने के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने को लेकर उत्साहित हैं। जम्मू कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल हो गई है, लेकिन विपक्षी दल 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से जमीनी स्थिति को गलत तरह से पेश कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा,"विपक्षी दल जम्मू कश्मीर में जमीनी स्थिति का गलत चित्रण करने में लगे हुए हैं। अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद जम्मू कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल हो गई है। जम्मू कश्मीर में जल्द ही चुनाव होंगे, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में उधमपुर की एक रैली में कहा था। ये तो होना ही है और ये जल्द ही होगा। वर्ष 2018 में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ गठबंधन से भाजपा के हटने के बाद से जम्मू कश्मीर में कोई निर्वाचित सरकार नहीं है। यह केंद्र के शासन के अधीन है, जिसमें 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया और जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया।

## कविता की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर अपना आदेश सोमवार को सुरक्षित रख लिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश ने मामले की जांच कर रही सीबीआई की ओर से पेश हुए वकील और आरोपी के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। हालांकि, न्यायाधीश धन शोधन से जुड़े कथित मामले में कविता द्वारा दायर इसी तरह की एक अर्जी पर दलीलें सुनना जारी रखेंगे। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। कविता ईडी और सीबीआई, दोनों द्वारा दर्ज किये गए मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं राज्य की विधानपरिषद सदस्य कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद बंद थीं। ईडी ने कथित घोटाले से उपजे धन शोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था।

## न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगे

रायगंज। 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है। हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया।

## याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा पांच साल के एलएलबी पाठ्यक्रम की जगह तीन साल के पाठ्यक्रम संचालन की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि पांच वर्षीय एलएलबी (बैचलर ऑफ लॉ) पाठ्यक्रम"सही चल रहा है और इसमें छेड़छाड़ करने की कोई जरूरत नहीं है। याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है। सीजेआई ने कुछ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, तीन साल का कोर्स भी क्यों हो। वे हाई स्कूल के बाद ही वकालत शुरू कर सकते हैं।

# आग को लेकर आप-भाजपा में तकरार



नयी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के गाज़ीपुर लैंडफिल स्थल (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग को लेकर सोमवार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) शासित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) पर हमला किया। आग लगने के बाद स्थानीय निवासी सांस लेने में परेशानी का सामना करने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जाएगी। पूर्वी दिल्ली में लैंडफिल स्थल पर रविवार शाम भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि गर्म और शुष्क मौसम के कारण गाजीपुर लैंडफिल साइट में आग लगी है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के बाबत गाजीपुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (वातावरण को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गाजीपुर लैंडफिल स्थल का सोमवार को दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के"भ्रष्टाचार"का एक उदाहरण है। महापौर शेली ओबेरॉय भी घटनास्थल पर गईं और उन्होंने कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है। उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया था। गाज़ीपुर लैंडफिल स्थल में भीषण आग लगने के कई घंटों बाद भी सोमवार को वहां से धुएं का घना गुबार आसमान की ओर उठता दिख रहा था। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूट जाने से लैंडफिल से सटी टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। लैंडफिल स्थल के पास स्थित घड़ोली गांव के राम कुमार ने कहा, आग लगे हुए 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं कोई आम धुआं नहीं है, यह बहुत जहरीला है। हम जलन के कारण अपनी आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। कई निवासियों ने बताया कि धुएं के कारण वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। उन्होंने एमसीडी और दिल्ली सरकार पर उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। इलयास खान ने कहा कि 15 साल हो गए है।

# स्कूलों में नौकरियों पर उच्च न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगेः ममता



रायगंज। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी।

बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं पर कुछ न्यायिक निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, सभी नियुक्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है। हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया। बाद में, करणदिघी में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा,"सभी फैसलों को स्वीकार करना अनिवार्य नहीं है। हम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। यह आदेश चुनाव के बीच भाजपा के निर्देशों के अनुसार पारित किया गया है। भाजपा पर न्यायिक प्रणाली में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए बनर्जी ने कहा कि इसने अदालतों को अपने विस्तारित पार्टी कार्यालयों में बदल दिया है। यदि भाजपा कोई जनहित याचिका दायर करती है तो त्वरित कार्वाई की जाती है और लोगों को जेल भेज दिया जाता है। जब अन्य लोग याचिका दायर करते हैं तो कोई कार्वाई नहीं की जाती। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल होने के स्पष्ट संदर्भ में बनर्जी ने कहा कि संबंध स्पष्ट है और सभी को दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण पद दिए जा रहे हैं... और भाजपा अपने पार्टी कार्यालयों से जो भी सुझाव भेजती है उसे निर्णय के रूप में पारित किया जा रहा है।

## सौर क्षेत्र में वित्तपोषण मार्च तिमाही में घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। सौर क्षेत्र अत्यधिक अनिश्चितता और एक चुनौतीपूर्ण निवेश माहौल का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति के कारण निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इकोफी ने 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश हासिल किया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया।

## अनुच्छेद 370 हटाकर दर्द बढ़ायाः महबूबा



बिजबेहरा (जम्मू कश्मीर)। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करके"दर्द"बढ़ाने का काम किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह टिप्पणी भाजपा के निचले स्तर को दर्शाती है कि कांग्रेस लोगों की मेहनत की कमाई और कीमती सामान घुसपैठियो तथा उन लोगों को देने की योजना बना रही है"जिनके पास अधिक बच्चे है। राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया, कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि वे माताओं और बहनों के सोने-चांदी का भी हिसाब लेंगे, और फिर उस संपत्ति को वितरित करेंगे। वे इसे किसको वितरित करेंगे -मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि देश की संपत्तियों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। उनसे पूछा गया कि क्या पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में स्वशासन के अपने एजेंडे को छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि नहीं। हमारे लिए, ऐसा नहीं है। यदि आप हमारा घोषणापत्र पढ़ेंगे, तो हमने कहा है कि हम कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा कश्मीर मुद्दे से अनुच्छेद 370, अनुच्छेद 370 से राज्य का दर्जा देने, राज्य का दर्जा देने से निकाय चुनाव तक मुद्दों को बदलना चाहती है। लेकिन ऐसा नहीं होगा। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि अगर किसी मुद्दे को अनदेखा कर दिया जाता है तो यह एक बीमारी की तरह बन जाता है जो समय के साथ दर्दनाक हो जाता है। जब ऐसा कोई मुद्दा होता है, तो यह लोगों के दिल और दिमाग में रहता है। आप लोगों को जेल में डाल सकते है।

## विपक्षी दल तुष्टिकरण का सहारा ले रहे हैं : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की करीब 400 सीट पर जीत तय होने के बाद विपक्षी दलों ने तुष्टिकरण की राजनीति, हिंदू विरोधी एजेंडे और राष्ट्र विरोधी ताकतों से हाथ मिलाना शुरू कर दिया है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की हत्या का हवाला दिया और दावा किया कि राज्य सरकार आरोपियों के धर्म के कारण उचित कार्रवाई नहीं कर रही है। कॉलेज परिसर में कथित तौर पर पीड़िता की चाकू से गोदकर हत्या करने के आरोपी फैयाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भाटिया ने कहा कि निरंजन हिरेमथ ने कहा है कि उन्होंने पुलिस को आठ लोगों के नाम दिए थे जो कथित तौर पर उनकी बेटी की हत्या में शामिल थे लेकिन उनमें से किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) को मामले की जांच करनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया, उनके पिता खुद कह रहे हैं कि उनका पुलिस पर से भरोसा उठ गया है लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धरमैया आरोपियों को बचा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

## पिछले वित्त वर्ष में 185 एनएफओ के जरिये 66,364 करोड़ रुपये जुटाये गये : रिपोर्ट



नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड का संचालन करने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 66,364 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 185 नई फंड पेशकश (एनएफओ) की थी। यह साल भर पहले की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है। खुदरा निवेशकों की बढ़ती रुचि और बाजार में तेजी से इसे बल मिला। वित्त वर्ष 2022-23 में एएमसी ने 253 एनएफओ की पेशकश कर 62,342 करोड़ रुपये जुटाए थे।

बाजार विश्लेषण से जुड़ी कंपनी फायर्स रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा,"भारत में बचत को वित्तीय रूप देने का चलन देखा जा रहा है। मासिक बचत को अधिक रिटर्न की पेशकश करने वाले तरीकों में लगाने की अत्यधिक जरूरत है। इक्विटी में निवेश का पर्याप्त प्रवाह निवेशकों के रुख और जोखिम उठाने की क्षमता में बदलाव को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की कहानी के जोर पकड़ने और निवेश के अवसर बढ़ने के साथ कई गैर-सूचीबद्ध कंपनियां पूंजी बाजार का समर्थन चाहती हैं। यह प्रवृत्ति वृद्धि के अवसरों की तलाश करने वाले और इन कंपनियों की दीर्घकालिक यात्राओं में भाग लेने के इच्छुक निवेशकों के लिए अच्छा संकेत है। यह रिपोर्ट कहती है कि जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान सबसे अधिक 63 एनएफओ आए जिनके जरिये कुल 22,683 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसके पहले अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में भी 49 एनएफओ के जरिये 16,093 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। आमतौर पर एनएफओ बाजार में तेजी के बीच आते हैं ताकि निवेशकों की ऊंची धारणा का फायदा उठाया जा सके। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि शेयर बाजार के प्रदर्शन के साथ-साथ सकारात्मक निवेशक धारणा से वित्त वर्ष 2023-24 में एनएफओ के माध्यम से अधिक धन जुटाया गया।

## भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाये रख पाना संभवः एमपीसी सदस्य




नयी दिल्ली। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना मुमकिन है।

हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर लगभग आठ प्रतिशत रहने की संभावना है। भिडे ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है। सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना संभव लगता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का क्षेत्र वैश्विक परिवेश है। उन्होंने कहा,"वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा। उत्पादन पर चरम मौसम की घटनाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने घरेलू मांग की स्थिति और बढ़ती कामकाजी उम्र की आबादी का हवाला देते हुए वर्ष 2024 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।

## पेज एक का शेष

### बंगाल के सरकारी

पार्टी (भाजपा) ने कहा कि यह ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है। बंगाल के लिए भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय एक्स पर एक पोस्ट में यह आरोप लगाया कि यह सरकार प्रायोजित सबसे बड़ा भर्ती घोटाला था जिसमें लाखों युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफे की मांग की। अदालत में कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि इन रिक्तियों के लिए कुल 25,753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाने के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने पीठ का गठन किया था।

### वेंकैया नायडू

में विदेशीाअनिवासी भारतीयाभारतीय मूल के व्यक्तिाओसीआई श्रेणी के आठ लोग और नौ मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। करीब आधे पुरस्कार विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए, शेष को अगले सप्ताह पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की संभावना है।

### गठबंधन की नजर

पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी सम्पत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह माओवादी सोच है, यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही देशों को वह बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस भारत में लागू करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, आपकी मेहनत की कमाई, आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। माताओं और बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना साम्राज्य बना लिया है। अब उनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। मोदी ने विपक्ष पर राम मंदिर के निर्माण को 70 साल तक रोकने का भी आरोप लगाते हुए कहा, यह हम सबके लिए कितनी गर्व की बात है कि 500 साल के बाद भव्य राम मंदिर हम देख रहे हैं और जब राम मंदिर की बात आती है तो उनकी नींद उड़ जाती है। उनको लगता है कि यह 70 साल तक हम रोक कर बैठे थे। यह मोदी क्या आ गया कि इतने साल में ही अदालत से फैसला भी आ गया। मंदिर बन भी गया। प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। रोज लाखों लोग आने भी लगे।

### विपक्ष की

आधार स्तंभ के रूप में हम सबको प्राप्त हुआ है। इस सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर लोक सभा चुनाव 2024 हम सबको प्राप्त हुआ है। आदित्यनाथ ने दावा किया, पूरे देश में पहले चरण के तहत 102 लोकसभा सीट पर जिस तरह का जनता के मन में एक उत्साह और उमंग दिखी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यों को ध्यान में रखकर जनता-जनार्दन का जो आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है, उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश के प्रथम चरण की आठ लोकसभा सीट पर विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलने जा रहा है। उन्होंने कहा, अलीगढ़ और हाथरस की जनता को प्रधानमंत्री ने वह सब कुछ दिया जो यहां की जनता की दशकों से मांग थी। जो लोग कभी यह नहीं सोचते थे कि यहां पर भी इस तरह के कार्य हो पाएंगे, उन सभी लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए कार्य किये गये हैं। याद करिए महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री मोदी स्वयं आए थे और यह विश्वविद्यालय तैयार होकर अपना शिक्षण सत्र भी शुरू कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी अलीगढ़ को डिफेंस कॉरिडोर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, आपने अयोध्या देखी होगी। रामनवमी में भगवान राम का सूर्य तिलक और इस अद्भुत अवसर का आप सबको आनंद और गौरव प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम सबके सामने हैं।

### मथुरा शाही

कि यह वाद पोषणीय है और पूजा स्थल अधिनियम एवं वक्फ अधिनियम के संबंध में अर्जी, पक्षों के साक्ष्यों से ही निर्धारित हो सकती है।

जैन ने कहा था कि महज यह कहने से कि वहां एक मस्जिद है, वक्फ अधिनियम लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि संपत्ति का धार्मिक चरित्र महज ढांचे को ध्वस्त कर बदला नहीं जा सकता, यह देखना जरूरी है कि क्या कथित वक्फ डीड वैध है या नहीं। उन्होंने कहा कि ये सभी चीजें मुकदमे में देखी जानी चाहिए और यह कि मौजूदा वाद पोषणीय है।समय सीमा की बाध्यता के सवाल पर उन्होंने कहा था कि मौजूदा वाद समय सीमा के भीतर दाखिल किया गया है। उनका कहना था कि 1968 का कथित समझौता वादी के संज्ञान में 2020 में आया और संज्ञान में आने के तीन साल के भीतर यह वाद दायर किया गया है।

### पीडीए से बुरी

का माध्यम है। इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये डरा धमकाकर वसूली की गयी। भाजपा अपराधियों का गोदाम बन गई है। उसका एजेण्डा अमानवीय है। संसदीय व्यवस्था पर भाजपा आघात कर रही है। संवैधानिक संस्थाएं कमजोर की जा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान अपने हितों के लिए जागरूक है। सभी किसान चाहते हैं कि उनकी फसलों की एमएसपी पर खरीद हो। एमएसपी की अनिवार्यता हो। इससे किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल सकेगा और किसानों का शोषण नहीं हो पाएगा। किसानों को डॉ. स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर फसलों पर दाम मिलना चाहिए। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कितना बकाया है? इस पर भाजपा सरकार चुप है। किसानों की कर्ज माफी पर भाजपा नहीं सोचती है जबकि बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रुपये का बैंक कर्ज माफ कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ क्यों बोलती है। वादा खिलाफी उसके डीएनए में है। किसानों की आमदनी दुगनी करने का वादा था, वह वादा ही रह गया। नौजवानों को 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा था, वह वादा भी भाजपा नेता भूल गए। उत्तर प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। भाजपा सरकार में जो भर्तियां हुई उन सभी भर्तियों के पेपर जानबूझ कर लीक कराये गए ताकि नौजवानों को नौकरी न देना पड़े।

अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में भाजपा ने सब कुछ चौपट कर दिया है। गरीबों के इलाज की व्यवस्था नहीं रह गई है। समाजवादी सरकार में 108, 102 एम्बुलेंस सेवा शुरू की। कैंसर अस्पताल बनाया गया। विकास का बुनियादी ढांचा समाजवादी सरकार ने विकसित किया था, भाजपा ने इस क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी की सरकार में शानदार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बना जिस पर सैनिक जहाज उतारे जा सके। समाजवादी पार्टी ने अपने चुनाव घोषणापत्र में पौष्टिक आटा और मोबाइल डाटा मुफ्त देने का वादा किया है। यादव ने कहा कि सपा का सपना है कि किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक सभी खुशहाल हों। सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन हो। सपा फ्री प्रेस की पक्षधर है। भाजपा ने लोकतंत्र में झूठे वादों और प्रलोभन को बढ़ावा देने का जो भ्रष्ट तरीका अपनाया है वह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। भाजपा ऊल-जुलूल बातें करती है। काम की बात नहीं करती है। सपा लोकतंत्र और संविधान को बचाना चाहती है।

### सूरत का

असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से अन्य उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वापस लिए जाने के बाद सोमवार को भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल को इस सीट से निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद्द कर दिया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने हैउ जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकतंत्र ख़तरे में है।

### राजनाथ सिंह

ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की कहानी है, बल्कि प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति एवं साजो-सामान संबंधी सुधारों की एक अविश्वसनीय यात्रा भी है, जिसने इसे सबसे दुर्जेय इलाकों में शामिल इलाके से अदम्य उत्साह और नवोन्मेष के प्रतीक में बदल दिया।

### चौथा चरण : 13

1 प्रत्याशी ने प्रजा शक्ति पार्टी समदर्शी से राम कुमार मिश्रा द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें समाजवादी पार्टी से संगीता राजवंशी, नारी नर रक्षक पार्टी से वंदना वर्मा तथा निर्दलीय प्रत्याशी में अवधेश द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से अभि छेदी लाल यादव, जन राष्ट्रवादी संगठन से महेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में मुन्नी लाल तथा शिव प्रकाश सिंह द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। कन्नौज लोकसभा सीट के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर, गरीब आदमी पार्टी से श्रीकृष्ण द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। कानपुर लोकसभा सीट के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से संजय सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार द्वारा नामांकन पत्र भरा गया।

### तीसरे चरण के

प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे। इसमें 1 प्रत्याशी तूबा ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हाथरस (अ.जा.) लोकसभा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आगरा (अ.जा.) लोकसभा क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे, जिसमें 1 प्रत्याशी राकेश कुमार ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार कुल 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लिए 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एटा लोकसभा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बदायूं लोकसभा क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इसमें 1 प्रत्याशी किशोर कुमार पाल ने अपना नामांकन वापस लिया।

### इस माह

में सोमवार दिन में पारा यहां माइनस पंद्रह डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि आसपास के इलाकों में लगातार बर्फबारी भी हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक भीतर 48 घंटे के भीतर तकरीबन दो फीट से ज्यादा की बर्फबारी हो चुकी है। जबकि बदले हुए मौसम के मुताबिक इसी तरह का हाल अगले दो दिन तक हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के ऊपरी हिस्से में बना रहेगा।





# राजस्थान रायल्स 9 विकेट से जीता

## यशस्वी जायसवाल ने ठोका नाबाद शतक, मुंबई इंडियन्स के तिलक वर्मा ने 65 रन बनाये





जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को विकेट से 9 हरा दिया। मैच में मुंबई की टीम ने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 179 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान ने यशस्वी जायसवाल की दमदार 104 रनों की पारी से 8 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य को हासिल कर किया। राजस्थान की यह 8 मैचों में 7वीं जीत है। इस जीत के साथ उसके अब 14 अंक हो गए हैं और वह लगभग अब प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करते हुए दिख रही है। राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए इस सीजन का अपना पहला शतक जड़ा। यशस्वी का आईपीएल में यह दूसरा शतक है। राजस्थान के लिए यशस्वी 104 रन बनाकर नाबाद रहे। संजू ने सिर्फ 59 गेंद में अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी में उन्होंने 7 छक्के और 9 चौके लगाए। इसके साथ यशस्वी 23 साल से कम की उम्र में तीन टी20 शतक जड़ने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

मुंबई और राजस्थान के बीच यह मुकाबले में बारिश ने भी अपनी खलल डाली थी। राजस्थान की पारी में जैसे ही पावर प्ले का खेल समाप्त हुआ तेज बारिश होने लगी थी। टीम ने बिना किसी नुकसान के 6 ओवर में 61 रन बना लिए थे। बारिश के बाद जब खेल शुरू हुआ तो पीयूष चावला ने जोस बटलर का विकेट लेकर मुंबई को पहली सफलता दिलाई, लेकिन इसके बाद यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ने मिलकर मोर्चा संभाल लिया और इसके बाद कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यशस्वी के शतक के साथ संजू 28 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे राजस्थान के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। बल्लेबाजी में मुंबई इंडियंस की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। ईशान किशन और रोहित शर्मा समेत सूर्यकुमार यादव सस्ते में पवेलियन वापस लौट गए थे। हालांकि तिलक वर्मा और निहाल बढ़ेरा की दमदार बैटिंग से मुंबई ने किसी तरह 179 रन बनाने में सफल रही थी। मुंबई के खिलाफ के इस मुकाबले में संदीप शर्मा ने राजस्थान के लिए बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। संदीप ने मुकाबले में चार में सिर्फ 18 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। संदीप के अलावा ट्रेंट बोल्ट ने भी दो विकेट लिए जबकि युजवेंद्र चहल और आवेश खान के खाते में भी एक-एक विकेट आया।

# प्रधानमंत्री मोदी समेत देश विदेश से गुकेश को मिल रही बधाइयां



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बधाई देते हुए भावी विश्व चैम्पियन करार दिया है। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट जीता और 17 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विश्व चैलेंजर भी बन गए। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा, क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो। इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा। उन्होंने लिखा, गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई। क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं।

# फाफ डुप्लेसी, सैम कुरेन पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन में जुर्माना

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाये गए थे। आईपीएल ने एक बयान में कहा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है। यह आरसीबी का सत्र का पहला अपराध था। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिये मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है। आईपीएल की विज्ञप्ति में कहा गया, कुरेन ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2 . 8 के तहत लेवल एक का अपराध किया है। उन्होंने अपराध और सजा स्वीकार कर ली है। लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

# रूड ने बार्सीलोना ओपन जीता

बार्सीलोना। नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7 . 5, 6 . 3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

# हम्पी महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज चीन की टी लेइ को हराकर टाइब्रेकर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की झोंग्जी तान शीर्ष पर रही जिन्होंने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला। आर वैशाली लगातार पांचवीं जीत दर्ज करके संयुक्त दूसरे स्थान पर थी लेकिन टाइब्रेकर के बाद चौथे स्थान पर रही। उन्होंने रूस की कैटरीना लागनो को हराया। तान ने नौ अंक बनाये जबकि हम्पी उनसे डेढ अंक पीछे थी। लेइ तीसरे और वैशाली चौथे स्थान पर रही। अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना पांचवें स्थान पर रही। लागनो छठे , बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा सातवें और मुजिचुक आठवें स्थान पर रहीं।

# भाग्यशाली थे कि कोहली का विकेट मिल गया: सॉल्ट





कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा।

केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गयी। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को उंचाई से मापने वाली हॉक-आई प्रणाली लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की उंचाई से गेंद की उंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। सॉल्ट ने यहां नाइट्स गोल्फ कार्यक्रम के इतर कहा, इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिये से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने कहा कि इस तरीके से तकनीक का लाभ उठाना खेल के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा, उन्होंने नो बॉल का पता लगाने के लिए आंकड़ों का इस्तेमाल किया। हो सकता है कि 12 महीने बाद इस तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा हो। यह देखना होगा कि यह कितना कारगर है। यह इस खेल में नयी चीज है। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से एक खिलाड़ी के दृष्टिकोण से, जब भी आप अधिक सटीक होने और सही निर्णय लेने के लिए आंकड़ों और तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, तो यह खेल के लिए अच्छी बात है।

कोहली शॉट खेलते समय क्रीज से बाहर थे और गेंद उनकी कमर से ऊपर थी लेकिन वह नीचे की तरफ आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने उंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की उंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली के कमर की उंचाई (1.04 मीटर) से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की उंचाई को कोहली के कमर की उंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया था।

# गुकेश ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता

## विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने



टोरंटो। भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा।

गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैम्पियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा , बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। आनंद ने एक्स पर लिखा , डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर कारूआना और नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा , वो 15 मिनट पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण थे। मैं कमेंट्री सुन रहा था और फिर मैं अपने ट्रेनर के साथ टहलने निकल गया। उसके बाद मेरे पिता दौड़ते हुए आये। उन्होंने कहा , मेरे पास बेहतरीन सहयोगी हैं। मैं उनके नाम नहीं लूंगा लेकिन उन्हें पता है कि मैं उनका कितना शुक्रगुजार हूं। कारूआना, नेपाम्नियाश्चि और नकामूरा तीनों के 8 . 5 अंक रहे और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सात अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला और वह छठे स्थान पर रहे। अलीरजा सातवें और अबासोव आठवें स्थान पर रहे। गुकेश ने 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीता था और वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक भी जीता था।

# विराट के साथ बातचीत से बुरे दौर में काफी मदद मिली: रियान

नयी दिल्ली। जब रियान पराग पहली बार मैदान पर उतरे तो वह अपनी बल्लेबाजी से ज्यादा सोशल मीडिया पर बेबाकी से अपनी राय व्यक्त करने के लिए जाने जाते थे लेकिन फिर महान बल्लेबाज विराट कोहली से 10-15 मिनट तक अच्छी सलाह मिली और चीजें बदलकर बेहतर हो गईं।

मीडिया से बात करते हुए या सोशल मीडिया पर घिसे-पिटे बयान देने की जगह अपने मन की बात कहने के लिए आलोचना का सामना कर चुका असम का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी मौजूदा आईपीएल सत्र में शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम में चयन के लिए दावा पेश कर रहा है। कोहली से सलाह मांगने पर पराग ने जियो सिनेमा को बताया, मेरे दूसरे साल खेल रहा था और आईपीएल में बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं उनसे चर्चा कर रहा था कि उस दौर से कैसे बाहर निकला जाए और वह इस तरह की परिस्थितियों को कैसे संभालते थे जिससे कि मैं उनके अनुभव से सीख सकूं। उन्होंने कहा, उन्होंने मुझे अपने समय में से 10-15 मिनट दिए और मेरे साथ कुछ चीजें साझा कीं। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी मदद मिली। राजस्थान रॉयल्स के पराग मौजूदा सत्र में काफी अच्छी फॉर्म में हैं और अब तक सात मैच में 318 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। कोहली के अलावा पराग ने एक अन्य दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ से भी बहुत कुछ सीखा है जो पहले रॉयल्स से जुड़े थे। पराग ने कहा, मैंने बहुत कुछ सीखा। क्रिकेट के लिहाज से हम जानते हैं कि वह खेल के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों में से एक है और हमारे समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक है। उन्होंने कहा, क्रिकेट से इतर हमें खुद को कैसे रखना चाहिए, भीड़ के साथ कैसे जुड़ना चाहिए, सोशल मीडिया और आम तौर पर क्रिकेट के बाहर खुद को कैसे पेश करना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वर्ष 2019 में आईपीएल में अपने पहले सत्र के बारे में पराग ने कहा कि जब वह पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे तो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में महान महेंद्र सिंह धोनी से कुछ फीट की दूरी पर खड़ा होना शानदार भावना थी। पराग ने कहा, यह एक अवास्तविक अहसास था। मुझे वास्तव में याद नहीं है कि मैं कैसा महसूस कर रहा था लेकिन मैं निश्चित रूप से घबराया हुआ था। सुपरकिंग्स के खिलाफ खेलना, बल्लेबाजी के लिए जाना, विकेट के पीछे धोनी के साथ, निश्चित रूप से यह एक अवास्तविक क्षण था। मैं नर्वस होने से ज्यादा उत्साहित था और मैंने इसके हर पल का आनंद लिया।

संक्षेप

## टीटीके प्रेस्टीज का ट्रिपली इनर लिड प्रेशर कुकर लॉन्च

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने टीटीके प्रेस्टीज ट्रिपली इनरलिड प्रेशर कुकर को लॉन्च किया है। यह कंपनी के प्रेशर कुकर की श्रृंखला में एक नया प्रोडक्ट है। नया प्रेशर कुकर आपकी किचन से जुड़ी जरूरतों को पूरा करेगा, यह एक बेहद सुरक्षित और इस्तेमाल में आसान प्रोडक्ट है। यह प्रोडक्ट लोगों की आदर्श पसंद है, इससे आसानी से स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन बनाए जा सकते हैं। यह खाना बाहर निकलने, सुरक्षा या कॉम्पैटिबिलिटी के दूसरे मुद्दों का समाधान कर मानसिक सुकून देता है। यह खाना पकाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे खाना पकाने में खूब मजा आता है। टीटीके प्रेस्टीज ट्रिपली इनरलिड प्रेशर कुकर अपने तीन परतों के निर्माण के साथ रसोई में खाना पकाने का महत्वपूर्ण उपकरण है। इसकी बाहरी परत बेहद वसेर्टाइल है, जिससे कुकर को गैस और इंडक्शन कुकटॉप, दोनों पर रखा जा सकता है। यह प्रेशर कुकर यूजर्स की अलग-अलग जरूरतों को बेहतरीन ढंग से पूरा करता है। यह समान आंच पर तेजी से खाना बनाना सुनिश्चित करता है।

अर्थ

# सेंसेक्स ने लगायी 560 अंकों की छलांग



मुंबई। एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊउपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही। उपयोगिता खंड को छोड़कर बाकी सभी खंड बढ़कर बंद हुए। भू-राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे।

बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों को 4.97 लाख करोड़ का लाभ

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में दो दिन से तेजी का सिलसिला रहने से निवेशकों की संपत्ति 4.97 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। वैश्विक बाजारों में तेजी तथा इजराइल और ईरान के बीच व्याप्त तनाव में बढ़ोतरी न होने से निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर पड़ा है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,648.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 679.47 अंक तक चढ़ गया था। दो दिनों में बीएसई सेंसेक्स 1,159.63 अंक यानी 1.59 प्रतिशत मजबूत हुआ है। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,97,442.93 करोड़ रुपये बढ़कर 3,97,86,490.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## रुपया सात पैसे की तेजी के साथ बंद

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सात पैसे की तेजी के साथ 83.37 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के कारण भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.40 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.32 प्रति डॉलर के दिन के उच्चतम स्तर पर गया और 83.45 के निम्नतम स्तर तक आया। कारोबार के अंत में यह डॉलर के मुकाबले 83.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे मजबूत है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की तेजी के साथ 83.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बीच रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। तनाव कम होने से वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार होगा। अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी रुपये को समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा, हालांकि, पश्चिम एशिया में कोई भी ताजा

# प्रतिस्पर्धा आयोग एआई पर करेगा विस्तृत अध्ययन

नयी दिल्ली। निष्पक्ष व्यापार निगरानी संस्था सीसीआई ने कृत्रिम मेधा और प्रतिस्पर्धा पर उसके प्रभाव पर एक विस्तृत बाजार अध्ययन करने के लिए संस्थाओं से सोमवार को प्रस्ताव आमंत्रित किए। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कहा कि एआई की परिवर्तनकारी क्षमताओं में जहां एक ओर आपूर्ति व मांग बढ़ाने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर इसके इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रतिस्पर्धा जोखिम चिंता का विषय हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तारीख तीन जून है। संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद, वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 28 जून है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता व प्रतिस्पर्धा पर प्रस्तावित बाजार अध्ययन ऐसे समय में किया जा रहा है जब उद्योगों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल ने बाजारों में प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के लिए इसके निहितार्थ को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। एआई व मशीन लर्निंग दक्षता तथा नवाचार को बढ़ा सकती है, लेकिन बाजार की एकाग्रता और संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी जन्म दे सकती हैं। सीसीआई को प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और बाज़ार में प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं पर अंकुश लगाने का अधिकार है।

# संरा प्रमुख भारत की जी20 अध्यक्षता में शुरू किये गये एमडीबी सुधारों की गति जारी रखने को इच्छुक : सिंह

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए बहुपक्षीय विकास बैंकों सुधारों की गति को जारी रखने के इच्छुक हैं। एन.के. सिंह ने गुतारेस से मुलाकात के बाद कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के साथ उनकी बातचीत सकारात्मक रही। सिंह 15वें वित्त आयोग अध्यक्ष हैं। उन्होंने 12 अप्रैल को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में गुतारेस से मुलाकात की थी। बैठक के दौरान उप महासचिव अमीना मोहम्मद भी मौजूद रहीं। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए लिखा, गुतारेस भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए एमडीबी सुधारों की गति को जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक थे...जैसा कि आईईजी रिपोर्ट के दूसरे खंड में निहित है।

# टाटा मैजिक वैन के खुशहाल ग्राहकों की संख्या 4 लाख पहुंची

मुंबई। टाटा मोटर्स ने टाटा मैजिक वैन के खुशहाल ग्राहकों की संख्या 4 लाख पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं की सहूलियत को और बढ़ाने के लिए नया वैरिएंट मैजिक बाई-फ्यूल भी लॉन्च किया। अंतिम गंतव्य तक परिवहन की सुविधा प्रदान करने में विश्वसनीय, दक्ष और किफायती होने के लिए मशहूर, 10 सीटर टाटा मैटिक यात्रियों और ऑपरेटर्स के लिए एकदम उपयुक ?त पसंद है। टाटा मैजिक की स्लीक डिजाइन, सुरक्षा और यात्रियों का आराम पिछले इतने सालों से जारी इसकी निरंतर सफलता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। टाटा मैजिक कई उपयोगी फीचर्स के साथ आती है, जिसमें इको स्विच, गियरशिफ्ट एडवाइजर और बेहतरीन ड्राइवर एर्गोनॉमिक्स जैसे कई बेहतरीन फीचर्स शामिल हैं और इन सबका लक्ष्य स्वामित्व की कुल लागत को कम करना है।

# मोदी सरकार ने खत्म किया आतंकवाद

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में चुनावी रैली के दौरान अमित शाह ने नक्सलियों को दी आत्मसमर्पण की चेतावनी

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश से आतंकवाद को खत्म कर दिया है जबकि नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। छत्तीसगढ़ के कांकेर शहर में एक चुनावी रैली में शाह ने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उन्हें दो साल में राज्य से जड़ से उखाड़ दिया जाएगा।

सुरक्षाबलों ने 16 अप्रैल को कांकेर जिले में एक मुठभेड़ के दौरान 29 नक्सलियों को मार गिराया था, जिसमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि उनके परिवार की चार पीढ़ियां देश की सत्ता में रही, लेकिन उन्होंने छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए क्या किया। शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता अपने वोट बैंक के लालच में अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए। केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की




सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में देश में बहुत बड़ा परिवर्तन लाया है और उनके पासै 10 वर्षों का ट्रैक रिकॉर्ड और 25 वर्षों का एजेंडा है। शाह ने कहा,ै पिछले 10 वर्षों के दौरान नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया। मोदी जी ने इस देश से नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर ला दिया। उन्होंने कहा, पांच वर्ष तक महादेव एप ब्रांड भूपेश बघेल की सरकार में नक्सलियों पर कोई कार्वाई नहीं हुई। विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री और विजय शर्मा के गृह मंत्री बनने के बाद पिछले चार माह में सुरक्षाबलों ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही 123 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 250 ने आत्मसमर्पण कर दिया।

वह पिछले कांग्रेस शासन और महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री की कथित संलिप्तता का जिक्र कर रहे थे। शाह ने कहा मोदी जी ने देश भर से नक्सलवाद को समाप्त किया चाहे वह आंध्रप्रदेश हो, तेलंगाना हो, बिहार हो, झारखंड हो या मध्य प्रदेश। मैं कहकर जाता हूं कि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बना दीजिए। छत्तीसगढ़ से हम नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे। गृह मंत्री ने कहा जब तक नक्सलवाद है तब तक आदिवासी भाई-बहनों के लिए बिजली, स्कूल, राशन की दुकान देने में परेशानी हो रही है।

# कांग्रेस ने की तुष्टीकरण की राजनीति



लोरमी (छत्तीसगढ़)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट-बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर किसी का विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर जिले के लोरमी कस्बे में एक चुनावी रैली में नड्डा ने पिछले 10 वर्षों में भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि इस दौरान अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ, अनुच्छेद 370 की समाप्ति हुई और तीन तलाक को खत्म कर दिया गया। यह रैली बिलासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में आयोजित की गई थी।

# अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ प्रशासन पर जड़े गंभीर आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को तिहाड़ जेल के अधीक्षक को पत्र लिखकर दावा किया कि वह रोजाना इंसुलिन की मांग कर रहे हैं और एम्स के चिकित्सकों ने कभी नहीं कहा कि उनकी सेहत को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। केजरीवाल के इस पत्र से एक दिन पहले तिहाड़ प्रशासन ने एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने 20 अप्रैल को केजरीवाल की एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था की थी जिस दौरान ना तो केजरीवाल ने इंसुलिन का मुद्दा उठाया और ना ही डॉक्टरों ने ऐसी कोई सलाह दी। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में तिहाड़ जेल प्रशासन झूठ बोल रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के आरोपों पर तिहाड़ जेल के अधिकारियों से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने केजरीवाल के इस पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स के अपने हैंडल पर साझा किया है।

# संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा लगा रहे हैं मोदी

एजेंसी

चन्नापटना (कर्नाटक)। कांग्रेस प्रमुख एम. मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान 400 पार का नारा इसलिए लगा रहे हैं ताकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत मिल सके जो संविधान बदलने के लिए जरूरी है।

खरगे ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का छाप होने के प्रधानमंत्री के आरोप को लेकर उन पर प्रहार करते हुए कहा कि वह मोदी के साथ खुली बहस करने को राज़ी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए महत्वपूर्ण है। अगर आप इन मुद्दों पर वोट करेंगे तो वोट कांग्रेस को जाएगा। अगर आप कांग्रेस को वोट नहीं देंगे तो देश में कोई संविधान या लोकतंत्र नहीं रहेगा। यहां एक जनसभा को संबोधित



करते हुए उन्होंने कहा,ै मोदी दो-तिहाई बहुमत मांग रहे हैं। वह 400 पार कह रहे हैं, क्योंकि संविधान बदलने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है, दो-तिहाई बहुमत पाने के लिए मोदी 400 पार कह रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को संविधान बदलने वाले बयानों पर बोलने से क्यों नहीं रोक रहे हैं और उनके खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि वह भी चाहते हैं कि ऐसा हो, मोदी भी यह चाहते हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग के घोषणापत्र से करने के लिए मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा अगर हम कहते हैं कि हम युवाओं को रोजगार देंगे, तो क्या यह मुस्लिम लीग है? क्या नारी न्याय, किसानों के लिए एमएसपी को वैध बनाना -यह मुस्लिम लीग है? उनके मुंह में जो भी आता है, वह बोलते हैं। प्रधानमंत्री ने रविवार को राजस्थान में कहा था कि कांग्रेस जनगणना कराकर लोगों के पास जो संपत्ति है, उसे इकट्ठा करेगी और मुसलमानों को देगी।

# मोदी सरकार में महिलाओं ने सबसे ज्यादा बेचे सोने के गहने : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए सोमवार को दावा किया कि उनके कार्यकाल में भारत की महिलाओं को सबसे ज्यादा सोने के आभूषण बेचने और गिरवी रखने पड़े। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि मोदी सरकार के कई कदमों ने देश के बहुत सारे परिवारों को कर्ज के जाल में फंसा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को एक रैली में



कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमायी और संपत्ति घुसपैठियों तथा ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है।

## संक्षेप

### रेप पीड़िता को 30 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने किसी भी मामले में पूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी को प्रचंड बहुमत

एजेंसी

माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में 71 सीट पर जीत दर्ज करके प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। सोमवार को आए प्रारंभिक नतीजों से यह जानकारी मिली।

इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते रहे भारत और चीन की नजर रहती है। मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने रविवार को हुए चुनाव में 20वीं पीपुल्स मजलिस (संसद) में 93 में से 68 सीट जीतीं और इसके गठबंधन साझेदारों- मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) तथा मालदीव डेवलपमेंट एलायंस (एमडीए) ने क्रमशः एक और दो सीट जीती हैं जो कि संसद के दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। इसके साथ ही पीएनसी को संविधान में संशोधन की शक्ति मिल गई है। समाचार वेबसाइट मिहारू के अनुसार, भारत समर्थक नेता माने जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम सोलेह की अगुवाई वाली मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने पिछली संसद में 65 सीट जीती थीं लेकिन इस बार उसे केवल 15 सीट ही मिली हैं। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू (45) ने कहा है कि वह अपने देश में भारत का प्रभाव कम करना चाहते हैं।

स्थानीय मीडिया ने रविवार को हुए चुनाव में पीएनसी की बड़ी जीत को प्रचंड बहुमत बताया है। साल 2019 के चुनाव में तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी एमडीपी ने 64 सीट के साथ संसद में प्रचंड बहुमत हासिल किया था जबकि तत्कालीन विपक्षी दल पीपीएम-पीएनसी गठबंधन को महज आठ सीट मिली थीं। हिंद महासागर में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए आधिकारिक नतीजे इस सप्ताह तक आने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान की यात्रा पर ईरान के राष्ट्रपति रईसी

एजेंसी

इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी सोमवार को तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर पाकिस्तान पहुंचे। इब्राहिम रईसी की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दो महीने पहले दोनों पड़ोसी देशों ने एक दूसरे के इलाकों में कथित आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किये थे।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट में कहा, इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा आवास और निर्माण मंत्रालय के मंत्री



मियां रियाज हुसैन पीरजादा और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने उनकी अगवानी की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें विदेश मंत्री, कैबिनेट के अन्य सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

राष्ट्रपति रईसी का पाकिस्तान में एक व्यापक कार्यक्रम है। इस दौरान वह राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वह लाहौर और कराची जाकर वहां के प्रशासन से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान रेडियो के मुताबिक रईसी आज प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात करेंगे जहां दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी होगी। खबरों में बताया गया, प्रधानमंत्री आवास पहुंचने पर उन्हें सलामी गारद पेश किया जाएगा।

## इंटरटेनमेंट...

# रणवीर सिंह का डीपफेक वीडियो जारी

नयी दिल्ली। अभिनेता रणवीर सिंह के डीपफेक वीडियो का प्रसार करने वाले सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उनके प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह, सिंह का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ था जिसमें उन्हें अपना राजनीतिक विचार प्रकट करते देखा जा सकता था। मूल क्लिप एक साक्षात्कार का हिस्सा है जो उन्होंने फैशन शो के लिए वाराणसी में दिया था। ऐसा लगता है कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी का



इस्तेमाल कर मूल क्लिप में छेड़छाड़ की गई है। अभिनेता के प्रवक्ता के अनुसार, सिंह ने पुलिस में एक शिकायत दायर की थी और आगे की जांच के लिए साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्रवक्ता ने बयान में कहा हमने पुलिस में शिकायत दायर की और कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर तैयार किये गए रणवीर सिंह के डीपफेक वीडियो का प्रसार करने वाले हैंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वीडियो के वायरल होने के शीघ्र बाद, अभिनेता ने एक्स पर चेतावनी देते हुए पोस्ट किया था डीपफेक से बचो दोस्तों। एक अधिकारी ने बताया कि सिंह से पहले, एआई प्रौद्योगिकी से संपादित की गई अभिनेता आमिर खान की एक क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। खान के डीपफेक वीडियो के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की थी। उस वीडियो में खान को एक राजनीतिक दल का कथित तौर पर प्रचार करते देखा जा सकता था।

# फिल्म निर्देशक जोशी के घर में चोरी आरोपी की पत्नी पंचायत अध्यक्ष

कोच्चि। मलयालम फिल्म निर्देशक जोशी के आवास पर चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी बिहार में एक जिला पंचायत अध्यक्ष का पति है। केरल पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल पुलिस आरोपी मोहम्मद इरफान (37) को कोच्चि लेकर आई, जिसे कर्नाटक पुलिस की मदद से उडुपी जिले से पकड़ा गया था। इरफान बिहार का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि इरफान की गिरफ्तारी को दर्ज कर लिया गया है और उसे अदालत के सामने पेश किया जाएगा। कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त श्यामसुंदर ने बताया कि आरोपी को मुख्य रूप से सीसीटीवी फुटेज और उस कार के आधार पर पकड़ा गया, जिसका इस्तेमाल उसने अपराध स्थल से भागने के लिए किया था। श्यामसुंदर ने कहा सीसीटीवी फुटेज देखते समय हमें एक संदिग्ध होंडा एकॉर्ड कार मिली और हमने उसके रूट का पीछा किया। हमने पाया कि कार ने कासरगोड को पार किया। हमने कर्नाटक के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया जिन्होंने आरोपी को पकड़ने में हमारी मदद की। उन्होंने बताया कि कार पर सीतामढ़ी जिला पंचायत अध्यक्ष नाम लिखा है। आयुक्त ने कहा आरोपी की पत्नी सीतामढ़ी जिला पंचायत अध्यक्ष है। कुछ समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी का इरादा रॉबिनहुड की तरह पैसे और गहने चुराकर उससे गरीबों की मदद करना था।

# सलमान के घर गोलीबारी का मामला तापी नदी में तलाशी जा रही पिस्तौल



सूरत। मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर कथित गोलीबारी में इस्तेमाल पिस्तौल को बरामद करने के लिए गुजरात के सूरत शहर में तापी नदी में सोमवार को तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर मुंबई से सड़क के रास्ते सूरत पहुंचने के बाद ट्रेन से भुज की ओर जाने के दौरान पिस्तौल को एक रेलवे पुल से तापी नदी में फेंक दिया था। दोनों ने मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित 58 वर्षीय खान के घर के बाहर कथित तौर पर 14 अप्रैल को गोलीबारी की थी और फिर मोटरसाइकिल से मौके से भाग गए थे। तकनीकी निगरानी के आधार पर मुंबई और कच्छ पुलिस की संयुक्त टीम ने गुजरात के भुज शहर के पास एक मंदिर परिसर से उन्हें 16 अप्रैल को पकड़ लिया था।

# बेटे का नाम को लेकर ट्रोल हो रहे चिन्मय

पुणे। बेटे का नाम जहांगीर होने से निशाने पर आए प्रख्यात मराठी अभिनेता चिन्मय मांडलेकर ने घोषणा की कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका नहीं निभाएंगे क्योंकि उनके परिवार को सोशल मीडिया पर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। मांडलेकर ने कहा कि उनका बेटा 11 साल का है लेकिन उसके नाम को लेकर अब उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। अभिनेता और उनकी पत्नी नेहा ने दावा किया कि उनके बेटे के नाम को लेकर उन्हें मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है।

मांडलेकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा मेरी पत्नी नेहा ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से हमारे बेटे के नाम पर हमारे परिवार की आलोचना के बारे में बात की थी। नाम पर विचार स्पष्ट करने के बाद भी



ट्रोलिंग और टिप्पणियां कम नहीं हुईं। वास्तव में, खराब टिप्पणियां बढ़ गई हैं। अभिनेता ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में वह अपने काम को लेकर आलोचना के लिए तैयार हैं लेकिन आलोचना करने वालों को उनके निजी जीवन पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। मांडलेकर ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कई बार स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपने बेटे का नाम जहांगीर क्यों रखा। चौथे मुगल बादशाह जहांगीर ने सन 1605 से 1627 तक शासन किया था। मांडेलकर ने कहा आलोचना करने वालों का कहना है कि मैंने कई फिल्मों में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है और तब भी मेरे बेटे का नाम जहांगीर है। मेरे बेटे का जन्म 2013 में हुआ था और आज वह 11 साल का है लेकिन अब मुझे ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मराठा शासक की भूमिका निभाने के लिए उनकी काफी सराहना की गई। उन्होंने कहा, लेकिन उस भूमिका के कारण, अगर मेरे परिवार को परेशान किया जा रहा है, तो मैं यहां बड़ी विनम्रता के साथ घोषणा करता हूं कि मैं वह किरदार नहीं निभाऊंगा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com